राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, रविवार, 21 जून 2026

वर्ष 07, अंक 254, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

गोरखपुरः मां की गोद से गायब हुई 9 महीने की नन्हीं को मामा ने रौंद डाला, पुलिस ने तुरंत पकड़ा आरोपी...05

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तुवन सरकार के दरबार में माथा टेका....10

# 'ना रसीद, ना रिकॉर्ड...' रामलला को भेंट हार और चरण पादुका पर उठे सवाल

**● अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावा चोरी मामले में एसआईटी गहन जांच कर रही है. हर दिन नए चौंकाने वाले राज सामने आ रहे हैं, जिसमें नकद और चांदी के हार-चरण पादुका की हेराफेरी शामिल है**

**ट्रस्टी, बैंककर्मी और आउटसोर्स स्टाफ रडार पर हैं. शक्तिशाली लोगों के प्रभाव में अनियमितताओं को छुपाया गया. एसआईटी सात दिनों में सीएम योगी को प्रारंभिक रिपोर्ट सौंपेगी, जिससे कई और खुलासे होने की उम्मीद है**

अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावा कथित चोरी मामले में प्रत्येक दिन नए राज सामने आ रहे हैं. चौंकाने वाली जानकारियां सामने आ रही हैं, जिसका टेंशन देने वाला एक्सटेंशन हो रहा है. हर विस्तार में आस्था से खिलवाड़ की नई कहानी है. एसआईटी पिछले 6 दिनों से जांच कर रही है. कई लोग रडार पर हैं. कई नाम भी सामने आ चुके हैं, जिन पर लगे आरोपों की हर एंगल से जांच हो रही है।

राम मंदिर चढावा चोरी में नई मिस्ट्री रामलला को समर्पित हार और चरण पादुका से जुड़ी है. दावा किया जा रहा है, जो हार और चरण पादुका भेंट किए गए थे उसकी ना तो रसीद है और ना कोई जानकारी है. सवाल यही है राम मंदिर से जुड़ी हेराफेरी में अभी और कितनी कहानियां हैं और कितने किरदार हैं? सात दिन के अंदर एसआईटी को अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट सौंपनी है। अबतक एसआईटी ट्रस्ट के कई पदाधिकारियों से पूछताछ कर चुकी है. डोनेशन काउंटिंग से जुड़े कर्मचारियों और बैंक कर्मचारियों से भी सवाल जवाब कर चुकी है.

**चांदी के हार-चरणपादुका की मिस्ट्री**

अबतक आपने राम मंदिर में चढ़ाए गए कैश के गबन के बारे में सुना होगा लेकिन अयोध्या के महंत विनोद मिश्रा ने जो सनसनीखेज दावा किया है। वो चौंकाने वाला है. उनका कहना है हार और चरण पादुका की रसीद भी नहीं मिली है. उन्होंने ये भी दावा किया है कि चांदी का हार और चरण पादुका मंदिर में पुजारियों को दिए थे।

विनोद मिश्रा का दावा इसके बदले में उन्हें कोई रसीद नहीं मिली. ये भी कहा है कि टिन्नू से कई महीनों तक रसीद और फोटो मांगी लेकिन उन्हें नहीं दिया गया। टिन्नू यादव महीनों तक टालता रहा और बाद में बताया कि हार और चरण पादुका को बेंगलुरु में गला दिया गया है. आपको बता दें दावे के अनुसार 30 अक्टूबर 2025 को रामलला को लगभग सवा किलो चांदी का हार और करीब 300 ग्राम वजन की चांदी की चरण पादुका समर्पित की गई थी।

**एसआईटी जांच में नए खुलासे और संदिग्धों की पड़ताल**

दूसरी ओर, आज छठे दिन भी एसआईटी की जांच जारी है.स्टेट बैंक के 6 कर्मचारियों से पूछताछ की गई है. आउटसोर्स के भी 12 स्टाफ से सवाल जवाब किए गए हैं.ट्रस्ट के और तीन सदस्यों से भी आज पूछताछ हुई।

बताया जा रहा है आज ही एसआईटी की टीम लखनऊ पहुंच सकती है. सीएम योगी से मिल सकती है. सीएम को प्रारंभिक रिपोर्ट सौंप सकती है. इस बीच एसआईटी की जांच में कई ऐसी जानकारियां सामने आ रही हैं, जिनसे आप समझ सकते हैं कैसे कई महीनों से चढ़ावे में हेराफेरी की जा रही थी।

## एसआईटी जांच में कौन-कौन रडार पर?



ये बताया जा रहा है कि बैंक ने गिनती के लिए निजी एजेंसी को हायर किया था. निजी एजेंसी आउटसोर्सिंग से कर्मचारी भर्ती करती थी. बड़ी बात ये है कि काउंटिंग में ट्रस्टी के रिश्तेदार- परिचित भी रखे गए थे।

**बैंक कर्मियों और ट्रस्ट की भूमिका पर सवाल**

इससे भी चौंकाने वाला दावा ये है कि प्रभावशाली लोगों की सिफारिश पर कई नियुक्तियां हुई थीं. कहा जा रहा है प्रभावशाली लोगों की वजह से बैंक अधिकारी भी परेशान थे. कई लोगों के दबदबे की वजह से सख्ती से नियम लागू नहीं हो पा रहे थे. इसका अंजाम ये हुआ कि बैंककर्मी अनियमितता की जानकारी पर भी चुप रहे. गिनती में रकम में अंतर आने पर भी बैंक अफसर चुप रहे।

अफसरों की चुप्पी का कुछ बैंककर्मियों ने फायदा उठाया. कुछ बैंक कर्मचारियों के सीधे गड़बड़ी में होने की आशंका है. इसकी जांच हो रही है. अबतक की जांच में एक अफसर समेत तीन से चार लोगों की भूमिका संदिग्ध है. ट्रस्ट के अधिकारी का घर किराए पर लेने वाले अफसर भी रडार पर हैं. अफसर की भूमिका के सबूत भी मिले हैं जिसकी पड़ताल जारी है।

बताया जा रहा है सीसीटीवी की फॉरेंसिक जांच भी हो सकती है। सूत्रों का कहना है कि कैश गिनने का काम निजी एजेंसी के पास था. निजी एजेंसी ने आउटसोर्सिंग से लोगों को नौकरी पर रखा गया था। गणना प्रक्रिया में शामिल लोगों की नियुक्ती पैरवी पर हुई था. संभव है कि कुछ कर्मचारी गड़बड़ी में शामिल हैं. मंदिर परिसर में 800 कर्मचारी तैनात हैं. 800 में से 200 कर्मचारी ट्रस्ट से नियुक्त हैं. स्ढ्ढञ्ज कर्मचारियों की भूमिका का पता लगा रही है. लंबे समय से सैनात सुरक्षाकर्मी भी रडार पर हैं।

# भरत तिवारी एनकाउंटर पर घिरी सम्राट सरकार, दिया ज्यूडिशियल इंक्वायरी का आदेश

**● हाई कोर्ट के रिटायर्ड जज करेंगे जांच**

**● बिहार सरकार ने भोजपुर में युवक भरत तिवारी की कथित पुलिस मुठभेड़ में मौत की न्यायिक जांच का आदेश दिया है. इस घटना ने व्यापक राजनीतिक विवाद खड़ा कर दिया था. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने घोषणा की कि पटना हाईकोर्ट के एक सेवानिवृत्त जज मामले की निष्पक्ष जांच करेंगे**

बिहार सरकार ने शनिवार को भोजपुर जिले में कथित पुलिस एनकाउंटर में एक युवक की मौत की न्यायिक जांच का आदेश दिया. इस घटना से राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया था. यह कदम न केवल विपक्षी पार्टियों, बल्कि मंत्रियों, विधायकों और बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं की आलोचना के बाद आया है, जिन्होंने 17 जून को एक पुलिस ऑपरेशन के दौरान भारत भूषण तिवारी की मौत के हालात की आलोचना की थी मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने एक्स को इस फैसले की घोषणा की. उन्होंने कहा, 'भोजपुर जिले के शाहपुर पुलिस स्टेशन की सीमा के तहत बिलौटी गांव में हुए पुलिस एनकाउंटर की जांच पटना हाई कोर्ट के एक रिटायर्ड जज से कराने का फैसला किया गया है।

'चौधरी ने कहा कि न्यायिक कमीशन बनाने का मकसद घटना के सभी पहलुओं की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करना है. यह घोषणा राज्यसभा सांसद ऋतुराज सिन्हा और मंत्री विजय कुमार सिन्हा सहित बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं द्वारा शामिल पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग के कुछ ही घंटों के अंदर हुई।



**सीएम ने दिया न्यायिक जांच का आदेश**

भाजपा प्रवक्ता नीरज कुमार ने मुख्यमंत्री के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि सीएम सम्राट चौधरी की पारदर्शी एवं न्यायोचित कार्यशैली का स्वागत करते हैं. हाई कोर्ट के सेवानिवृत जज के नेतृत्व नेतृत्व में भरत तिवारी एनकाउंटर की जांच करवाना यह दर्शाता है कि एनडीए की सरकार कानून व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही तय करने के प्रति प्रतिबद्ध है. हम अपराधियों को बख्शते नहीं और निर्दोष अधिकारों की रक्षा भी करते हैं उन्होंने कहा कि न्यायिक जांच से स्पष्ट हो जाएगा अगर पुलिस वाले दोषी है तो उन पर भी वैसे ही कार्रवाई होगी जैसे किसी अपराधी पर होती है। इससे पहले, शाहाबाद रेंज के डीआईजी सत्य प्रकाश ने ड्यूटी में लापरवाही और स्थिति को ठीक से न संभालने के आरोप में शाहपुर पुलिस स्टेशन एसएचओ सहित चार पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया था।

**एनकाउंटर पर उठे सवाल, सरकार की आलोचना**

इस बीच, पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने इस मामले में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से दखल देने की मांग की. एक बयान में, चौबे ने आरोप लगाया कि तिवारी को एक फर्जी एनकाउंटर में मारा गया और दावा किया कि युवक का कोई क्रिमिनल रिकॉर्ड नहीं था।

अश्विनी ने कहा, 'हथियार और खुद सरेंडर करने के बाद भी उसका एनकाउंटर पूरी तरह से गलत और अमानवीय है. कार्रवाई हमेशा कानूनी दायरे में ही होनी चाहिए. इस मामले में दोषियों को मौत की सजा मिलनी चाहिए। '

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ऐसे फेक एनकाउंटर की घटनाओं से लोगों का कानून-व्यवस्था के साथ-साथ पुलिस पर से भी भरोसा उठता है. उन्होंने भरत के परिवार के लिए सही मुआवजा भी मांगा. आरा सीट से भाकपा माले के सांसद सुदामा प्रसाद, अपनी पार्टी के नेताओं के एक ग्रुप के साथ बिलौटी गांव में भरत के घर गए और उसके परिवार से मिले।

भाकपा माले के सांसद ने कहा कि बिहार में एनकाउंटर राज चल रहा है और हाल ही में ऐसी कई शक वाली घटनाएं सामने आई हैं. भरत बाढ़ में बेघर हुए पड़ोसी जवैनिया गांव के लोगों के पुनर्वास का मुद्दा रेगुलर तौर पर उठा रहे थे. सुदामा ने कहा, राज्य सरकार को बेघर हुए लोगों को स्पेशल पैकेज देना चाहिए और उनका पूरा पुनर्वास पक्का करना चाहिऐ।

## संक्षिप्त ख़बरें

### खुली पड़ी पुलिया में जा गिरी कार



**कोंच(जालौन)**- सड़क निर्माण के बाद अधूरी पड़ी पुलिया राहगीरों के लिए खतरा बन रही हैं। शुक्रवार रात कोंच-नदीगांव मार्ग पर सामने से आ रहे वाहन की तेज रोशनी के कारण निर्माणाधीन पुलिया का गड्ढा नहीं दिखा और एक कार उसमें जा गिरी। गनीमत रही कि हादसे में कार सवार लोग सुरक्षित बच गए, जबकि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। लहार से एट जा रहे कार सवार लोग शुक्रवार की रात नदीगांव मार्ग से गुजर रहे थे। ग्राम सदूपुरा और खेराई के बीच निर्माणाधीन पुलिया के पास सामने से आ रहे वाहन की तेज लाइट चालक की आंखों पर पड़ गई। इससे चालक को पुलिया का गड्ढा दिखाई नहीं दिया और कार अनियंत्रित होकर सीधे निर्माणाधीन पुलिया में जा गिरी। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ लग गई। सूचना मिलने पर नदीगांव थानाध्यक्ष शशिकांत चौहान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और कार सवारों को सुरक्षित बाहर निकलवाया। हादसे में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। बताया गया कि कार में दो लोग सवार थे। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि निर्माणाधीन पुलिया के पास पर्याप्त संकेतक नहीं लगाए गए हैं, जिससे रात के समय वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। लोगों ने संबंधित विभाग से जल्द सुरक्षा इंतजाम कराने की मांग की है।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जन सेवा केन्द्रों में होगा सामूहिक योगाभ्यास

सुल्तानपुर। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के अवसर पर CSC e-Governance Services India Limited (CSC-SPV), उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश के सभी जन सेवा केन्द्रों पर योग जागरूकता एवं सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस अभियान में सुल्तानपुर जनपद के चिन्हित वीएलई सहित अन्य जन सेवा केन्द्र संचालक भी सक्रिय रूप से भाग लेंगे। कार्यक्रम के तहत प्रातः 7 बजे से जन सेवा केन्द्रों पर माननीय प्रधानमंत्री जी के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि, शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि एवं गणमान्य अतिथि प्रधानमंत्री के उद्बोधन का सामूहिक रूप से अवलोकन कर सकेंगे। सीधा प्रसारण के बाद भारत सरकार द्वारा निर्धारित कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार सामूहिक योगाभ्यास कराया जाएगा।

# मुजफ्फरनगरः अपराध करने वाले में डर होना चाहिए... राजेंद्र सैनी हत्याकांड में दो दोषियों को फांसी की सजा

**● मुजफ्फरनगर कोर्ट ने 8 साल पुराने राजेंद्र सैनी हत्याकांड में बड़ा फैसला सुनाया है. दो दोषियों, गजेंद्र और राम किरण को मृत्युदंड की सजा दी गई है**

**● अवैध संबंधों के शक में राजेंद्र की हत्या कर शव जला दिया गया था. न्यायाधीश ने कहा, 'अपराध करने वाले को डर होना चाहिए. ' ये फैसला पीड़ित परिवार के लिए बड़ी न्यायिक राहत है**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर की अदालत ने आठ साल पुराने चर्चित राजेंद्र सैनी हत्याकांड में आज बड़ा फैसला सुनाते हुए दो दोषियों को मृत्युदंड की सजा सुनाई है. अदालत ने इस हत्याकांड में कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा है कि अपराध करने वाले व्यक्ति को डर होना चाहिए। ये मामला साल 2018 का है, जहां मीरापुर थाना क्षेत्र के खेड़ी गांव के जंगल में एक युवक का जला हुआ शव बरामद हुआ था. इसके बाद में उसकी पहचान ककरौली निवासी 26 साल के राजेंद्र सैनी के रूप में हुई. पुलिस जांच में ये सामने आया कि अवैध संबंधों के शक में राजेंद्र की हत्या की गई थी।

जानकारी के मुताबिक, आरोपी चार जून 2018 को राजेंद्र सैनी नाम के एक युवक को बाइक पर बैठाकर अपने साथ ले गए थे. इसके बाद राजेन्द्र को पहले शराब पिलाई और फिर गला दबाकर उसकी हत्या कर दी गई थी. इस वारदात को छिपाने के लिए अभियुक्तों ने राजेन्द्र के शव को जंगल में ले जाकर जला दिया था।

**'अपराध करने वाले व्यक्ति को डर होना चाहिए'**

उस दौरान जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में वीरसैन, गजेंद्र उर्फ गीलू और राम किरण उर्फ सावन के खिलाफ न्यायालय में चार्जशीट दाखिल की थी. ट्रायल के दौरान मुख्य आरोपी वीरसैन की जहां मृत्यु हो गई थी तो वहीं दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा न्यायालय में जारी रहा था। अपर जिला सत्र न्यायाधीश एवं तुरंत न्यायालय कोर्ट संख्या-03 के पीठासीन अधिकारी रवि कुमार दिवाकर ने इस मामले में शनिवार को गजेंद्र उर्फ गीलू और राम किरण उर्फ सावन को दोषी करार दिया और मृत्युदंड तथा एक-एक लाख रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई।

फैसला सुनाते हुए न्यायाधीश ने इस मामले में तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा, 'अपराध करने वाले व्यक्ति को डर होना चाहिए.' इस पूरे मामले की जानकारी देते हुए सरकारी अधिवक्ता कुलदीप सिंह ने बताया कि बरहाल आठ साल तक कोर्ट में चले इस चर्चित मुकदमें को पीड़ित परिवार के लिए एक बड़ी न्यायिक राहत माना जा रहा है।

# भ्रष्टाचार पर पुलिस का शिकंजा, अवैध वसूली करने वाला वरिष्ठ सहायक गिरफ्तार

**● 99 हजार 800 रुपये नकद और स्टॉक रजिस्टर बरामद, उर्वरक विक्रेताओं से वसूली का आरोप**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बलरामपुर।** जनपद में उर्वरक विक्रेताओं से कथित अवैध धन उगाही के मामले में बलरामपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जिला कृषि कार्यालय में तैनात एक वरिष्ठ सहायक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 99 हजार 800 रुपये नकद तथा एक स्टॉक रजिस्टर भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, जिला कृषि अधिकारी अमित कुमार द्वारा थाना कोतवाली देहात में दी गई तहरीर में आरोप लगाया गया कि जिला कृषि कार्यालय में कार्यरत वरिष्ठ सहायक राघवेन्द्र पटेल उर्वरक प्रतिष्ठानों को वितरित किए जाने वाले स्टॉक एवं वितरण रजिस्टरों को प्रमाणित कराने के नाम पर व्यापारियों से अवैध धन उगाही कर रहे थे।

शिकायत के बाद विभागीय स्तर पर की गई जांच में संबंधित अभिलेख एवं स्टॉक रजिस्टर उपलब्ध नहीं पाए गए। आरोप है कि आरोपी कर्मचारी ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अनुचित लाभ प्राप्त किया और अभिलेखों को छिपाने का प्रयास किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना कोतवाली देहात में मुकदमा संख्या 257/26 के तहत धारा 316(5) बीएनएस एवं भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय एवं क्षेत्राधिकारी नगर ज्योतिश्री के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक गिरजेश तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए शनिवार को आरोपी राघवेन्द्र पटेल को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्वीकार किया कि वह जिला कृषि अधिकारी कार्यालय में उर्वरक शाखा का कार्य देखता था तथा उर्वरक विक्रेताओं के स्टॉक एवं बिक्री रजिस्टरों के सत्यापन और वितरण का कार्य उसके जिम्मे था। आरोपी ने बताया कि कार्य शीघ्र कराने के एवज में वह विभिन्न उर्वरक विक्रेताओं से दो हजार से पांच हजार रुपये तक लेता था।



पुलिस के मुताबिक आरोपी ने अपनी नियुक्ति अवधि में करीब 65 उर्वरक विक्रेताओं को स्टॉक एवं बिक्री रजिस्टर वितरित किए थे, जिसका विवरण कार्यालयीय स्टॉक रजिस्टर में अंकित है। गिरफ्तार आरोपी राघवेन्द्र पटेल मूल रूप से महराजगंज जनपद के भिटौली थाना क्षेत्र के मुड़िला तिवारी गांव का निवासी है और वर्तमान में जिला कृषि कार्यालय, विकास भवन बलरामपुर में कार्यरत था। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय भेज दिया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक श्रवण चन्द सिंह एवं हेड कांस्टेबल धर्मेन्द्र कुमार शामिल रहे।

### टावर पर चढ़ने वाली लड़की के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**बस्ती।** बस्ती जिले में आजकल महिलाएं टावर पर चढ़ने की घटना आम हो गई है जबकि महिलाओं के खिलाफ पुलिस गंभीर धाराओं में मुकदमा भी दर्ज कर रही है लेकिन अपने प्यार को पाने के लिए महिला सिंगारी राजभर पत्नी हरी प्रसाद राजभर साकिन ग्राम बन्तला उम्र करीब 20 वर्ष थाना वाल्टरगंज जनपद बस्ती, जो अपने भाभी के भाई सिकन्दर से जो खजुरिया सिद्धार्थनगर का रहने वाला है, के साथ शादी करना चाह रही थी। जिसमें लड़के के घर वाले शादी से मना कर रहे थे। इसी बात को लेकर आज सिंगारी उपरोक्त वाल्टरगंज कस्बे में स्थित मोबाइल टावर पर चढ़ गयी । इसके इस कृत्य से आस पास की जनता एवं आने जाने वाले लोगों में असहज की स्थिति उत्पन्न हुई तथा काफी भीड़ एकत्रित होने के कारण कानून व्यवस्था की स्थिति असामान्य हो गयी। मौके पर थाना वॉल्टरगंज पुलिस बल द्वारा स्थिति को नियंत्रित करते हुए उक्त लड़की सिंगारी को टावर से सकुशल उतार लिया गया है। थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 141/26 धारा 270,292 बीएनएस बनाम सिंगारी उपरोक्त (टावर पर चढ़ने वाली लड़की) के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# नवाबगंज टोल प्लाजा के पास प्लाटिंग को लेकर उठे सवाल, चिरैया नाले की भूमि से छेड़छाड़ के आरोप

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**उन्नाव।** नवाबगंज टोल प्लाजा के समीप हरचंदपुर-परसंदन मार्ग पर विकसित की जा रही एक प्लाटिंग परियोजना को लेकर क्षेत्र में विवाद गहराता जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि प्लाटिंग के विस्तार के लिए चिरैया नाले की भूमि में अवैध रूप से खुदाई कर उसे परियोजना क्षेत्र में शामिल किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार नाले के प्राकृतिक स्वरूप में बदलाव किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र की जल निकासी व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। उनका कहना है कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई तो बरसात के दौरान आसपास के गांवों और कृषि भूमि में जलभराव, कटान तथा अन्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

क्षेत्रवासियों का आरोप है कि मामले की जानकारी संबंधित विभागों को होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। लोगों ने विशेष रूप से सिंचाई विभाग और अन्य जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।




ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, राजस्व विभाग और सिंचाई विभाग से हस्तक्षेप कर नाले की भूमि पर कथित अतिक्रमण एवं अवैध खुदाई की जांच कराने की मांग की है। साथ ही दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए नाले की मूल स्थिति बहाल करने की भी अपील की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे इस मुद्दे को लेकर उच्च अधिकारियों से शिकायत करने के साथ जनआंदोलन का रास्ता भी अपना सकते हैं। फिलहाल संबंधित विभागों की ओर से इस मामले में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

# लड़ाई के दौरान 'मारो साले को' कहना हत्या का इरादा नहीं, 22 साल पुराने केस में दिल्ली HC का बड़ा फैसला

**● हाई कोर्ट ने 22 साल पुराने हत्या मामले में फैसला सुनाया।**

**● 'मारो साले को' कहने से हत्या का इरादा नहीं माना।**

**● दोषी मुकेश कुमार को संदेह का लाभ देकर बरी किया।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बस के अंदर झगड़े के दौरान एक व्यक्ति के हत्या से जुड़े 22 साल पुराने मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि लड़ाई के दौरान सिर्फ ''मारो साले को'' कहने से जान से मारने का इरादा साबित नहीं होता है। दोषी ठहराए गए व्यक्ति को बरी करते हुए अदालत ने का कि महज इस वाक्यांश से हत्या करने के साझा इरादे को साबित नहीं किया जा सकता।

अपीलकर्ता मुकेश कुमार की याचिका को स्वीकार करते हुए न्यायमूर्ति नवीन चावला व न्यायमूर्ति रविंदर डुडेजा की पीठ संदेह का लाभ देते हुए कहा कि 'मारो' शब्द का मतलब पीटना हो सकता है, न कि जान से




मारना। पीठ ने यह भी कहा कि इससे हत्या का इरादा झलकने के बजाय चोट पहुंचाने का इरादा भी हो सकता है।' यह पूरा मामला एक दिसंबर 1983 को रूट नंबर 431 पर चल रही दिल्ली ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन (डीटीसी) की बस में हुई एक घटना से जुड़ा है। अभियोजन पक्ष के अनुसार कुछ युवकों के एक समूह ने दो महिला यात्रियों के साथ बदसलूकी की। इसका एक विनोद कुमार और उनके दोस्तों ने इसका विरोध किया, तो बस के अंदर झगड़ा हो गया। झगड़े के बीच विनोद को सह-आरोपित बलविंदर सिंह ने चाकू मार दिया और बाद में चोटों के कारण उसकी मौत हो गई।

**दूसरों को उकसाने का लगाया था आरोप**

अभियोजन पक्ष का आरोप था कि बस के पिछले हिस्से में खड़े सह-आरोपित मुकेश कुमार ने मारो साले को चिल्लाकर दूसरों को उकसाया था। पुलिस ने मुकेश कुमार समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर आरोपपत्र दाखिल किया था। अगस्त 2004 में एक ट्रायल कोर्ट ने मुकेश और दो अन्य लोगों को हत्या सहित अन्य धाराओं के तहत दोषी ठहराया। मुकेश को उम्रकैद की सजा सुनाई गई और मुकेश ने इसे हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। मुकेश को राहत देते हुए अदालत ने कहा कि अपीलकर्ता ऐसा कोई साक्ष्य नहीं पेश किया गया, जिससे पता चले कि मुकेश को पता था कि अन्य आरोपितों के पास चाकू हैं या उसने उनके साथ कोई पहले से योजना बनाई थी।

## संक्षिप्त खबरें

### बाजारशुक्ल पुलिस द्वारा मारपीट के अभियोग में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार

**कब्जे से मारपीट की घटना में प्रयुक्त 01 अदद डंडा बरामद**



**शुकुल बाजार अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध व अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना बाजारशुक्ल पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर विभिन्न धाराओं में वांछित अभियुक्त गुलफाम पुत्र कैमे उर्फ कय्यूम निवासी गुजरन मजरे खेममऊ थाना बाजारशुक्ल जनपद अमेठी उम्र करीब 20 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। कब्जे से मारपीट में प्रयुक्त 01 अदद डंडा बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना बाजारशुक्ल पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### मोहर्रम से पहले बलरामपुर में पुलिस का फ्लैग मार्चःकर्बला स्थलों और ताजिया मार्गों का लिया जायजा

**एसपी के निर्देश पर सुरक्षा व्यवस्था हुई कड़ी**



**बलरामपुर** पुलिस ने आगामी मोहर्रम पर्व के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी नगर ज्योति श्री, थाना प्रभारी कोतवाली नगर और थाना प्रभारी कोतवाली देहात की संयुक्त टीम ने संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल गश्त की।यह पैदल गश्त 19 जून की देर शाम को की गई। टीम ने नवीन कर्बला स्थल नहरबालागंज, बलुआ, गर्ल्स इंटर कॉलेज मार्ग और वीर विनय चौराहा सहित नगर क्षेत्र के विभिन्न प्रमुख स्थानों का भ्रमण किया। इस दौरान सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था की स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया गया। पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों और गणमान्य व्यक्तियों से संवाद स्थापित किया। उन्होंने सभी से शांति, सौहार्द और आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की। साथ ही, किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए जागरूक किया गया। गश्त के दौरान संबंधित स्थलों पर सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए।

### छह माह से ट्रांसफार्मर गायब, अंधेरे में जीने को मजबूर ग्रामीण




**नवाबगंज, उन्नाव।** विकासखंड नवाबगंज की ग्राम सभा कुसुम्भी के लोधौरा मोहल्ले में करीब छह माह पूर्व चोरों द्वारा 250 केवीए का विद्युत ट्रांसफार्मर चोरी कर लिया गया था। हैरानी की बात यह है कि घटना के इतने लंबे समय बाद भी नया ट्रांसफार्मर स्थापित नहीं किया गया है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि ट्रांसफार्मर चोरी होने के बाद से ही क्षेत्र की बिजली व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित है। समस्या के समाधान के लिए उन्होंने कई बार विद्युत विभाग के अधिकारियों से मौखिक एवं लिखित शिकायतें कीं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मनोज पांडे ने भी 19 मई 2026 को मोहान विधानसभा क्षेत्र के विधायक बृजेश कुमार रावत के लेटर पैड पर अधीक्षण अभियंता, उन्नाव को पत्र भेजकर जल्द नया ट्रांसफार्मर लगाए जाने की मांग की थी। इसके बावजूद लगभग एक माह बीत जाने के बाद भी विभाग की ओर से कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई। बिजली आपूर्ति ठप रहने से ग्रामीणों को पेयजल व्यवस्था, खेती-किसानी, घरेलू कार्यों तथा भीषण गर्मी के बीच दैनिक जीवन की आवश्यकताओं को पूरा करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से तत्काल नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर बिजली व्यवस्था बहाल कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। वहीं विभागीय उदासीनता को लेकर लोगों में लगातार नाराजगी बढ़ती जा रही है।

## रात्रि चौपाल में ग्रामीणों ने रखीं समस्याएं, अधिकारियों ने योजनाओं की दी जानकारी

- ग्राम पंचायत मरहा में आयोजित रात्रि चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागितापेयजल, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि एवं अन्य समस्याओं पर हुई चर्चा
- सरकारी योजनाओं का लाभ लेने और विकास कार्यों में सहभागिता का आह्वान

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**


**बस्ती।** बस्ती जिले के विकास खंड बस्ती सदर की ग्राम पंचायत मरहा में शुक्रवार को रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता कर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा अपनी समस्याओं एवं सुझावों को अधिकारियों के समक्ष रखा। रात्रि चौपाल का मुख्य उद्देश्य गांवों में व्याप्त मूलभूत समस्याओं जैसे पेयजल, विद्युत व्यवस्था, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, सुरक्षा एवं अन्य जनहित से जुड़े मुद्दों की जानकारी प्राप्त कर उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना था। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं एवं सुझावों को खुलकर अधिकारियों के समक्ष रखा, जिनके निराकरण के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अधिकारियों ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। समाज कल्याण, पंचायत राज, ग्रामीण विकास, स्वच्छता, आवास, पेंशन, मनरेगा, शिक्षा तथा अन्य विभागों की योजनाओं के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक किया गया। अधिकारियों ने पात्र लाभार्थियों से योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया। चौपाल के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकास कार्यों की समीक्षा भी की गई। अधिकारियों ने गांव में चल रहे कार्यों की प्रगति का जायजा लेते हुए अधूरे कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र एवं सतत विकास सुनिश्चित करना है तथा प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्रशासन की



जिम्मेदारी है। रात्रि चौपाल के दौरान ग्राम पंचायत मरहा का पंचायत सचिवालय, प्राथमिक विद्यालय तथा गांव में कराए गए रंग-रोगन एवं सौंदर्यीकरण कार्य विशेष आकर्षण का केंद्र बने रहे। पंचायत सचिवालय में विकसित जनोपयोगी सुविधाओं, स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित परिसर, आकर्षक दीवार लेखन तथा आधुनिक व्यवस्थाओं की अधिकारियों एवं ग्रामीणों ने सराहना की। वहीं प्राथमिक विद्यालय का स्वच्छ, रंगीन और प्रेरणादायी वातावरण भी लोगों के बीच चर्चा का विषय रहा। ग्रामीणों ने रात्रि चौपाल जैसी पहल को शासन और जनता के बीच संवाद का प्रभावी माध्यम बताते हुए इसकी सराहना की। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों ने ग्रामीणों से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने तथा गांव के विकास कार्यों में सक्रिय सहभागिता करने का आह्वान किया। रात्रि चौपाल में प्रमुख रूप से ब्लॉक प्रमुख बस्ती सदर राकेश कुमार श्रीवास्तव, जिला पंचायत राज अधिकारी घनश्याम सागर, जिला समाज कल्याण अधिकारी लालजी यादव, जिला विकास अधिकारी, खंड विकास अधिकारी बस्ती सदर शिवमणि, ग्राम प्रधान लालता प्रसाद यादव, प्रधान प्रतिनिधि अखिल कुमार यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव ने किया जबकि नोडल प्रभारी के तौर पर डीपीआरओ बस्ती घनश्याम सागर अखिलेश कुमार शुक्ला ग्राम सचिव उपस्थित रहे।

## कुत्ते का शिकार करने के बाद गन्ने के खेत में दिखा तेंदुआ, ग्रामीणों में दहशत

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**ललिया/बलरामपुर।** बलरामपुर में थाना ललिया क्षेत्र के परसहवा गांव के पास तेंदुए द्वारा एक कुत्ते का शिकार किए जाने के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। शुक्रवार रात कुत्ते का शिकार करने की सूचना के बाद शनिवार को तेंदुआ गन्ने के खेत में दिखाई दिया जिससे किसान और ग्रामीण भयभीत हैं। तेंदुए की मौजूदगी के कारण किसान खेतों की रखवाली और कृषि कार्य करने में डर महसूस कर रहे हैं, जबकि बेसहारा पशु फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। ग्रामीण स्वामीनारायण, भगवान प्रसाद, श्याम कुमार, सहज राम, सुनील कुमार, विक्रम, लालाराम, सुमन, संतोष कुमार, राजेश कुमार, रामचरित, रमेश कुमार, बब्लू ने बताया कि तेंदुए की गतिविधियां परसहवा, हेगहा, मदारगढ़, सिंहपुर, झरिहरडीह, सिटकिहवा और हरिपुरवा समेत आसपास के गांवों में देखी गई हैं जिससे लोगों में भय व्याप्त है।ग्रामीणों ने हांका लगाकर तेंदुए को खेत से खदेड़ने का प्रयास किया जिसके बाद वह पुराने ईट भट्ठे की ओर चला गया। ग्रामीण निब्बर ने बताया कि शुक्रवार रात तेंदुए ने एक कुत्ते का शिकार कर लिया था जिसके अवशेष झाड़ियों में मिले हैं। इस घटना के बाद ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी। इस संबंध में बनकटवा रेंज के क्षेत्रीय वनाधिकारी शत्रुघ्न लाल ने बताया कि वन विभाग की टीम स्थिति पर नजर रखे हुए है। ग्रामीणों को सतर्क रहने छोटे बच्चों और पालतू पशुओं को सुरक्षित रखने की सलाह दी गई है। किसानों से खेतों में अकेले न जाकर समूह में तथा लाठी-डंडे के साथ आवश्यक सावधानी बरतते हुए जाने को कहा गया है। वन विभाग द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है।

## जनपद अमेठी में मनाया गया पीएम किसान उत्सव दिवस



- 2.42 लाख से अधिक किसानों को मिली सम्मान निधि की किस्त

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**अमेठी।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत शनिवार को जनपद अमेठी में 'पीएम किसान उत्सव दिवस' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा पश्चिम बंगाल के तारकेश्वर, हुगली से देशभर के पात्र किसानों के खातों में योजना की 23वीं किस्त का हस्तांतरण किया गया। जनपद अमेठी के 2,42,466 किसानों के बैंक खातों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किस्त की धनराशि सीधे हस्तांतरित की गई। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जनपद स्तर पर विकास भवन सभागार, सभी विकास खंडों तथा न्याय पंचायत स्तर पर किसानों को दिखाया गया। विकास भवन सभागार में आयोजित जनपद स्तरीय कार्यक्रम में किसानों ने लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री के संबोधन को सुना तथा योजना से संबंधित जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक, अमेठी, जिला कृषि अधिकारी, फूलचन्द्र (तकनीकी सहायक), विनीत कुमार (वरिष्ठ सहायक) तथा केंद्रीय बीज भंडार प्रभारी सहित कृषि विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अलावा लगभग 60 किसानों ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। अधिकारियों ने किसानों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कृषि कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उनका अधिकाधिक लाभ उठाने का आह्वान किया।

## बस्ती जिले में कुल 1952 ताज़िया रखे जाएंगे जिसकी निगरानी के लिए 1400 सीसीटीवी कैमरे निगरानी में संपन्न होगा



**बस्ती।** बस्ती जिले में मोहर्रम को लेकर के पुलिस अलर्ट मोड में कहीं भी कोई अप्रिय घटना न होने पाए बस्ती जिले में कुल 1952 ताज़िया रखे जाएंगे जिसकी निगरानी के लिए 1400 सीसीटीवी कैमरे लगाये गये हैं जुलूस की संख्या 127 है पुलिस की ड्यूटी लग गई है सभी मजिस्ट्रेट की ड्यूटी और तैनात कर दी गई है।उक्त जानकारी जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्सना ने पत्रकारों को दी। जिला कलेक्ट्रेट सभागार में मोहर्रम को लेकर अधिकारियों ने पीस कमेटी के साथ बैठक की,बैठक में 10 दिन तक चलने वाले मोहर्रम त्योहार को लेकर थाना क्षेत्र वासियों से सुझाव मांगा गया,लोगो ने सुझाव साझा कर प्रशासन को अवगत कराया,प्रशाशन ने लोगों से मानक के विपरीत ताजिया की ऊंचाई समेत अन्य मद्दों को लेकर अपील किया है। जिलाधिकारी श्रीमती ज्योत्सना ने बताया कि सभी थानों में पीस कमेटी की लगभग बैठक हो चुकी है।

## डीएम-एसपी ने सुनीं फरियादें, समाधान दिवस में दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

- लाभार्थियों को वितरित किए घरौनी, भूमि प्रमाण पत्र व आवासीय पट्टे

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**उतरौला (बलरामपुर)।** तहसील उतरौला में शनिवार को जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने जनसामान्य की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में पहुंचे फरियादियों की शिकायतों को जिलाधिकारी ने स्वयं सुना तथा कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। शेष प्रकरणों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को सौंपते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने भूमि विवादों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने पर जोर देते हुए कहा कि राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर पहुंचकर विवादों का स्थायी समाधान कराए। उन्होंने अधिक भूमि विवाद वाले गांवों में विशेष चौपाल आयोजित करने के भी निर्देश दिए।

समाधान दिवस के दौरान विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। ग्राम रमवापुर कला के पांच लाभार्थियों को घरौनी वितरित की गई। वहीं ग्राम बंजरिया एवं टेढ़वा चुहचुहिया के पांच लाभार्थियों को असंक्रमणीय भूमि से संक्रमणीय भूमि का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इसके अलावा ग्राम शाहपुर इटई एवं मुजहनी के पांच पात्र लाभार्थियों को आवासीय भूमि पट्टा आवंटित किया गया। कृषक दुर्घटना सहायता योजना



के अंतर्गत एक परिवार को चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक भी सौंपा गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने बच्चों का अन्नप्राशन कराया तथा कुपोषित बच्चों के परिवारों को पोषण पोटली वितरित कर उन्हें बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी उतरौला, क्षेत्राधिकारी उतरौला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश रस्तोगी, जिला विकास अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डीएम एसपी की अध्यक्षता में तहसील गौरीगंज में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

- जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु जनपद की चारों तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस
- शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**अमेठी।** जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में तहसील गौरीगंज में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना हमारी प्राथमिकता है, मुख्यमंत्री द्वारा भी जन सामान्य की शिकायतों के निस्तारण को लेकर कड़े निर्देश दिए गए हैं। किसी भी स्तर पर शिकायतों के निस्तारण में हीलाहवाली करने पर संबंधित अधिकारी, कर्मचारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। तहसील गौरीगंज में कुल 100 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 07 का मौके पर निस्तारण कराया गया, तहसील मुसाफिरखाना में 34 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 03 का निस्तारण किया गया, तहसील अमेठी में 26 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 01 शिकायतों का निस्तारण किया गया तथा तहसील तिलोई में 29 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें 04 शिकायतों का निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक जन समस्याओं को सुने तथा उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी गौरीगंज प्रीति तिवारी, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, तहसीलदार गौरीगंज सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## जल जीवन मिशन को बदनाम करने की साजिश, आरोपी रडार पर

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बस्ती।** बस्ती जिले के राजपुर भैरवा गांव में टंकी फटने की घटना आपसी रंजिश के कारण हुई थी। पंप ऑपरेटर के पद से हटाए जाने से नाराज प्रमोद शुक्ला ने अपने बेटे के साथ मिलकर टंकी के अंदर लगे पीवीसी लाइनर (गुब्बारानुमा ट्यूब जिसमें पानी भरता है) को धारदार हथियार से काट दिया, जिसके चलते अचानक टंकी से पानी गिरने लगा। टंकी से पानी गिरने को खुद पूर्व पंप ऑपरेटर ने सोशल मीडिया पर वायरल किया था। अब इस मामले में पुलिस ने आरोपी पूर्व ऑपरेटर प्रमोद शुक्ला और उसके बेटे निहाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। दोनों आरोपियों के खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज किया गया है। गौरतलब है कि 17 जून को जब गांव की टंकी में पानी भरा जा रहा था, तभी अचानक टंकी से पानी गिरने लगा। इसी का विडियो बनाकर यह प्रसारित किया गया कि टंकी फट गई है। राजपुर भैरवा ग्राम प्रधान के प्रतिनिधि ने बताया कि यह पूरी साजिश इसलिए रची गई, ताकि ग्राम प्रधान को बदनाम किया जा सके।



**क्या है पूरा मामला**

आरोपी प्रमोद शुक्ला परियोजना में पंप ऑपरेटर का काम करता था। जिसे कुछ दिनों पहले ही लगातार मिल रही शिकायतों के बाद पंप ऑपरेटर के पद से हटा दिया गया था। काम से हटाए जाने के कारण प्रमोद शुक्ला ने साजिश रची कि टंकी के पीवीसी लाइनर को काट दिया जाए। जिससे गांव में पानी की सप्लाई रूक जाएगी। इस साजिश को अंजाम देने के लिए प्रमोद शुक्ला ने अपने बेटे निहाल को टंकी पर चढ़ाया और उससे टंकी का पीवीसी लाइनर कटवाया। इस दौरान प्रमोद शुक्ला नीचे खड़ा होकर विडियों बना रहा था। जैसे ही टंकी में पानी भरने के लिए मोटर चालू किया गया, तो पीवीसी लाइनर फटा होने के कारण पानी अचानक टंकी से गिरने लगा।

जल निगम ने भी जांच में आरोपों को सही पाया। 17 जून को अचानक टंकी से पानी गिरने की घटना का संज्ञान लेते हुए जल निगम ग्रामीण ने भी इस मामले की जांच कराई। घटना की जानकारी मिलते ही टंकी लगाने वाली कंपनी वेदांटेक के इंजिनियर मनीष कुमार ने जांच में पाया कि धारदार हथियार से टंकी के अंदर लगा हुआ पीवीसी लाइनर क्षतिग्रस्त किया गया। जिसके कारण पानी का दबाव पड़ने पर अचानक से पानी टंकी से बाहर गिरने लगा। मामला सामने आने के बाद 24 घंटे के अंदर जलापूर्ति बहाल करने के लिए मेघा इंजिनियरिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को निर्देश जल निगम ग्रामीण द्वारा दिया गया है।

## पति के ब्रह्मभोज में भी बाधा डाल रहे दबंग सूदखोर, पीड़िता ने डीआईजी से लगाई सुरक्षा की गुहार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बस्ती।** बस्ती के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित पोखरभिटवा गांव में सूदखोरी से जुड़े एक मामले ने नया मोड़ ले लिया है। सूदखोरों के कथित उत्पीड़न से परेशान होकर आत्महत्या करने वाले हरेन्द्र सिंह की पत्नी शोभना सिंह ने अब बस्ती परिक्षेत्र के डीआईजी से हस्तक्षेप की मांग करते हुए पति के ब्रह्मभोज को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस सुरक्षा उपलब्ध कराने की गुहार लगाई है। शोभना सिंह द्वारा डीआईजी को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि उनके पति हरेन्द्र सिंह ने गांव के कुछ कथित सूदखोरों के दबाव और उत्पीड़न से तंग आकर आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में उनकी तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया, लेकिन अब तक आरोपियों के खिलाफ कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। इसी वजह से आरोपितों का मनोबल बढ़ गया है।पीड़िता का आरोप है कि गांव के ही श्याम बहादुर सिंह और राघवेन्द्र सिंह उर्फ पप्पू सिंह पुत्र जयप्रकाश सिंह लगातार उन पर मुकदमा वापस लेने और समझौता करने का दबाव बना रहे हैं। इसके लिए विभिन्न प्रकार के प्रलोभन दिए जा रहे हैं और इनकार करने पर उन्हें तथा उनके परिवार को जान-माल की धमकियां दी जा रही हैं।

शोभना सिंह ने यह भी आरोप लगाया है कि आरोपितों द्वारा उनके घर आने-जाने का रास्ता बाधित कर दिया गया है। इतना ही नहीं, ब्रह्मभोज की तैयारियों में लगे सफाईकर्मियों, कहारों और अन्य सहयोगियों को भी धमकाया जा रहा है कि यदि वे उनके घर गए तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। पीड़िता का कहना है कि आरोपितों के प्रभाव के कारण कोई भी व्यक्ति खुलकर गवाही देने को तैयार नहीं है।

डीआईजी को भेजे गए पत्र में शोभना सिंह ने आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी, परिवार




की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा उनके दिवंगत पति के ब्रह्मभोज कार्यक्रम को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पर्याप्त पुलिस व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग की है। अब इस मामले में पुलिस प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं। हालांकि आरोपों की आधिकारिक पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगी।

## रौतापार फायरिंग कांड में बड़ी कार्रवाईः पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेकर आरोपियों से बरामद की गई पिस्टल और बाइक

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बस्ती।** बस्ती जिले में अपराधियों पर शिकंजा कसा थाना कोतवाली पुलिस ने रौतापार क्षेत्र में हुए हत्या के प्रयास के चर्चित मामले में महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए पुलिस कस्टडी रिमांड पर लिए गए तीन आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त अवैध पिस्टल एवं मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। पुलिस द्वारा बरामदगी के बाद आरोपियों के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार थाना कोतवाली क्षेत्र में हत्या के प्रयास के संबंध में दर्ज मुकदमा संख्या 235/2026, धारा 109(1) बीएनएस से जुड़े वांछित अभियुक्त युवराज सिंह पुत्र राजेश सिंह, प्रिंस चौधरी पुत्र संतोष चौधरी तथा प्रिंस यादव पुत्र रामभरत यादव को न्यायालय से पुलिस कस्टडी रिमांड पर लिया गया था। पूछताछ एवं निशानदेही के आधार पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक अवैध 32 बोर पिस्टल तथा पल्सर मोटरसाइकिल संख्या UP 51 BU 9455 बरामद की।

**30 मई को हुई थी फायरिंग की घटना**

घटना का संबंध 30 मई 2026 को रौतापार इलाके में हुई फायरिंग से है। पीड़ित सौरभ श्रीवास्तव पुत्र संतोष श्रीवास्तव निवासी रौतापार ने थाना कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी कि सुबह करीब पांच बजे कुछ हथियारबंद लोग उनके घर पहुंचे और गेट पर शोर-शराबा करने लगे। जब वह बाहर आए तो उन पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गई। हालांकि गेट बंद होने के कारण गोली उन्हें नहीं लगी और उनकी जान बच गई। पीड़ित ने बताया कि पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई थी।



फुटेज देखने पर फायरिंग करने वाले व्यक्ति की पहचान युवराज सिंह के रूप में हुई, जबकि उसके साथ प्रिंस चौधरी और प्रिंस यादव भी मौजूद थे। घटना को अंजाम देने के बाद तीनों आरोपी मोटरसाइकिल से फरार हो गए थे।

**न्यायालय के आदेश पर जेल से ली गई रिमांड**

पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। विवेचना के दौरान आरोपियों की तलाश की जा रही थी। बाद में न्यायालय के आदेश पर तीनों आरोपी 10 जून 2026 से जिला कारागार बस्ती में निरुद्ध थे। घटना में प्रयुक्त हथियार और वाहन की बरामदगी के लिए पुलिस ने न्यायालय से कस्टडी रिमांड प्राप्त की। रिमांड के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर अवैध पिस्टल और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद कर ली गई।

**पूछताछ में सामने आई रंजिश की वजह**

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वादी पक्ष के एक सदस्य द्वारा युवराज सिंह के घर पर पत्थर फेंके जाने और उसकी मां के साथ दुर्व्यवहार किए जाने की घटना से वे नाराज थे। इसी रंजिश के चलते उन्होंने बदला लेने की नीयत से सौरभ श्रीवास्तव के घर पर फायरिंग की थी। घटना को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए थे।

**बरामदगी में शामिल रही पुलिस टीम**

इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक मोतीचंद्र, उपनिरीक्षक सुरेंद्र प्रसाद, उपनिरीक्षक अजय कुमार यादव, उपनिरीक्षक अनस अख्तर, कांस्टेबल विजय कुमार यादव, मुकेश साहनी, सतीश कुमार यादव तथा विवेक कुमार वर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बरामदगी के बाद आरोपियों को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है तथा मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है। इस सफलता को थाना कोतवाली पुलिस की प्रभावी विवेचना और त्वरित कार्रवाई का परिणाम माना जा रहा है।

# संक्षिप्त खबरें

## शोभायात्रा के साथ श्रीहरि कथा का हुआ शुभारंभ

**लालगंज (रायबरेली)।** नगर के लखनऊ रोड स्थित उत्सव लॉन में दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से शनिवार को श्रीहरि कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत भव्य शोभायात्रा से हुई। श्रद्धालु हरिनाम का संकीर्तन करते हुए नगर के प्रमुख मार्गों से निकले। जगह-जगह पुष्पवर्षा कर संतों और श्रद्धालुओं का स्वागत हुआ। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। शाम को कथा के प्रथम दिवस में गुरुदेव आशुतोष महाराज के शिष्य स्वामी दिव्येश्वरानंद ने मानव जीवन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जीव 84 लाख योनियों का चक्र पूरा करने के बाद बड़े सौभाग्य से मनुष्य जन्म प्राप्त करता है।श्रीरामचरितमानस की चौपाई बड़े भाग मानुष तनु पावा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि मानव शरीर ईश्वर प्राप्ति और मोक्ष का सर्वोत्तम साधन है। उन्होंने कहा कि मनुष्य संसार की माया में उलझकर अपने वास्तविक उद्देश्य को भूल जाता है। पूर्ण सतगुरु की शरण में जाकर ही जीव परमात्मा का साक्षात्कार कर सकता है और जीवन को सार्थक बना सकता है। संत सहजोबाई के पदों का उल्लेख करते हुए उन्होंने आत्मचिंतन और प्रभु भक्ति का संदेश दिया। कथा के अंत में प्रयागराज शाखा के संयोजक स्वामी विश्वनाथानंद ने श्रद्धालुओं को संबोधित किया। आयोजकों ने बताया कि श्रीहरि कथा 23 जून तक प्रतिदिन सायं 5:30 बजे से रात्रि 9 बजे तक चलेगी। समापन अवसर पर भव्य भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। इस मौके पर स्वामी विश्वनाथानंद, स्वामी दिव्यस्वरानंद, स्वामी शिवशरणानंद, विहिप नेता रामगोपाल त्रिपाठी, पवन कुमार सिंह, केसी गुप्ता, सुनील कुमार सिंह बक्शी रामबाबू गुप्ता शाहिद तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

## पुलिस ने जुआ खेलते नौ लोगों को पकड़ा, हड़कंप

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के अंबेडकर मार्ग में शुक्रवार को पुलिस ने छापेमारी कर नौ लोगों को जुआ खेलते पकड़ लिया। को हिरासत में लिया है। पुलिस कार्यवाई से मोहल्ला सहित नगर में हड़कंप मच गया। मोहल्ले में कई वर्षों से अलग अलग खाली पड़े स्थानों पर जुआ हो रहा था। मोहल्ले के लोग काफी परेशान थे। मोहल्ले वासियों ने बताया कि उन्होंने कई बार इसकी शिकायत पुलिस से की जा चुकी है। शुक्रवार को दोपहर करीब तीन बजे अंबेडकर मार्केट बड़ा तालाब के निकट खाली पड़े प्लॉट पर जुआ हो रहा था। तभी अचानक पुलिस टीम ने छापा मार दिया। पुलिस को देखकर कई लोग मौके से फरार हो गए जबकि पुलिस टीम ने वहां मौजूद नौ लोगों को हिरासत में ले लिया। चर्चा है कि पकड़े गए लोगों में नगर के कई प्रतिष्ठित लोग भी शामिल हैं। कार्रवाई से पूरी नगर में चर्चा बनी हुई है। वहीं कोतवाली के सामने पकड़े गए शुभचिंतकों की भारी भीड़ दिखाई दी। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि नौ लोगों को पकड़ा गया है जुआ की फड़ से 15000 रुपए बरामद हुए हैं। आरोपियों पर जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत के मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई।

## शिकायत पत्रों में हिलाहवाली करने पर जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी:-डा0 राजा गणपति आर



बिसवां सीतापुर फरियादियों की शिकायत पत्रों का निस्तारण जिम्मेदार अधिकारी समयबद्ध तरीके से करे। किसी भी प्रकार की शिकायत पत्रों में हीलाहवाली करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेंगी। यह बात जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर ने बिसवां तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए कही।उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे तौर पर लाभार्थियों को प्रदान किया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस मे अधिवक्ता अभय अवस्थी ने भीषण गर्मी में तहसील परिसर में पेयजल की व्यवस्था दुरुस्त करवाये जाने को लेकर शिकायत पत्र दिया।इसके अतिरिक्त अवैध रूप से कब्जा हटवाए जाने,व राजस्व कर्मचारियों द्वारा खतौनी मे नाम गलत हो जाने व हिस्सा गलत हो जाने व अन्य समस्याओं की शिकायत पत्र दिए गए। चिलचिलाती धूप मे फरियादियों का शिकायत दर्ज करवाने के लिए तांता लगा रहा।सम्पूर्ण समाधान दिवस मे कुल 95 शिकायत पत्र आये जिसमे से 12 शिकायत पत्रों का मौके पर शिकायत पत्र का निस्तारण किया गया।सम्पूर्ण समाधान दिवस मे राजस्व विभाग 37,पुलिस विभाग 24,विकास 9,नगर पालिका 2,विधुत विभाग 9,पूर्ति विभाग 1,व अन्य 13 शिकायत पत्र आये।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, उपजिलाधिकारी आकांक्षा गौतम, तहसीलदार अनिल कुमार राम,सीओ हर्षित चौहान सहित जिला स्तरीय विभागों के अधिकारी व राजस्व कर्मचारी मौजूद रहे।

# सीएम साहब! मुझे इंसाफ चाहिए....

## ●आधार और पैन कार्ड के जरिए जालसाजी का शिकार हुई महिला दर-दर भटक रही, पुलिस ने नहीं दर्ज की एफआईआर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखनऊ।** हाकिम के शहर में इंसाफ की खातिर एक बेबस गरीब महिला दर-दर भटक रही है। मामला राजधानी के गुड़म्बा थाना क्षेत्र अंतर्गत मिश्रपुर का है। दो वक्त की रोटी के लिए घरों में काम करने वाली कामगार महिला के भरोसे का शातिर ठगों ने कत्ल कर दिया। बहला-फुसला कर उसका आधार और पैन कार्ड हासिल कर लिया। इसके बाद छह लाख रुपए का बैंक लोन लेकर डकार गए। जब बैंक ने अपना पैसा मांगा, तब उस कामगार महिला को पता चला कि उसके साथ ठगी हुई है। असल लड़ाई इसके बाद शुरू हुई। धोखाधड़ी की शिकायत लेकर 'खादी' से लेकर 'खाकी' तक सबके पास गई। मगर, सिस्टम ऐसा कि गरीब की कोई सुनने वाला नहीं। एक तरफ विश्वासघात का दंश तो दूसरी तरफ लोन की भारी-भरकम रकम का बोझ। बेचारी महीनों से थाने के चक्कर काट रही है। नतीजा सिफर रहा। सब जगह भटकने के बाद अब इस लाचार महिला को सिर्फ सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से न्याय की आस है।

### आधार-पैन के जरिए फर्जी लोन

गुड़म्बा थाना के मिश्रपुर में रहने वाले अमित कुमार की पत्नी सन्ध्या पेशे से घरेलू कामगार महिला है। किसी तरह मेहनत-मजदूरी करके वह पति के साथ मिलकर जीवन गुजार रही है। ठगी का शिकार हुई पीड़िता सन्ध्या ने बताया कि वह एक घर में पिछले कई साल से सागर रस्तोगी के यहां घरेलू काम कर रही थी। समय के साथ-साथ घर वालों के साथ मजबूत रिश्ते बन गए। उसे रस्तोगी परिवार पर पूरा भरोसा था, लेकिन यहीं उसके साथ धोखा हो गया। पीड़िता ने बताया कि खेल की शुरुआत नवंबर 2024 में हुई। सागर और उसकी पत्नी शुभी ने सन्ध्या से किसी सरकारी योजना का लाभ दिलाने के बहाने उसका आधार और पैन कार्ड मंगवा लिया। उसने दस्तावेज दे दिए। करीब डेढ़ साल कोई हरकत नहीं हुई। तभी अचानक मई 2026 को उसके पति अमित कुमार के पास बैंक ऑफ बड़ौदा से एक फोन आता है। बैंक वालों ने कहा कि उसने छह लाख रुपए का लोन लिया था। उसकी किश्त नहीं जमा हो रही है। यह सुनते ही सन्ध्या के पैरों तले जमीन खिसक गई। बैंक में सम्पर्क करके उसने बताया कि छह लाख रुपए का कोई लोन उसके द्वारा नहीं लिया गया है। जब बैंक वालों ने उसके दस्तावेज दिखाए तो पति-पत्नी के होश उड़ गए। दोनों समझ गए कि वे ठगी का शिकार हुए हैं। महिला का यह भी दावा है कि बाद में एक बुलेट शोरूम से भी फोन आया, जिससे उसे वित्तीय लेनदेन से जुड़े अन्य तथ्यों की जानकारी मिली।

वहां से पीड़िता सीधे रस्तोगी परिवार के पास पहुंची और पूरी बात बताई। इस पर रस्तोगी दम्पत्ति ने पीड़िता के दस्तावेजों के सहारे बैंक लोन लिए जाने की बात को सिरे से खारिज कर दिया। पीड़िता का कहना है कि उसने खूब हाथ-पैर जोड़े और लोन के मसले से बाहर निकालने की गुहार लगाई। मगर, रस्तोगी परिवार ने उसे बाहर का रास्ता दिखा दिया।

### एक महीने में एफआईआर नहीं

विडंबना देखिए कि एक गरीब कामगार महिला ठगी का शिकार होती है और पुलिस एफआईआर दर्ज करने में आनाकानी कर रही है। थानेदार की गणेश परिक्रमा लगाते-लगाते चप्पलें घिस गईं। खाकी वर्दी वालों का दिल नहीं पसीजा। शिकायत दर्ज करते हुए मामले की जांच करने की जहमत पुलिस ने नहीं उठाई। आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत के बाद भी पुलिस ने पीड़िता से कार्यवाही से संतुष्ट है पत्र लिखवाकर पुलिस आख्या लगा कर चलता कर दिया। यह हाल तब है जब मुख्यमंत्री और डीजीपी इस तरह के धोखाधड़ी से जुड़े मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए पुलिस महकमे को बार-बार गाइडलाइंस जारी कर रहे हैं। सिस्टम के आगे पीड़िता लाचार भटक रही है। पीड़िता का आरोप है कि उसने 20 मई को संबंधित पुलिस अधिकारियों को लिखित शिकायत दी थी। बाद में उसने पुलिस कमिश्नर कार्यालय में भी प्रार्थना पत्र देकर न्याय की मांग की, लेकिन अब तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया।

### बैंक की लापरवाही उजागर

पीड़ित महिला ने आरोप लगाया है कि इस पूरे मामले में कुछ निजी व्यक्तियों के साथ बैंक कर्मियों की भूमिका की भी जांच की जानी चाहिए। उसका कहना है कि बिना उसकी जानकारी और सहमति के इतना बड़ा ऋण स्वीकृत होना कई सवाल खड़े करता है। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। सिर्फ सन्ध्या ही नहीं, उसके जैसे न जाने कितने भोले-भाले लोग हर दिन इस तरह की ठगी का शिकार हो रहे हैं। कहीं न कहीं बैंक मैनेजमेंट की लापरवाही रहती है, जिससे आएदिन फर्जीवाड़ा हो रहा है।

**बयान** – 'मैंने कभी किसी प्रकार का लोन नहीं लिया। बैंक से फोन आने के बाद मुझे पूरे मामले की जानकारी हुई। मेरे दस्तावेजों का गलत इस्तेमाल किया गया है। मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए।' – सन्ध्या, पीड़िता

### धमकी देने का आरोप

महिला ने कुछ लोगों पर शिकायत वापस लेने का दबाव बनाने और धमकी देने का भी आरोप लगाया है। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। जांच के बाद ही सच्चाई सामने आएगी। फिलहाल मामले में लगाए गए आरोप एक पक्ष के दावों पर आधारित हैं। पुलिस की जांच और संबंधित विभागों की रिपोर्ट आने के बाद ही पूरे प्रकरण की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस अधिकारियों की ओर से इस मामले में आधिकारिक बयान का इंतजार है। स्वतंत्र प्रभात ने पीड़िता के आरोपों के आधार पर खबर का प्रस्तुतीकरण किया है। समाचार पत्र दावों की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है। फिलहाल, मामला बेहद संवेदनशील है। निष्पक्ष जांच आवश्यक है। इसके बाद असल तस्वीर सामने आएगी। गुड़म्बा प्रभारी से संपर्क करने का प्रयास किया तो संपर्क नहीं हो सका।

## साहब! आदेश के बाद भी नहीं हटाया जा रहा अवैध निर्माण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** तहसील सभागार में शनिवार को एसडीएम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान भूमि विवाद, अतिक्रमण और सार्वजनिक रास्तों से जुड़ी शिकायतें अधिकारियों के समक्ष रखी गई। खींरो थाना क्षेत्र के दूकनहा गांव निवासी फौजी चंद्रभान कुशवाहा के परिजनों ने शिकायती पत्र देकर बुजुर्गी भूमि पर किए गए कथित अवैध कब्जे को हटवाने की मांग की। पीड़ित की भांजी ने बताया कि उसके मामा भारतीय सेना में कार्यरत हैं और वर्तमान में जम्मू कश्मीर के संवेदनशील क्षेत्र में तैनात हैं। आरोप है कि गांव के प्रधान पति और उनके सहयोगी ने विवादित भूमि पर कब्जा कर निर्माण करा लिया है। जबकि मामला न्यायालय में विचाराधीन है। शिकायतकर्ता का कहना है कि पहले प्रशासन की ओर से टीम गठित कर अवैध कब्जा हटाने का आश्वासन दिया गया था लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इससे फौजी का परिवार बेहद परेशान है। चांदा गांव निवासी व राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव जितेंद्र सिंह ने प्रार्थना पत्र देकर गांव के चकमार्ग पर अवैध कब्जे की शिकायत की। उन्होंने बताया कि रास्ता अवरुद्ध होने से किसानों को खेतों तक पहुंचने में कठिनाई हो रही है। वहीं भोजपुर गांव के इलियास, सलीम, मोहम्मद कुरैशी, हनीफ, इमरान, मनोज और नईम समेत अन्य लोगों ने शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि पुराने डाकघर वाली गली स्थित इमामबाड़े में वर्षों से ताजिया रखा जाता है। आरोप है कि मोहल्ले का एक व्यक्ति इमामबाड़े के पास पानी और कचरा बहा रहा है, जिससे लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इस प्रकार एसडीएम राजेश श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कुल 35 शिकायतें दर्ज की गई। इनमे से पांच से अधिक राजस्व के मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस मौके पर तहसीलदार शिवम राठौड़, नायब तहसीलदार ऋतुराज नागर, डॉ. अंजू रानी वर्मा, मनोज दीक्षित, शिवम वर्मा आदि मौजूद रहे।

## बैनामा फ्रेंचाइजी व्यवस्था रद्द करने के लिए वकीलों ने सौपा ज्ञापन



**मिश्रिख (सीतापुर)-** आनलाइन ई रजिस्ट्री फ्रेंचाइजी व्यवस्था को रद्द करने की माँग को लेकर मिश्रित लॉयर्स एसोसिएशन द्वारा जोरदार आंदोलन किया गया। अधिवक्ताओं,बैनामा लेखकों तथा स्टाम्प वेंडरों ने मुख्यमंत्री को संबोधित मांग पत्र उपनिबंधक मिश्रिख सुषमा यादव को सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है। कि ई रजिस्ट्री व्यवस्था पूर्णतया अव्यावहारिक और लोकहित के विपरीत हैं। जमीन जायदाद के पंजीकरण के फ्रेंचाइजी मॉडल से भविष्य में गंभीर कानूनी पेंचीदगी उत्पन्न हो सकती है। ग्रामीण जनता विपरीत विधिक स्थित धोखाधड़ी का शिकार हो सकती है। अधिवक्ता जमीन जायदाद के विषयों की समझ रखता है। निबंधन कार्य से जुड़े अधिवक्ताओं,स्टाम्प वेंडरों और दस्तावेज लेखकों के सम्मुख रोजगार का संकट उत्पन्न हो जाएगा। उन्होने मांग की है । कि वर्तमान प्रचलित व्यवस्था को ही यथावत रखा जाय और प्रस्तावित फ्रेंचाइजी व्यवस्था को तत्काल रद्द किया जाय इस अवसर पर अधिवक्ता सुधीर शुक्ल राना,अकरम खान, सौरभ सक्सेना,प्रेम प्रकाश राजवंशी, रजनीश कुमार, ठाकुर प्रसाद अर्कवंशी, जलालुद्दीन, प्रशांत त्रिपाठी, सत्यप्रकाश अर्कवंशी, सुशील भारती, कपिल मुनि , शिवम त्रिपाठी, शैलेन्द्र कुमार , भास्कर पाण्डेय, विमलेंद्र त्रिपाठ , नितिन मालाकार , अजय पाण्डेय, आनंद यादव, सुनील कुमार त्रिपाठी, पुष्पेंद्र गुप्ता, सुनील प्रताप सिंह,आदि लोग उपस्थित रहे।

## अवैध तमंचा और कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली पुलिस टीम ने शनिवार को एक युवक को अवैध तमंचे और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धारा में केस दर्ज किया। पुलिस टीम में उत्तरागौरी गांव निवासी जितेंद्र को गिरफ्तार किया। उसके पास 315 बोर का एक अवैध तमंचा व एक अदद जिंदा कारतूस बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धारा में केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी को जेल भेजा गया है।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर लाला लाजपत राय पार्क में हुआ योगाभ्यास, स्वस्थ जीवन का दिया संदेश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को अलीगंज स्थित लाला लाजपत राय पार्क में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों, विद्यार्थियों तथा आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर सामूहिक योगाभ्यास किया और स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया। योग प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया तथा योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की जानकारी दी। वक्ताओं ने कहा कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को स्वस्थ, संतुलित एवं तनावमुक्त जीवन जीने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने नियमित रूप से योग करने तथा अपने परिवार और समाज को भी योग के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाकर ही स्वस्थ समाज और स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। इस अवसर पर डॉ. श्रीकृष्ण, मधु सचान, नन्द किशोर सिंह, देव सूदन सिंह, आरती सिंह, कौशल वर्मा, पंकज कटियार, सुधा बाजपेई, देवांशी सिंह एवं सर्वज्ञा द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग ', 'करें योग, रहें निरोग' तथा 'स्वस्थ भारत, निरोग भारत' के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## तीन दिनों से फुंका ट्रांसफार्मर, भीषण गर्मी में अंधेरे में डूबा जमुरावा गांव, विभाग बना मूकदर्शक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**महराजगंज/रायबरेली।** ओसाह पावर हाउस के अंतर्गत आने वाले जमुरावा गांव में लगा 25 केवीए विद्युत ट्रांसफार्मर पिछले तीन दिनों से फुंका पड़ा है, जिससे गांव के आधे से अधिक हिस्से की बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है। भीषण गर्मी और उमस के बीच ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन विद्युत विभाग के जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठा सके हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में लगा 25 केवीए ट्रांसफार्मर लंबे समय से ओवरलोड चल रहा था। कई बार विभागीय अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई, लेकिन समस्या के समाधान की बजाय शिकायतों को नजरअंदाज किया जाता रहा। नतीजा यह हुआ कि ट्रांसफार्मर आखिरकार फुंक गया और पूरे क्षेत्र की बिजली गुल हो गई। बिजली न होने से पेयजल संकट भी गहरा गया है। घरों में लगे पंखे, कूलर और अन्य विद्युत उपकरण शोपीस बनकर रह गए हैं। रात में अंधेरे और गर्मी के कारण बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों की परेशानी और बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार शिकायतों के बावजूद विभाग के कर्मचारी केवल आश्वासन दे रहे हैं, जबकि जमीनी स्तर पर कोई कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द से जल्द नया ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया तो वे विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। लोगों का कहना है कि एक तरफ सरकार बेहतर बिजली व्यवस्था के दावे करती है, वहीं दूसरी तरफ गांवों में फुंके ट्रांसफार्मर कई दिनों तक नहीं बदले जा रहे हैं। अब सवाल यह है कि तीन दिनों से अंधेरे में डूबे जमुरावा गांव की सुध आखिर कब लेगा विद्युत विभाग? और क्या जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही पर कोई कार्रवाई होगी या ग्रामीणों को इसी तरह गर्मी और अंधेरे की दोहरी मार झेलनी पड़ेगी? तो वहीं विद्युत विभाग की जेई योगेश कुमार यादव से दूरभाष पर बात की गई तो उन्होंने बताया कि बहुत जल्द ही ट्रांसफार्मर लगवा कर विद्युत व्यवस्था बहाल की जाएगी।

## नगर पंचायत महराजगंज में सीसी रोड एवं इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्यों का हुआ शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**महराजगंज/रायबरेली:** केंद्र की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अब नगर पंचायत महराजगंज में धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। नगर क्षेत्र में लगातार विकास कार्यों के उद्घाटन और शिलान्यास से नगर की तस्वीर बदलती नजर आ रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को नगर पंचायत के चार अलग-अलग वार्डों में सीसी रोड एवं इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में नगरवासियों की सहभागिता देखने को मिली। आपको बता दें कि, नगर अध्यक्ष सरला साहू के प्रतिनिधि प्रभात साहू ने सभासदों एवं स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में विभिन्न विकास परियोजनाओं का विधिवत शुभारंभ किया। सबसे पहले आजाद नगर वार्ड में सभासद राजकुमारी के विशेष अनुरोध पर दो सीसी रोड निर्माण कार्यों का उद्घाटन फावड़ा चलाकर किया गया। इसके बाद घेरा वार्ड में सभासद जमुना पासवान के आग्रह पर एक अन्य सीसी रोड निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ। वहीं आनंद नगर वार्ड में लगातार तीन कार्यकाल से जनता का विश्वास प्राप्त कर रहे सभासद विनीत वैश्य के विशेष अनुरोध पर रायबरेली मुख्य मार्ग की एक ओर इंटरलॉकिंग पटरी निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू ने कहा कि नगर की सम्मानित जनता का उनके परिवार को लगातार चार बार आशीर्वाद प्राप्त हुआ है, जिसके लिए वह सदैव कृतज्ञ हैं। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता नगर के प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुंचाना है, ताकि कोई भी नागरिक मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि, नगर को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित बनाना उनका संकल्प है। इसी उद्देश्य से पूरे नगर क्षेत्र में सीसी रोड, इंटरलॉकिंग सड़कें, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट, वाटर फ्रीजर, पक्की एवं ढकी हुई नालियों, नाला निर्माण तथा धार्मिक स्थलों के सौंदर्यीकरण जैसे कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं। इसके साथ ही बड़ी संख्या में पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ भी उपलब्ध कराया गया है। प्रभात साहू ने कहा कि, नगर के समग्र विकास के लिए सभी सभासदों, सामाजिक संगठनों और नगरवासियों का सहयोग आवश्यक है। विकास कार्यों में जनसहभागिता से ही नगर को नई पहचान दिलाई जा सकती है। इस अवसर पर सभासद जमुना पासवान, दिनेश त्यागी (सभासद प्रतिनिधि), राजकुमारी, मुस्ताक, रामकुमार, धनंजय वर्मा, नूरुल हसन, विनीत कुमार वैद्य, नामित सभासद अनुपमा पाण्डेय, सूर्य प्रकाश वर्मा, विजय धीमान सहित बड़ी संख्या में नगरवासी एवं क्षेत्र के संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।

# गुलाचीन मंदिर पर हुआ भव्य सुन्दर कांड और भंडारे का आयोजन

## ● बड़े मंगल पर गुलाचीन हनुमान मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब, हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

## सुंदरकांड पाठ, विशेष पूजा-अर्चना एवं विशाल भंडारे का हुआ आयोजन, देर शाम तक चलता रहा प्रसाद वितरण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता













**अलीगंज, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में बड़े मंगल का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इसी क्रम में शहर के प्रसिद्ध दक्षिणमुखी पंचमुखी गुलाचीन हनुमान मंदिर, अलीगंज में बड़े मंगल के अवसर पर भव्य धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर में आयोजित सुंदरकांड पाठ, विशेष पूजा-अर्चना और विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भगवान संकटमोचन हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। बड़े मंगल के अवसर पर सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। फूलों की सुंदर सजावट, धार्मिक ध्वजों और विद्युत रोशनी से पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण में सराबोर दिखाई दिया। 'जय श्रीराम' और 'बजरंगबली की जय' के जयघोषों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना और सुंदरकांड पाठ से हुई। श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से सुंदरकांड का पाठ कर भगवान श्रीराम एवं हनुमान जी का स्मरण किया। इसके बाद हनुमान चालीसा एवं आरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। धार्मिक अनुष्ठानों के दौरान श्रद्धालुओं ने अपने परिवार की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और कल्याण की कामना की। धार्मिक कार्यक्रमों के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद एवं भोजन की विशेष व्यवस्था की गई थी। दोपहर से शुरू हुआ प्रसाद वितरण देर शाम तक लगातार चलता रहा। मंदिर परिसर के साथ-साथ आसपास की सड़कों पर भी श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों और युवाओं ने बड़ी संख्या में प्रसाद ग्रहण किया। स्थानीय श्रद्धालुओं का कहना है कि गुलाचीन हनुमान मंदिर में बड़े मंगल के अवसर पर आयोजित होने वाला यह भंडारा कई दशकों से क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण धार्मिक परंपरा बना हुआ है। हर वर्ष बड़ी संख्या में लोग इस आयोजन में शामिल होते हैं और सेवा कार्यों में सहयोग प्रदान करते हैं। इस बार भी श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार बड़े मंगल का दिन भगवान हनुमान की आराधना के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। लखनऊ में बड़े मंगल का विशेष महत्व है और पूरे शहर में विभिन्न स्थानों पर भंडारे, धार्मिक अनुष्ठान और सेवा कार्य आयोजित किए जाते हैं। इस वर्ष आठ बड़े मंगल पड़ने के कारण श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और श्रद्धा देखने को मिल रही है। लंबे समय बाद श्रद्धालुओं को आठ बड़े मंगल के अवसर पर संकटमोचन हनुमान जी के दर्शन और पूजा का विशेष अवसर प्राप्त हुआ है। आयोजन को सफल बनाने में तेज नारायण शुक्ल उर्फ चौवा, जितेंद्र राजपूत, विशाल शाह सहित अनेक सामाजिक एवं धार्मिक कार्यकर्ताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजकों ने बताया कि समाज में धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह आयोजन वर्षों से निरंतर किया जा रहा है। उन्होंने सभी सहयोगियों, स्वयंसेवकों और श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों की टीम श्रद्धालुओं की सुविधा और व्यवस्था बनाए रखने में लगातार जुटी रही। प्रसाद वितरण, पेयजल व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था तथा यातायात प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया गया। आयोजन में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा विभिन्न धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी सहभागिता की। पूरे दिन मंदिर परिसर में भक्ति और सेवा का अनूठा संगम देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने भगवान हनुमान जी के चरणों में नमन कर प्रदेश और देश की सुख-शांति, समृद्धि तथा जनकल्याण की कामना की। बड़े मंगल के इस भव्य आयोजन ने एक बार फिर लखनऊ की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया।

# योग - स्वस्थ जीवनशैली का भारतीय दर्शन



भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर योग आज संपूर्ण विश्व के लिए कल्याण का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। प्रतिवर्ष 21 जून को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अब केवल भारत की सांस्कृतिक सीमाओं में बंधा उत्सव नहीं है, बल्कि यह वैश्विक धरातल पर स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और समग्र आरोग्यता का एक विराट जन-आंदोलन बन चुका है। वर्ष 2026 में संपूर्ण विश्व इस ऐतिहासिक यात्रा का 12वां वार्षिक आयोजन देख रहा है। इस महान वैश्विक यात्रा की औपचारिक शुरुआत 21 जून 2015 को हुई थी, जब प्रथम बार समस्त विश्व ने एक सुर में योग की महत्ता को अंगीकार करते हुए इसके सार्वभौमिक स्वरूप का उत्सव मनाया था। इस वर्ष का केंद्रीय विचार स्वरूप वृद्धावस्था के लिए योग निर्धारित किया गया है, जो समकालीन वैश्विक समाज की एक अत्यंत संवेदनशील और अनिवार्य आवश्यकता को रेखांकित करता है। चिकित्सा विज्ञान की प्रगति के कारण निरंतर बढ़ती जीवन प्रत्याशा, तीव्र गति से बदलती जीवनशैली, मानसिक एकाकीपन और बढ़ती हुई स्वास्थ्य चुनौतियों के मध्य योग को एक ऐसी संजीवनी के रूप में देखा जा रहा है जो वयोवृद्ध जनों को एक सक्रिय, स्वस्थ और सम्मानजनक जीवन जीने का सुदृढ़ आधार प्रदान करता है।

योग भारत की उस पुरातन और सनातन ज्ञान परंपरा का अनमोल उपहार है जिसे हजारों वर्षों से भारतीय ऋषियों, मनीषियों और योगियों ने अपने तप से सींचा है। उनके अनुसार योग मात्र शारीरिक अंगों के संचालन या व्यायाम की एक पद्धति नहीं है, अपितु यह शरीर, मन, बुद्धि और आत्मा के मध्य परम सामंजस्य स्थापित करने का एक उत्कृष्ट माध्यम है। योग का मूल ध्येय मानव को आंतरिक और बाह्य दोनों स्तरों पर संतुलित और शांत बनाना है। यह स्वयं को स्वयं से जोड़ने की एक आध्यात्मिक और वैज्ञानिक प्रक्रिया है, जिसमें आसनों की स्थिरता, प्राणायाम द्वारा प्राणवायु का नियमन, ध्यान की गहराई और एक अनुशासित दिनचर्या का सुंदर समन्वय होता है। आज आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी इस शाश्वत सत्य को स्वीकार कर चुका है कि योग केवल शरीर को लचीला बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने, भावनात्मक उथल-पुथल को शांत करने और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने में भी अत्यंत प्रभावी सिद्ध हुआ है।

इस वैश्विक आंदोलन की स्थापना का पृष्ठभूमि अत्यंत गौरवशाली रही है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को वैश्विक पटल पर स्थापित करने का दूरदर्शी विचार भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 69वें सत्र में अपने ऐतिहासिक संबोधन के दौरान संपूर्ण विश्व के सम्मुख प्रस्तुत किया था। उन्होंने योग को संपूर्ण मानवता के लिए एक ऐसी अमूल्य साझा विरासत बताया था जो प्रकृति और मनुष्य के बीच सामंजस्य, स्वास्थ्य और वैश्विक शांति का मार्ग दिखाती है। इस अभिनव प्रस्ताव को वैश्विक समुदाय का अभूतपूर्व समर्थन प्राप्त हुआ। परिणामस्वरूप, मात्र कुछ ही महीनों के भीतर 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने भारी बहुमत से प्रस्ताव संख्या 69/131 को पारित करते हुए 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित कर दिया। इस प्रस्ताव का सबसे विस्मयकारी पक्ष यह था कि विश्व के 177 देशों ने इसके सह-प्रायोजक के रूप में अपनी लिखित सहमति दी थी, जो संयुक्त राष्ट्र संघ के संपूर्ण इतिहास में किसी भी महासभा प्रस्ताव को प्राप्त होने वाला अब तक का सबसे व्यापक और तीव्र समर्थन माना जाता है। इसके पश्चात 21 जून 2015 को संपूर्ण विश्व ने प्रथम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अत्यंत उत्साह के साथ मनाया गया और तब से यह निरंतर प्रगति पर है।

योग दिवस के भव्य आयोजन के लिए 21 जून की तिथि का चयन भी आकस्मिक नहीं था, वरन इसके पीछे एक अत्यंत गहन वैज्ञानिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक दृष्टिकोण निहित था। खगोलीय विज्ञान के अनुसार यह तिथि उत्तरी गोलार्ध में वर्ष का सबसे लंबा दिन होता है, जिसे ग्रीष्म संक्रांति के नाम से जाना जाता है। इस विशिष्ट खगोलीय घटना के पश्चात सूर्य दक्षिणायन की ओर प्रवृत्त होता है। भारतीय आध्यात्मिक और यौगिक परंपरा में संक्रमण के इस कालखंड को अत्यधिक महत्वपूर्ण माना गया है। इसे ऊर्जा के रूपांतरण, आत्मिक शुद्धि, ध्यान साधना की सिद्धि और चेतना के उच्च स्तरों को जाग्रत करने के लिए सर्वोत्तम माना जाता है। योग दर्शन के पौराणिक आख्यानों में यह भी मान्यता है कि इसी संक्रांति काल के आसपास आदिगुरु शिव ने अपने प्रथम सात शिष्यों अर्थात सप्तऋषियों को योग का परम ज्ञान देना प्रारंभ किया था, जिससे वे साक्षात् आदियोगी बने। अतः इस पावन दिवस का चयन प्रकृति और अध्यात्म के अद्भुत मिलन का प्रतीक है।

वर्ष 2026 का यह 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस इस दृष्टिकोण से एक ऐतिहासिक उपलब्धि सिद्ध हो रहा है क्योंकि इसका मुख्य ध्यान वयोवृद्ध आबादी के कल्याण पर केंद्रित है। वर्तमान समय में विश्व के अधिकांश विकसित और विकासशील देशों में वृद्धजनों की जनसंख्या अत्यंत तीव्र गति से बढ़ रही है। उन्नत चिकित्सा प्रणालियों और सुधरते जीवन स्तर ने मनुष्यों की आयु को तो दीर्घ बना दिया है, किंतु केवल आयु की दीर्घता ही जीवन की सार्थकता की कसौटी नहीं हो सकती। वास्तविक आवश्यकता इस बात की है कि मनुष्य अपने जीवन के अंतिम पड़ाव में भी शारीरिक रूप से आत्मनिर्भर, मानसिक रूप से सजग और भावनात्मक रूप से प्रफुल्लित रहे। योग इसी आवश्यकता की शत-प्रतिशत पूर्ति करता है। वृद्धावस्था में शरीर की मांसपेशियां शिथिल होने लगती हैं, जोड़ों की गतिशीलता घटने लगती है और तंत्रिका तंत्र कमजोर होने लगता है। नियमित योगाभ्यास इन सभी विसंगतियों को दूर कर शरीर का संतुलन बेहतर बनाता है, जिससे इस अवस्था में गिरने या चोटिल होने की दुर्घटनाएं न्यूनतम हो जाती हैं। इसके साथ ही यह रक्तचाप को नियमित रखने, हृदय की कार्यप्रणाली को सुचारू बनाने और फेफड़ों की श्वसन क्षमता को उत्कृष्ट रखने में महती भूमिका निभाता है।

शारीरिक लाभों से इतर, समकालीन युग में मानसिक स्वास्थ्य की चुनौतियां भी विकराल रूप धारण कर चुकी हैं। अवसाद, अत्यधिक चिंता, तनाव और विशेष रूप से वृद्धजनों में देखा जाने वाला अकेलापन आज के समाज की मूक त्रासदियां हैं। जब जीवन की संध्या बेला में व्यक्ति स्वयं को समाज या परिवार से कटा हुआ महसूस करता है, तब योग के अंग जैसे प्राणायाम और ध्यान उसके अंतर्मन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। ध्यान की निरंतर साधना से मस्तिष्क में शांति का प्रादुर्भाव होता है, जिससे मानसिक स्थिरता बढ़ती है और व्यक्ति जीवन की अपरिहार्य परिस्थितियों का सामना अधिक धैर्य और संतुलन के साथ करने में सक्षम होता है। यौगिक क्रियाएं शरीर में प्रसन्नता प्रदान करने वाले प्राकृतिक रसायनों के स्राव को बढ़ाती हैं, जो मानसिक व्याधियों के शमन में सहायक हैं। यही कारण है कि आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी योग को मानसिक स्वास्थ्य सुधारने के प्रभावी साधनों में शामिल कर रहा है।

भारतीय योग पद्धति की सबसे बड़ी विशेषता इसकी विविधता और सर्वसमावेशी प्रकृति है। इसके अंतर्गत विभिन्न प्रवृत्तियों वाले मनुष्यों के लिए अलग-अलग मार्ग सुझाए गए हैं। हठ योग जहां शारीरिक शुद्धि और प्राणों के संतुलन पर बल देता है, वहीं राजयोग मन के नियंत्रण, आत्मानुशासन और ध्यान की उच्चतम अवस्था की ओर ले जाता है। कर्मयोग मनुष्य को फल की इच्छा के बिना समाज के प्रति निःस्वार्थ भाव से कर्तव्य पालन की सीख देता है, जिससे अहंकार का नाश होता है। भक्ति योग पूर्ण समर्पण, प्रेम और ईश्वर के प्रति अगाध श्रद्धा का मार्ग है, जो हृदय को शुद्ध करता है। ज्ञान योग आत्मचिंतन, विवेक और सत्य की खोज के माध्यम से अज्ञानता के अंधकार को दूर करता है। इन सभी विविध धाराओं का अंतिम और साझा उद्देश्य मानव के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना और उसे मोक्ष अथवा परम शांति की ओर अग्रसर करना है।

इस वर्ष 2026 में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य राष्ट्रीय समारोह पश्चिम बंगाल की ऐतिहासिक नगरी कोलकाता में आयोजित किया जा रहा है। हुगली नदी के तटों और कोलकाता के विशाल मैदानों में जब हजारों साधक एक साथ बैठकर प्राणायाम और योगासनों का अभ्यास करेंगे, तो वह दृश्य संपूर्ण विश्व को भारत की इस पावन विद्या की शक्ति का दिग्दर्शन कराएगा। कोलकाता के इस केंद्रीय आयोजन के साथ-साथ देश के प्रत्येक राज्य, जनपद, ग्राम पंचायत, शैक्षणिक संस्थानों, सेना के प्रतिष्ठानों और विदेशों में कार्यरत भारतीय दूतावासों में भी व्यापक स्तर पर सामूहिक योग सत्रों का आयोजन सुनिश्चित किया गया है। यह इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि योग अब किसी एक धर्म, जाति, देश या संस्कृति की सीमा में आबद्ध नहीं रहा, बल्कि यह वैश्विक स्वास्थ्य नीति और जन-कल्याण का एक अनिवार्य घटक बन चुका है।

आज के इस आधुनिक दौर में जब संपूर्ण मानवता अनियंत्रित दिनचर्या जनित रोगों, मानसिक विकारों, पर्यावरण असंतुलन और सामाजिक तनावों से घिरी हुई है, तब योग एक अत्यंत सुलभ, बिना किसी मूल्य वाले और सार्वभौमिक समाधान के रूप में प्रकाश स्तंभ की भांति खड़ा है। इसके लिए किसी महंगे संसाधन अथवा कृत्रिम उपकरणों की आवश्यकता नहीं होती। इसे समाज का कोई भी व्यक्ति, चाहे वह किसी भी आयु वर्ग, लिंग अथवा आर्थिक पृष्ठभूमि का हो, सहजता से सीख और अपना सकता है। योग की यही सरलता और प्रासंगिकता इसे सर्वव्यापी बनाती है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हमें केवल 21 जून के दिन प्रतीकात्मक रूप से योग करने की प्रेरणा नहीं देता, बल्कि इसका वास्तविक संदेश योग को अपनी दैनिक जीवनशैली का अभिन्न अंग बनाना है। यदि प्रत्येक नागरिक प्रतिदिन मात्र कुछ समय योग के लिए समर्पित करे, तो वह न केवल अपने व्यक्तिगत स्वास्थ्य को उन्नत बना सकता है, बल्कि एक स्वस्थ, ऊर्जावान और समरसता पूर्ण समाज के निर्माण में भी अपना अमूल्य योगदान दे सकता है। अंततः, वर्ष 2026 का यह उत्सव मानवता को एक स्वर्णिम संदेश दे रहा है कि योग ही स्वस्थ जीवन और आनंदमय भविष्य का एकमात्र सुरक्षित मार्ग है।

**महेन्द्र तिवारी**

# बाग़ी नेता: सिद्धांत या मजबूरी?




**संपादक/लेखक: राजीव शुक्ला**

उत्तर प्रदेश में एक नई बहस शुरू हो गई है कि समाजवादी पार्टी में एक बड़ी टूट होने जा रही है। एनडीए समर्थित कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने अपने ट्विटर अकाउंट से यह दावा किया है कि 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले सपा के 20 से 22 सांसद भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने के लिए तैयार बैठे हैं। सोशल मीडिया पर बाकायदा इनके नाम भी आ चुके हैं लेकिन अब इसमें कितना सच है और कितना झूठ ये तो वक्त ही बताएगा। हां ये तो आजकल की राजनीति में संभव है कि कुछ भी हो सकता है। जिन समाजवादी पार्टी के सांसदों के नाम लिये जा रहे हैं उन्होंने सोशल मीडिया पर आकर सफाई भी दी है कि भाई ऐसा कुछ नहीं है। उधर महाराष्ट्र मुंबई में भी उद्धव ठाकरे की शिव सेना पर भी ऐसे ही कुछ दावे किए जा रहे हैं। एकनाथ शिंदे ने स्पष्ट किया है आगे आगे देखो होता है क्या वहीं उद्धव ठाकरे ने कह दिया है कि बागी नेता सत्ता के साथ रहना चाहते हैं इसलिए ये टूट आसानी से की जातीं हैं। 'पार्टी छोड़ दी, लेकिन जनता की सेवा नहीं छोड़ी।' ये लाइन हर बाग़ी नेता के प्रेस कॉन्फ्रेंस में सुनाई देती है। लेकिन सच ये है कि 10 में से 8 बाग़ी नेता 6 महीने के अंदर सत्ता के साथ खड़े मिलते हैं। सवाल ये है - ये विचारधारा का संघर्ष है या सियासी सर्वाइवल का गणित? बाग़ी बनते क्यों हैं नेता इस पर एक ही सवाल सामने निकल कर आता है कि सब सत्ता की शरण में रहना चाहते हैं टिकट और पद न मिलने पर- चुनाव से 6 महीने पहले बगावत का मौसम शुरू होता है। जब हाईकमान किसी और को टिकट देता है, तो पुराना नेता 'सिद्धांतों से समझौता नहीं कर सकता' कहकर निकल लेता है। अंदरूनी गुटबाजी- पार्टी में दो खेमे बन जाते हैं। जो हारता है, वो अक्सर बाग़ी बन जाता है। महाराष्ट्र में शिंदे-ठाकरे और अजित पवार-शरद पवार दोनों इसी कहानी के दो हिस्से हैं। केंद्रीय जांच एजेंसियों का दबाव- ED, CBI, IT के नोटिस के बाद कई नेता पाला बदल लेते हैं। विपक्ष इसे 'वॉशिंग मशीन' कहता है। सत्ता पक्ष कहता है 'भ्रष्टाचार पर कार्रवाई हो रही है'।

**सत्ता से बाहर रहने का डर-** क्षेत्रीय नेता जानते हैं कि 5 साल विपक्ष में रहने का मतलब है फंड, ठेके, कार्यकर्ताओं का टूटना। इसलिए वो सत्ता के करीब रहते हैं। बाग़ी सत्ता के साथ क्यों लौटते हैं?

**कार्यकर्ता साथ नहीं छोड़ता-** नेता अकेले नहीं चलता। उसके साथ 200-300 कार्यकर्ता होते हैं। अगर वो 5 साल विपक्ष में रहा, तो कार्यकर्ता बेरोजगार हो जाते हैं। ठेके बंद, पुलिस केस, दबाव। इसलिए नेता कहता है 'जनता के हित में फैसला लिया'। विकास के नाम पर सौदेबाजी- 'अगर मैं सत्ता में नहीं रहूंगा तो मेरा क्षेत्र पिछड़ जाएगा।' ये नैरेटिव वोटर को भी समझ आता है। कई बार सत्ता पक्ष बाग़ी को मंत्री बना देता है, बदले में वो अपने 5-10 विधायक साथ ले आता है। कानूनी बचाव-

दलबदल विरोधी कानून में एक खामी है। अगर 2/3 विधायक साथ हों तो अयोग्यता नहीं लगती। ये 'विलय' कहलाता है। इसलिए बाग़ी पूरी गुटबंदी लेकर चलते हैं, अकेले नहीं। जनता की याददाश्त कमजोर होती है- 6 महीने बाद लोग




भूल जाते हैं कि नेता ने किस पर आरोप लगाए थे। अगले चुनाव में वही नेता सत्ता पक्ष के सिंबल पर खड़ा होता है और जीत भी जाता है। इससे लोकतंत्र को क्या नुकसान होता है? जनादेश का अपमान- तुमने 2019 में पार्टी को वोट दिया। 2022 में विधायक पार्टी क्रमें चला गया। सरकार गिर गई। ये जनता का फैसला नहीं, विधायकों का सौदा बन जाता है। नीतियां अस्थिर होती हैं- 5 साल का प्रोजेक्ट 2 साल में बदल जाता है क्योंकि सरकार बदल गई। इंवेस्टर को भरोसा नहीं रहता। कार्यकर्ताओं का मनोबल टूटता है- जो 10 साल से पार्टी के लिए लड़ा, वो देखता है कि बाहर से आया नेता मंत्री बन गया। फिर अगली बार वो भी बगावत का मन बनाता है।

**भरोसे का संकट-** CSDS के सर्वे में 62% लोगों ने कहा कि 'नेता सिर्फ सत्ता के लिए पाला बदलते हैं'। ये अविश्वास लोकतंत्र की जड़ कमजोर करता है। क्या कहते हैं आंकड़े?

2014 से 2024 के बीच 450 से ज्यादा विधायक और सांसद ने पार्टी बदली। महाराष्ट्र: 2022-2024 में शिवसेना और NCP दोनों टूटीं। 40 से ज्यादा विधायक सत्ता पक्ष में चले गए। मध्य प्रदेश: 2020 में 22 कांग्रेस विधायक BJP में गए, सरकार गिर गई। बिहार: JDU ने 2017, 2022, 2024 में गठबंधन बदला। अधिकांश मामलों में बाग़ी नेता या तो मंत्री बने या बड़ी जिम्मेदारी मिली। क्या कोई रोक है? दलबदल विरोधी कानून 1985 बना था, लेकिन:- स्पीकर का फैसला सालों लटकता है। तब तक विधायक मजा लेता है। 2/3 वाली छूट ने कानून को बेअसर कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कई बार कहा कि स्पीकर 3 महीने में फैसला करें, लेकिन फॉलोअप नहीं होता। रास्ता क्या है? 2/3 वाली छूट खत्म करो: अगर विधायक पार्टी छोड़ता है तो सीट खाली घोषित हो। 6 महीने में उपचुनाव हो। जनता फिर फैसला करे। फंडिंग ट्रांसपेरेंट हो- नेताओं के पास अचानक पैसा कहां से आता है, इसका हिसाब हो। पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र- अगर कार्यकर्ता को लगेगा कि उसकी सुनी जाती है, तो बगावत कम होगी। वोटर की जवाबदेही- जब बाग़ी नेता दोबारा आए तो वोटर पूछे - 'तुमने पार्टी बदली, मेरी समस्या बदली क्या?' बाग़ी नेता सत्ता के साथ रहना चाहते हैं क्योंकि राजनीति अब सेवा कम, सर्वाइवल ज्यादा बन गई है। नेता के पास दो रास्ते हैं - या तो 5 साल विपक्ष में रहकर लड़ो, या सत्ता के साथ रहकर काम करो। ज्यादातर दूसरा रास्ता चुनते हैं। समस्या नेता में नहीं, सिस्टम में है। जब तक दलबदल का फायदा नुकसान से ज्यादा होगा, तब तक ये सिलसिला नहीं रुकेगा। लोकतंत्र तभी मजबूत होगा जब वोटर ये समझ ले कि वोट व्यक्ति को नहीं, पार्टी और सिद्धांत को जाता है। और जब सिद्धांत बिक जाए, तो अगली बार उस चेहरे को नकार दे।

# भारतीय दर्शनशास्त्र का अद्भुत उपहार योग शरीर से आत्मा तक का सफर योगाभ्यास

योग स्वयं के माध्यम से आत्मा की यात्रा मार्ग हैद्य अर्वाचीन भारतीय दर्शन शास्त्र की पाठशाला में एक महत्वपूर्ण एवं अद्भुत शिक्षा योग भी हैद्य योग शब्द मूलतः संस्कृत की भाषा से उपजा शब्द है। योग शब्द की उत्पत्ति संस्कृत के शब्द 'युज,से हुई है इसके दो अर्थ है पहला अर्थ जोड़ना तथा दूसरा बहुत ही वृहद व्यापक शब्द अनुशासन है। योग से उसके अभ्यास के कारण शरीर तथा मस्तिष्क में एक सामंजस्य और संबंध बन जाता है, जिससे मस्तिष्क शांत तथा अनुशासित रहता हैं। यह व्यायाम का ही एक अंग है,जिससे शरीर तथा मन नियंत्रित रह कर जीवन को परिस्थितियों के अनुकूल एवं सफल बनाता है। योग स्वस्थ जीवन जीने का एक विज्ञान है। यह एक प्रकार की यौगिक औषधि है, वह हमारे शरीर के काम करने के तरीकों को धीरे-धीरे बेहतर कर शिथिल अंगों को स्वयं हल्के हल्के ठीक कर देता है।

निरोगी काया श्रेष्ठ जीवन का वरदान होती है। यदि आप निरोगी और स्वस्थ हैं तो आप सफलतम व्यक्ति बन सकते हैं धन लिप्सा आकांक्षा लालच से योग मुक्त कर एक खुशनुमा जीवन जीने की जीजिविषा तथा जुजुस्ता पैदा करता है। योग जीवन की एक कला है जो वर्तमान परिवेश में और भौतिक जगत में अत्यंत प्रासंगिक भी है। योग हमें शारीरिक तथा मानसिक रूप से स्वस्थ रखने का एक सशक्त माध्यम है हम सबको, आपको लगता है कि आज के आधुनिक जीवन में हमें एक बहुत अस्त व्यस्त तथा मानसिक असंतुलन वाली जीवन शैली मिली है। यह सभी अनियमित भोजन की आदतों, अभाव या अनुचित नींद या लंबे समय तक कठोर श्रम करने के कारण प्राप्त हुई है। नई पीढ़ी के बच्चे, युवा स्वस्थ जीवन शक्ति सार्वजनिक लचीलापन ऊर्जा और रोगों के लिए प्रतिरोधात्मक क्षमता की खोज में लगे हुए है,और सही सहीं माना जाए तो इन सब का जवाब योग अभ्यास में ही है।

योग के आसन प्राणायाम और ध्यान से संयमित शरीर और आत्मा के साथ संतुलित जीवन शैली को प्राप्त किया जा सकता है। और इस जीवन में हम अपने को शक्तिवान,ऊर्जावान महसूस करने लगते हैं। योगाभ्यास के जरिए न केवल बीमारियों से छुटकारा पाया जा सकता है बल्कि स्वयं के अंदर एक नई ऊर्जा का संचार भी किया जा सकता है। अपने बेडौल शरीर को भी योग अभ्यास के जरिए सही आकार में लाने का यह सर्वाधिक सुरक्षित आसान और कारगर तथा लागत विहीन जरिया है। योग्य के वैसे तो कर्म योग, भक्ति योग,ज्ञान योग, राजयोग और हठयोग भी अलग-अलग विभेद हैं, पर सभी पांचों योगों के अलग-अलग तरीके तथा अलग-अलग फायदे हैं।

कर्म योग सदैव दूसरों की सेवा के लिए प्रेरित करता है। और इसका मूल्य देश सामाजिक कल्याण यह समाज सेवा ही है। भक्ति योग हमें ईश्वर की साधना कैसे की जाए, यह पाठ पढ़ाता है ।भक्ति योग मनुष्य के अंदर हृदय तथा मस्तिष्क को संतुलित कर एक सकारात्मक ऊर्जा की ओर प्रेरित करता है।भक्ति योग एक प्रकार का मानसिक योग है जिससे मन शांत रहकर सहिष्णुता की उत्पत्ति होती है, यह अहिंसक मार्ग की ओर प्रेरित करता है। ज्ञान योग बुद्धि के विकास एकाग्रता बढ़ाने तथा समाजिक ज्ञान विज्ञान की प्रेरणा देते एवं अध्ययन मनन में मनुष्य की सहायता करता है। राजयोग सर्वाधिक प्रचलित कथा लोकप्रिय योग है। यह योग की सबसे महत्वपूर्ण विधा है इसमें यम, नियम, आसन, प्राणायाम,प्रत्याहार धारणा और ध्यान या समाधि इसमें परम आनंद की प्राप्ति या मोक्ष प्राप्ति की विधाओं के बारे में विस्तृत वर्णन है।

योग का इतिहास पांच सौ साल पुराना है। पश्चिमी देशों के लोगों का परिचय योग से तब हुआ जब स्वामी विवेकानंद ने अपने शिकागो की यात्रा के समय लोगों को योग के महत्व के बारे में व्यापक रूप से बताया था। इसके बाद पूरे विश्व में योग के प्रचार प्रसार के लिए कई योग गुरु ने अनथक प्रयास कर योग को विश्वव्यापी फलक पर विराजमान किया। पहली बार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2015 को मनाया गया। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने इसकी पहल कर 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र संघ की आम सभा में अपने भाषण में उल्लेख कर इसे प्रतिपादित किया। उन्होंने अपने भाषण में कहा था कि योग शारीरिक तथा मानसिक सामंजस्य का अद्भुत सहयोग तथा तरीका है। यह मनुष्य तथा प्रकृति के बीच का एक सामंजस्य स्थापित करने वाला अद्भुत से सेतु है। और तब 11 दिसंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र संघ में उसके 177 सदस्यों द्वारा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने की सहमति देकर इस प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की थी। इस प्रस्ताव को बहुत ही कम समय में मंजूरी प्रदान कर दी गई, जो कि संयुक्त राष्ट्र संघ के इतिहास की सबसे कम समय में दी गई मंजूरी थी।

योग के वैसे तो अनगिनत फायदे हैं। और हम यह कह सकते हैं कि योगाभ्यास ईश्वर द्वारा मानव सभ्यता को दिया गया अप्रतिम उपहार है। योग किसी चमत्कार से कम नहीं।जिन असाध्य बीमारियों का वर्तमान चिकित्सा पद्धति से इलाज नहीं हो पाता,योग उन बीमारियों को शनै शनै उपचार कर ठीक कर देता है। यह शारीरिक मानसिक शांति ऊर्जा शक्ति तो देता ही है, साथ में हमें आत्म संयम, आत्मबल तथा आत्मज्ञान से भी रूबरू कराता है। योग बहुत ही आसान व्यायाम है,यह दैनिक क्रियाओं के साथ स्वस्थ शरीर और मन की क्रिया है। नाड़ी शोधन, कपालभाति, शीतली, अनुलोम विलोम जैसी क्रियाओं से शरीर में प्राण वायु की संतुलित मात्रा बढ़ती है, एवं स्नायु तंत्र मजबूत होता है। कोरोना संक्रमण काल मे कपालभाति,अनुलोम विलोम, नाड़ी शोधन शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ाने के कारगर उपायों में गिना जाता रहा है, और इसने मरीजों की बहुत मदद भी की है। योग से रोगों की तीव्रता कम हो जाती है, तथा कई रोगों से छुटकारा भी मिल जाता है।अतः आप सभी को योग दिवस की शुभकामनाएं स्वस्थ रहें मस्त रहें निरोगी रहें।

**संजीव ठाकुर**

## दैनिक राशिफल

**मेष**
आज आत्मविश्वास बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारी मिल सकती है। धन संबंधी मामलों में सोच-समझकर निर्णय लें। परिवार का सहयोग मिलेगा।

**वृषभ**
आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकती है। रुके हुए कार्य पूरे होने के संकेत हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें और खान-पान में संयम बरतें।

**मिथुन**
नए लोगों से संपर्क लाभदायक रहेगा। नौकरी और व्यापार में प्रगति के अवसर मिल सकते हैं। अनावश्यक विवादों से बचें।

**कर्क**
भावनाओं पर नियंत्रण रखें। पारिवारिक मामलों में धैर्य से काम लें। विद्यार्थियों के लिए दिन अनुकूल रहेगा।

**सिंह**
नेतृत्व क्षमता की प्रशंसा होगी। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलने के योग हैं। खर्चों पर नियंत्रण रखना आवश्यक होगा।

**कन्या**
योजनाबद्ध तरीके से काम करने से लाभ मिलेगा। पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

**तुला**
दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। साझेदारी के कार्यों में सफलता मिल सकती है। किसी शुभ समाचार की प्राप्ति संभव है।

**वृश्चिक**
कार्यभार अधिक रह सकता है, लेकिन मेहनत का अच्छा परिणाम मिलेगा। निवेश के मामलों में विशेषज्ञ की सलाह लें।

**धनु**
भाग्य का साथ मिलेगा। यात्रा के योग बन सकते हैं। धार्मिक एवं आध्यात्मिक गतिविधियों में रुचि बढ़ेगी।

**मकर**
धन संबंधी मामलों में सावधानी रखें। नौकरी में वरिष्ठों का सहयोग मिलेगा। परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा।

**कुंभ**
नई योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें।

**मीन**
रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। प्रेम संबंधों में सकारात्मकता रहेगी। आर्थिक मामलों में लाभ के संकेत हैं।

# माता-पिता जागें तो पीढ़ी चमके: नया सत्र, नया दायित्व-पत्र

**[हर घर बने पाठशाला, हर अभिभावक बने शिक्षक]**

**[दस छोटे-छोटे फर्ज, एक बड़ी क्रांति: माता-पिता और नई शिक्षा सत्र]**

हर नए सत्र के साथ बच्चों के हाथों में किताबें आती हैं, लेकिन इस बार जिम्मेदारियों की एक नई पुस्तक माता-पिता के सामने भी खुल रही है। वर्षों तक शिक्षा को विद्यालय की सीमा में बांधकर देखा गया, जबकि अभिभावकों की भूमिका फीस और परिणाम तक सिमट गई। नई शिक्षा व्यवस्था ने यह दृष्टिकोण बदल दिया है। अब शिक्षा का केंद्र केवल कक्षा नहीं, घर भी है। माता-पिता दर्शक नहीं, बच्चे के भविष्य के शिल्पकार हैं। प्रश्न यह नहीं कि बच्चा क्या सीख रहा है, बल्कि यह है कि उसके निर्माण में परिवार कितना सहभागी है। 2026 का शिक्षा सत्र ऐसे दस महत्वपूर्ण दायित्वों की याद दिलाता है, जिनके बिना किसी भी पीढ़ी का भविष्य सशक्त नहीं बन सकता।

**पहला कर्तव्य** बच्चे को समझे बिना उसका भविष्य नहीं गढ़ा जा सकता। हर बच्चा अंकों का जोड़ नहीं, संभावनाओं का संसार है। उसकी जिज्ञासा, कल्पना और सपने ही उसकी पहचान हैं। विडंबना है कि आज कई अभिभावक केवल परिणाम देखते हैं। स्क्रीनों के दौर में माता-पिता का दायित्व है कि वे बच्चे को खेल, पुस्तकों और प्रकृति से जोड़ें। यह काम परिवार ही कर सकता है। बच्चे की प्रतिभा पहचानने वाले माता-पिता ही उसके भविष्य के शिल्पकार बनते हैं।

**दूसरा कर्तव्य** विद्यालय की दिशा तय करने में अभिभावकों की आवाज़ महत्वपूर्ण है। विद्यालय प्रबंधन समिति में 75 प्रतिशत भागीदारी केवल नियम नहीं, जिम्मेदारी है। बच्चों की सुरक्षा, शिक्षा की गुणवत्ता और शिक्षकों की जवाबदेही में उनकी भूमिका आवश्यक है। यदि वे मौन रहेंगे, तो बदलाव की उम्मीद कमजोर पड़ेगी। शिक्षा अभिभावकों की सहभागिता से आकार लेती है। आज की निष्क्रियता, भविष्य की उपेक्षा है।

**तीसरा कर्तव्य** बच्चे की पहली कक्षा घर से शुरू होती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति का 5+3+3+4 ढांचा बताता है कि शिक्षा की नींव शुरुआती वर्षों में घर पर पड़ती है। कहानियां, प्रश्न पूछने की आज़ादी, असफलता स्वीकारने का साहस और सीखने का आनंद–ये पाठ कोई पाठ्यपुस्तक नहीं सिखा सकती। संवादपूर्ण घर बच्चों को केवल जानकारी नहीं, समझ देता है। शिक्षा का पहला पाठ मां की गोद और पिता के आचरण से शुरू होता है।

**चौथा कर्तव्य** बच्चे को सबसे अधिक जरूरत समझे जाने की होती है। आज का बच्चा सुविधाओं के बीच भी अकेलेपन से जूझ रहा है। उसके भीतर डर, असुरक्षाएं और अनकहे सवाल हैं। इसलिए माता-पिता को केवल समझाने वाला नहीं, सुनने वाला बनना होगा। बच्चे की चुप्पी, गुस्से और सपनों को समझना ही सच्चा अभिभावकत्व है। जिस घर में विश्वास होता है, वहां बच्चे बड़ी चुनौतियों का सामना भी आत्मविश्वास से करते हैं। भावनात्मक सुरक्षा हर उपलब्धि की नींव है।



**पांचवां कर्तव्य** बच्चे के विकास की नींव घर और विद्यालय की एकजुटता है। शिक्षक और अभिभावक एक ही लक्ष्य के साझेदार हैं। नियमित संवाद, ईमानदार प्रतिक्रिया और परस्पर सम्मान से शिक्षा सार्थक बनती है। घर का छोटा व्यवहारिक बदलाव भी शिक्षक के लिए महत्वपूर्ण संकेत हो सकता है। जब घर और विद्यालय साथ चलते हैं, तभी बच्चे का विकास तेज़ होता है। शिक्षा में प्रतिस्पर्धा नहीं, सहयोग सबसे प्रभावी सूत्र है।

**छठा कर्तव्य** बच्चे की सबसे बड़ी विरासत संस्कार हैं। ज्ञान पुस्तकें दे सकती हैं, पर चरित्र का निर्माण परिवार ही करता है। ईमानदारी, अनुशासन, सहानुभूति, परिश्रम और नैतिक साहस पाठ्यक्रम नहीं, घर के वातावरण की देन हैं। यदि माता-पिता केवल करियर पर ध्यान देंगे और चरित्र को भूल जाएंगे, तो समाज डिग्रीधारियों से भर जाएगा, जिम्मेदार नागरिकों से नहीं। राष्ट्र का भविष्य पाठ्यक्रम नहीं, संस्कार तय करते हैं।

**सातवां कर्तव्य** स्वस्थ बच्चा ही बेहतर सीख सकता है। पर्याप्त नींद, पौष्टिक भोजन, नियमित खेलकूद और स्क्रीन-मुक्त समय अब विकल्प नहीं, आवश्यकता हैं। थका शरीर और तनावग्रस्त मन कभी श्रेष्ठ शिक्षा ग्रहण नहीं कर सकता। जब मानसिक स्वास्थ्य वैश्विक चुनौती बन चुका है, तब माता-पिता की सजगता सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है। स्वस्थ शरीर और संतुलित मन ही शिक्षा की मजबूत नींव हैं।

**आठवां कर्तव्य** बदलते समय के साथ अभिभावकों का सीखते रहना जरूरी है। नई शिक्षा नीति, बदलते पाठ्यक्रम, तकनीकी बदलाव और डिजिटल चुनौतियों को समझे बिना सही मार्गदर्शन संभव नहीं। जो अभिभावक सीखना छोड़ देते हैं, वे बच्चों की दुनिया से दूर हो जाते हैं। बच्चे को आगे बढ़ाने का सरल उपाय है–स्वयं भी सीखते रहना। शिक्षित अभिभावक ही समय की दिशा पहचान पाते हैं।

**नवां कर्तव्य** बच्चों को दबाव नहीं, भरोसे की जरूरत है। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में उन्हें आलोचक नहीं, सहारा चाहिए। तुलना, अपेक्षाएं और दबाव अनेक प्रतिभाओं को समय से पहले तोड़ देते हैं। माता-पिता को असफलताओं को भी सफलताओं जितनी सहजता से स्वीकार करना चाहिए। अपने सपनों का बोझ बच्चे पर डालना प्रेम नहीं, अन्याय है। उसे अपनी राह चुनने की स्वतंत्रता देना ही सच्चा समर्थन है।

**दसवां कर्तव्य** बच्चे के साथ निरंतर खड़े रहना ही सच्ची अभिभावकता है। शिक्षा किसी सत्र, कक्षा या परीक्षा तक सीमित नहीं, बल्कि जीवनभर चलने वाली प्रक्रिया है। माता-पिता का साथ केवल परिणामों तक नहीं होना चाहिए। संघर्ष, सफलता, भ्रम और उपलब्धि–हर मोड़ पर उनका सहयोग जरूरी है। यही निरंतरता विश्वास जगाती है, और वही विश्वास बच्चे को ऊंचाइयों तक पहुंचाता है। नया शिक्षा सत्र केवल शैक्षणिक कैलेंडर का नया पृष्ठ नहीं, बल्कि माता-पिता का दायित्व-पत्र है। आने वाली पीढ़ी का निर्माण केवल स्कूलों में नहीं, घरों में भी होगा। समय का संदेश स्पष्ट है–जागिए, भागीदारी कीजिए, मार्गदर्शक बनिए और अपने इन दस कर्तव्यों का निर्वहन कीजिए। क्योंकि भविष्य की सबसे महत्वपूर्ण कक्षा घर में लगती है, और उसके प्रथम शिक्षक माता-पिता होते हैं।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## रेलवे ट्रैक पर पिता-पुत्र की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**देवरिया।** जनपद के गौरीबाजार थाना क्षेत्र के रहने वाले पिता-पुत्र की रेलवे ट्रैक पर मौत हो जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना शुक्रवार देर रात की बताई जा रही है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार, श्रवण जायसवाल (55) पुत्र स्व. शिव नारायण जायसवाल और उनके पुत्र राकेश जायसवाल (26) कपड़े खरीदने के लिए चौरीचौरा गए थे। देर रात करीब 11 बजे दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसी दौरान वे जील मोटेल के पीछे रेलवे ट्रैक पर पहुंच गए, जहां ट्रेन की चपेट में आने से दोनों की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को ट्रैक से हटाकर कब्जे में लिया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए मॉर्चरी हाउस भेज दिया है। वहीं फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य संकलन की कार्रवाई की। क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर सतेन्द्र राय ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस ने बताया कि मौके पर शांति व्यवस्था कायम है और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।

## विद्युत तार की चपेट में आने से सारस पक्षी की मौत



**रतनपुर/महराजगंज।** सोहगीबरवा वन्यजीव प्रभाग के उत्तरी चौक रेंज अंतर्गत घोडहवा बीट क्षेत्र के सीमावर्ती गांव रेहरा टोला महुलानी चौराहे पर शनिवार की दोपहर हाईवोल्टेज विद्युत तार की चपेट में आने से राजकीय पक्षी सारस की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महुलानी चौराहे के पास उड़ते समय सारस अचानक चालू बिजली के तारों से टकरा गया और करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलसते हुए जमीन पर गिर पड़ा। सारस को घायल अवस्था में तड़पता देख स्थानीय लोग तुरंत उसे बचाने के लिए दौड़े और हरसंभव प्रयास किया, लेकिन करंट का झटका इतना तेज था कि पक्षी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। ग्रामीणों की सूचना पर घोड़हवा वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मृत सारस को अपने कब्जे में लेकर वन चौकी ले गए। इस संबंध में उत्तरी चौक रेंज के घोडहवा बीट के फारेस्टर जितेंद्र कुमार गौड़ ने बताया कि बिजली के तार की चपेट में आने से राजकीय पक्षी सारस की मृत्यु हुई है, जिसका वन चौकी पर नियमानुसार पंचनामा भरने के बाद शव को सुरक्षित रूप से दफना दिया गया है।

## गोला तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस, 125 में सिर्फ 9 मामलों का निस्तारण




**गोरखपुर** के गोला तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जनसमस्याओं की भरमार रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी अमित कुमार जायसवाल ने की। इस दौरान सीओ दरवेश कुमार, तहसीलदार सत्येंद्र कुमार मौर्य, नायब तहसीलदार बी.सी. चौहान, जयप्रकाश तथा बीडीओ गोला दिवाकर सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। समाधान दिवस में कुल 125 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से मौके पर केवल 9 मामलों का निस्तारण हो सका। सबसे अधिक शिकायतें राजस्व विभाग से संबंधित रहीं। परसिया निवासी इन्द्रजीत मिश्र ने पत्थर नसब के आदेश के बावजूद कार्रवाई न होने की शिकायत की, जिस पर तहसीलदार ने राजस्व निरीक्षक अरविंद कुमार को कड़ी फटकार लगाते हुए भविष्य में लापरवाही मिलने पर निलंबन की चेतावनी दी।

डाड़ी खास निवासी विनय कुमार मिश्रा ने अपने परिवार के 12 सदस्यों के नाम मतदाता सूची से हटाए जाने का आरोप लगाया। वहीं रतनपुरा की विद्यावती देवी ने भूमि अभिलेख में त्रुटि सुधार न किए जाने की शिकायत दर्ज कराई। नगर पंचायत वार्ड-18 के पवन कुमार ने धारा-24 की फाइल गायब करने का आरोप लगाया, जबकि भरौली निवासी रामनयन ने करंट लगने से भैंस की मौत पर मुआवजे की मांग की। समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस, विद्युत, खाद्य एवं रसद तथा समाज कल्याण विभाग से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं।

# गोरखपुर: मां की गोद से गायब हुई 9 महीने की नन्हीं को मामा ने रौंद डाला, पुलिस ने तुरंत पकड़ा आरोपी




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर** के गुलरिहा थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात एक ऐसी घटना घटी जिसने पूरे इलाके के लोगों के कलेजे को चीर डाला। महाराजगंज के पनियरा क्षेत्र की रहने वाली एक युवा मां अपनी 9 महीने की मासूम बेटी को बगल में चिपकाए सो रही थी। रात के करीब 2 बजे जब नींद खुली तो बच्ची गायब थी। सुबह होते ही ग्रामीणों ने घर से करीब 500 मीटर दूर एक टीनशेड के पास नन्हीं बच्ची को अर्धनग्न, बेहोश और खून से लथपथ हालत में पड़ा देखा। बच्ची के नाजुक शरीर पर जख्मों के निशान और खून के धब्बे देखकर हर किसी की आंखें नम हो गईं। मां का रो-रोकर बुरा हाल था।

**पुलिस की त्वरित और सख्त कार्रवाई**

घटना की सूचना मिलते ही गुलरिहा पुलिस और एसीपी सिटी की टीम ने मामले को गंभीरता से लिया। शनिवार सुबह ही बच्ची के मामा को मुख्य आरोपी के रूप में हिरासत में ले लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने नशे की हालत में अपना जघन्य कृत्य कबूल कर लिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने बच्ची को मां के पास से उठाकर खेत में ले जाकर गलत काम किया और अधनग्न अवस्था में छोड़ दिया। आरोपी को गिरफ्तार, पुलिस आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

**बच्ची की हालत**

बच्ची को सबसे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भटहट ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों के अनुसार बच्ची की हालत गंभीर बनी हुई है। इलाके में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने कहा, '9 महीने की मासूम के साथ ऐसा पाशविक कृत्य कोई इंसान नहीं, राक्षस ही कर सकता है। हम आरोपी को फांसी की सजा चाहते हैं। 'यह घटना न सिर्फ एक परिवार की चीख है, बल्कि पूरे समाज की अंतरात्मा को झकझोरने वाली है। मां की गोद से बच्ची सुरक्षित नहीं, यह सोच भी दिल दहला देने वाली है।

## ललित नारायण मिश्रा रेलवे हॉस्पिटल में मेडिकल डायरेक्टर ए. ए. खान ने किया पौधरोपण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत शनिवार को ललित नारायण मिश्रा पूर्वोत्तर रेलवे चिकित्सालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. ए. ए. खान ने पार्क में आंवले का पौधा रोपकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर पूर्वोत्तर रेलवे क्षेत्रीय परामर्शदात्री समिति की सदस्य प्रिया कुमारी भी मौजूद रहीं। पौधरोपण के बाद डॉ. खान ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिवर्ष कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि हम आज पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी नहीं निभाएंगे तो आने वाली पीढ़ियों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। डॉ. खान ने बताया कि आंवला एक अत्यंत उपयोगी और औषधीय गुणों से भरपूर फलदार वृक्ष है।

इसमें कैल्शियम सहित अनेक पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, जो बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों सभी के स्वास्थ्य के लिए लाभकारी हैं। उन्होंने कहा कि फलदार वृक्ष न केवल स्वास्थ्य के लिए उपयोगी होते हैं, बल्कि पर्यावरण को स्वच्छ और संतुलित बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने लोगों से 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान को सफल बनाने की अपील करते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अस्पताल के अधिकारी, कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## तहसील प्रशासन के हठधर्मिता से अधिवक्ताओं का धरना छठे दिन भी जारी

**रुद्रपुर, देवरिया।** तहसील एवं जिला प्रशासन के हठधर्मिता से अधिवक्ताओं का धरना आज छठे दिन भी जारी रहा।अधिवक्ताओं ने अपनी 28 सूत्रीय मांग मनवाने के लिए तहसील प्रशासन और जिला प्रशासन दोनों के विरुद्ध नारेबाजी की। मौके की नजाकत और अधिवक्ताओं के आक्रोश को देखते हुए समाधान दिवस में आये अपर जिलाधिकारी राम शंकर धरना स्थल पर आए और अधिवक्ताओं से वार्ता की एवं उनसे ज्ञापन लिया।इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामेश्वर मणि ने बताया कि प्रशासन का रवैया बेहद ही निराशाजनक और हठधर्मितापूर्ण है। हम लोगों की जायज मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने की बजाय टाल-मटोल नीति अपनाई जा रही है। जबकि हम लोगों की जितनी भी मांगे हैं वह जनहित से जुड़ा हुआ मुद्दा है। इस अवसर पर महामंत्री विनोद पाठक, सुधांशु मौलि ओझा, आनंद शंकर मणि, अनिल यादव, सुरेश यादव, पीयूष निषाद, पंकज शुक्ला, शशिकांत सिंह, हिमांशु त्रिपाठी आदि अधिवक्ता उपस्थिति रहे।

## गोरखपुर: बब्बन जंगल में 55 वर्षीय महिला का खून से लथपथ शव मिलने से सनसनी, हत्या कर फेंके जाने की आशंका

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** जिले के कम्पियरगंज थाना क्षेत्र स्थित बब्बन जंगल में शनिवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब ग्रामीणों ने जंगल के भीतर एक लगभग 55 वर्षीय महिला का खून से लथपथ शव पड़ा देखा। शव मिलने की सूचना फैलते ही इलाके में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल की ओर पहुंचने लगे। सूचना मिलते ही कम्पियरगंज पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जांच में महिला के शरीर पर धारदार हथियार से किए गए हमले के गंभीर निशान मिले हैं। घटनास्थल की स्थिति को देखते हुए पुलिस हत्या की आशंका से इनकार नहीं कर रही है। महिला की निर्मम हत्या कर शव को जंगल में फेंका गया है अथवा उसकी हत्या उसी स्थान पर की गई है, यह जांच का महत्वपूर्ण विषय बना हुआ है। पुलिस दोनों पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की छानबीन कर रही है। घटनास्थल पर खून के निशान और आसपास की परिस्थितियों को देखते हुए पुलिस और फोरेंसिक टीम साक्ष्य जुटाने में लगी हुई है। जंगल के सुनसान इलाके में शव मिलने से क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि महिला क्षेत्र की रहने वाली नहीं लग रही है, हालांकि पुलिस अभी किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से बच रही है। सबसे बड़ी चुनौती मृतका की पहचान को लेकर बनी हुई है। फिलहाल महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के थानों से गुमशुदगी की जानकारी जुटा रही है तथा शव की पहचान कराने के लिए विभिन्न माध्यमों का सहारा लिया जा रहा है। पहचान होने के बाद ही हत्या के पीछे के कारणों और आरोपियों तक पहुंचने में महत्वपूर्ण सुराग मिलने की उम्मीद है।

क्षेत्राधिकारी कम्पियरगंज ने बताया कि प्रथम दृष्टया महिला पर धारदार हथियार से हमला किए जाने के प्रमाण मिले हैं। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सकेगी। उन्होंने कहा कि महिला की पहचान कराने के प्रयास किए जा रहे हैं और मामले के सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है। फिलहाल बब्बन जंगल में मिले इस रहस्यमय शव ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया है। पुलिस जल्द से जल्द मृतका की पहचान और हत्याकांड के खुलासे के लिए सक्रिय रूप से जांच में जुटी हुई है।

## संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सुनीं जनसमस्याएं, समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवरिया।** जनपद के भाटपाररानी तहसील में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी और पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने जनता की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट चेतावनी दिया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए लेखपालों और कानूनगो को लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण करने का निर्देश दिया। उन्होंने सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जों को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि ऐसी स्थिति मिलने पर जिम्मेदार कर्मियों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई होगी। निर्विवाद वरासत, अंश निर्धारण, फार्मर रजिस्ट्री और राजस्व वादों की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

समाधान दिवस में नगर पंचायत भाटपाररानी में कथित घटिया निर्माण कार्य, गांवों में अमानक निर्माण, पुलिस जांच और पेयजल व्यवस्था से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। जिलाधिकारी ने सभी मामलों में संबंधित अधिकारियों को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। कार्यक्रम से पहले जिलाधिकारी ने तहसीलदार न्यायालय का निरीक्षण कर पुराने लंबित मामलों की पत्रावलियां देखीं और शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। वहीं पुलिस अधीक्षक ने पुलिस विभाग से जुड़े मामलों की सुनवाई कर थानाध्यक्षों को शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने को कहा। समाधान दिवस में कुल 152 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 15 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। सर्वाधिक 46 शिकायतें राजस्व विभाग और 43 शिकायतें पुलिस विभाग से संबंधित रहीं।

### रविंद्र किशोर शाही स्टेडियम में होगा मुख्य योग दिवस कार्यक्रम

**देवरिया।** 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पूरे जनपद में योग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम जनपद स्तर पर स्थानीय रविंद्र किशोर शाही स्टेडियम में प्रातः 6:00 बजे से आयोजित होगा। इस आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 'स्वस्थ्य आयु के लिए करें योग' थीम पर आधारित इस योगाभ्यास कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण, प्रबुद्धजन, अधिकारी, कर्मचारी सहित अधिक से अधिक लोग प्रतिभाग करेंगे। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि योगाभ्यास कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी निर्धारित की गई है तथा उन्हें निर्देश दिया गया है।

## वृद्धावस्था पेंशन में आयु सत्यापन के लिए आधार कार्ड नहीं होगा मान्यः जिलाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात
ब्रेकिंग न्यूज़

**देवरिया।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने बताया कि शासन के निर्देशों के अनुसार राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना में आवेदन के समय आधार कार्ड में अंकित जन्मतिथि को आयु प्रमाण के रूप में मान्य नहीं किया जाएगा। इस संबंध में जनपद के सभी उपजिलाधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) द्वारा आधार कार्ड को जन्मतिथि के प्रमाण के रूप में मान्यता नहीं दिए जाने के कारण यह निर्णय लिया गया है। वृद्धावस्था पेंशन योजना में ग्रामीण क्षेत्रों के आवेदकों के लिए परिवार/कुटुम्ब रजिस्टर की प्रमाणित प्रति अथवा शैक्षिक प्रमाण-पत्र पूर्ववत मान्य रहेंगे। जिलाधिकारी ने बताया कि नगरीय क्षेत्रों में परिवार/कुटुम्ब रजिस्टर उपलब्ध न होने की स्थिति को देखते हुए राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट एवं पैन कार्ड को आयु सत्यापन के लिए मान्य किया गया है। इसके लिए आवेदक को निर्धारित प्रारूप पर स्व- घोषणा पत्र देना अनिवार्य होगा कि उसके पास हाईस्कूल स्तर का शैक्षिक प्रमाण-पत्र तथा परिवार/कुटुम्ब रजिस्टर उपलब्ध नहीं है। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया है कि वृद्धावस्था पेंशन के आवेदनों का परीक्षण शासनादेश के अनुरूप करते हुए नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करें तथा किसी भी स्थिति में आधार कार्ड में अंकित जन्मतिथि को आयु प्रमाण के रूप में स्वीकार न किया जाए।

## पिता- पुत्र का रेलवे ट्रैक पर मिला शव

**रामलक्षन देवरिया।** गौरीबाजार थाना अंतर्गत रेलवे ट्रैक पर पिता पुत्र का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी मच गयी। सुचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंची। मौके से मिले मोबाइल से पुलिस घर के लोगों को सुचना दी तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गौरीबाजार वार्ड नं दो निवासी श्रवण जायसवाल की रामलक्षन चौराहे पर कपडे की दुकान है। कपडे की दुकान बंदकर देर शाम अपने लडके राकेश जायसवाल के साथ घर गये। घर पहुंच कर इन लोगों ने बताया कि चौरीचौरा कपड़े की खरिदारी करने जा रहे हैं। साढे दस बजे तक परिजनों से बात हुयी उसके बाद फोन उठ नहीं रहा था। देर रात पुलिस का फोन आया कि गौरीबाजार बुजुर्ग के पास रेलवे ट्रैक पर दो लोगों का क्षत- विक्षत शव पडा है। घटना स्थल पर परिजन पहुंचे तो दृश्य देख बदहवास होकर रोने चिल्लाने लगे।ट्रैक पर कपडा दुकानदार श्रवण जायसवाल उम्र 60 वर्ष और पुत्र राकेश जायसवाल 28 वर्ष का क्षत- विक्षत शव पडा था। पलिस शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। बता दें कि सात मार्च को श्रवण कुमार जायसवाल के बडे बेटे श्वेतांक की भी सड्क हादसे में मौत हो गई थी।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले देवरिया पुलिस ने चलाया स्वच्छता अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

स्वतंत्र प्रभात
ब्रेकिंग न्यूज़

**देवरिया।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन को लेकर शनिवार को देवरिया पुलिस ने जिलेभर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक देवरिया अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी व दक्षिणी के पर्यवेक्षण में सभी थानों, चौकियों, पुलिस कार्यालयों और आवासीय परिसरों में साफ-सफाई की गई।

रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित अभियान में पुलिस अधीक्षक स्वयं शामिल हुए। उनके साथ क्षेत्राधिकारी लाइन गौरव सिंह, प्रतिसार निरीक्षक रामजनम राम तथा पुलिस लाइन के अधिकारी और कर्मचारियों ने परिसर की सफाई की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि योग स्वस्थ जीवन का आधार है और स्वच्छ वातावरण में किया गया योगाभ्यास अधिक लाभकारी होता है। इसी उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले व्यापक स्तर पर स्वच्छता अभियान संचालित किया गया है।

उन्होंने कहा कि स्वच्छ परिसर न केवल स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं, बल्कि कार्यक्षमता और सकारात्मक वातावरण के निर्माण में भी सहायक होते हैं। जिले के सभी पुलिस कार्यालयों, थानों और चौकियों पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अभियान में सक्रिय भागीदारी की।

अभियान के दौरान पुलिसकर्मियों को स्वच्छता बनाए रखने, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने तथा आमजन को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया गया। देवरिया पुलिस ने लोगों से अपील की कि स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं, क्योंकि स्वस्थ समाज के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पुलिस विभाग के अनुसार योग और स्वच्छता एक-दूसरे के पूरक हैं तथा दोनों मिलकर बेहतर स्वास्थ्य और सशक्त समाज की नींव रखते हैं।

## कच्ची सड़क पर पुलिया निर्माण के लिए ग्रामीणों ने केंद्रीय मंत्री को सौंपा पत्र


**● पुलिया न होने से स्थानीय लोग परेशान, बीजेपी नेता संग ग्रामीणों ने मंत्री से की बजट की मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत कोहडवल के टोला करमहवा में आजादी के दशकों बाद भी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। करमहवा से परसा और कोहडवल को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित जलमार्ग पर पुलिया न होने से नाराज ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। शनिवार को कोहडवल टोला करमहवा निवासी बुद्देश शैनी, जुबेर खान, सलीम खान और भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय मंत्री बिशुनदेव चौरसिया के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी से मुलाकात की।

ग्रामीणों ने केंद्रीय मंत्री को एक शिकायती पत्र सौंपकर उक्त जलमार्ग पर पांच मीटर लंबी पुलिया निर्माण के लिए तत्काल वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने की मांग की है। केंद्रीय मंत्री को दिए गए पत्र में ग्रामीणों ने अपनी दर्दभरी दास्तां बयां करते हुए लिखा है कि करमहवा से परसा और कोहडवल को जोड़ने वाली यह कच्ची सड़क क्षेत्र की जीवन रेखा है। इस मार्ग पर एक बड़ा जलमार्ग पड़ता है, जहां पुलिया न होने के कारण सालों से आवागमन पूरी तरह बाधित रहता है।

सबसे ज्यादा परेशानी गांव के बुजुर्गों, दिव्यांगों और महिलाओं को होती है। जिन्हें इसी कीचड़ और पानी से भरे रास्ते से होकर सरकारी राशन की दुकान तक जाना पड़ता है। बरसात के दिनों में तो स्थिति और भी भयावह हो जाती है। पूरा जलमार्ग उफान पर आ जाता है और ग्रामीणों को अपनी जान जोखिम में डालकर, गहरे पानी के बीच से होकर लाठी के सहारे राह पार करनी पड़ती है। स्कूली बच्चों की पढ़ाई भी इस जलभराव के कारण हफ्तों तक ठप हो जाती है, जिससे उनका भविष्य अंधकारमय हो रहा है। ग्रामीणों का स्पष्ट कहना है कि यदि सरकार इस चिन्हित स्थान पर मात्र पांच मीटर की एक छोटी पुलिया का निर्माण करा दें तो क्षेत्र के कई गांवों की हजारों की आबादी को इस नारकीय जीवन से हमेशा के लिए मुक्ति मिल जाएगी। भाजपा मंत्री बिशुनदेव चौरसिया ने केंद्रीय मंत्री को वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए कहा कि जनहित में इस पुलिया का निर्माण बेहद जरूरी है और सरकार को इस पर त्वरित संज्ञान लेना चाहिए। ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने उन्हें आश्वस्त किया है कि इस गंभीर जनसमस्या का जल्द ही स्थायी समाधान निकाला जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक दिशा- निर्देश जारी करने और पुलिया निर्माण हेतु वित्तीय प्राक्कलन तैयार करवाकर बजट स्वीकृत कराने का भरोसा दिया है, जिससे ग्रामीणों में विकास की एक नई उम्मीद जगी है।




## गांधी जी का सपना साकार करने को विद्यालय में चला स्वच्छता अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खजनी, गोरखपुर।** पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय उनवल प्रथम में शनिवार को स्वच्छता अभियान का शुभारंभ उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए प्रधानाचार्य सूर्य प्रकाश पांडेय ने कहा कि 'गांधी जी का सपना था कि भारत स्वच्छ बने और यह सपना तभी साकार होगा जब प्रत्येक नागरिक स्वच्छता को अपने जीवन का हिस्सा बनाए।' उन्होंने कहा कि स्वच्छता शारीरिक और मानसिक विकास का प्रथम सोपान है। स्वच्छ वातावरण न केवल बीमारियों से बचाता है, बल्कि मानसिक तनाव को भी कम करता है और व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में सहायक होता है।

प्रधानाचार्य ने उपस्थित लोगों से अपने घर, विद्यालय और आसपास के क्षेत्रों को साफ-सुथरा रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कचरा और गंदगी को इधर-उधर फेंकने के बजाय डस्टबिन में डालने की आदत विकसित करनी चाहिए। साथ ही लोगों को अपने पड़ोसियों और समाज के अन्य लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी के बिना स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों को पूर्ण रूप से हासिल नहीं किया जा सकता। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई की गई तथा स्वच्छता के महत्व पर लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर सभासद अरविंद, पूर्व प्रधानाध्यापक रामचरण, विनोद यादव, रामनरेश, जोखन यादव, धीरेन्द्र यादव, विकास, राजकिशोर त्रिपाठी, रीता देवी, कल्पना, शांति, मिंटू, लक्ष्मीनारायण सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने स्वच्छ और स्वस्थ भारत के निर्माण में अपना योगदान देने का संकल्प लिया।

## बुजुर्गों की चौखट पर पहुंची पुलिस, सुरक्षा और साइबर ठगी से बचाव की दी जानकारी

**देवरिया।** वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा और समस्याओं के समाधान को लेकर शनिवार को जिले के सभी थानों की कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट सक्रिय नजर आई। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन में थाना प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने अपने-अपने क्षेत्रों में बुजुर्गों और वरिष्ठ नागरिकों से सीधे संवाद स्थापित किया। पुलिस कर्मी वरिष्ठ नागरिकों के घरों और सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचे तथा उनकी सुरक्षा, स्वास्थ्य और दैनिक जीवन से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान बुजुर्गों से मोबाइल नंबरों का आदान-प्रदान कर उन्हें आश्वस्त किया गया कि किसी भी आपात स्थिति में पुलिस उनकी सहायता के लिए तत्पर रहेगी। संवाद कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने साइबर अपराध और ऑनलाइन ठगी के बढ़ते मामलों को देखते हुए वरिष्ठ नागरिकों को विशेष रूप से जागरूक किया। उन्हें फर्जी कॉल, लिंक और बैंकिंग धोखाधड़ी से बचाव के उपाय बताए गए। साथ ही पुलिस हेल्पलाइन, आपातकालीन सहायता नंबरों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए संचालित सुरक्षा सेवाओं की जानकारी भी दी गई। पुलिस टीमों ने बुजुर्गों से उनकी समस्याएं सुनीं और कई शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया।


## गोरखपुर सहजनवां तहसील दिवस में डीएम-एसएसपी ने सुनी जनसमस्याएं, अधिकारियों को दिया सख्त संदेश

**» लंबित शिकायतों पर जताई नाराजगी, मौके पर कई मामलों का हुआ निस्तारण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर।** सहजनवां तहसील परिसर में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस (तहसील दिवस) में जिलाधिकारी दीपक मीणा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कोस्तुभ ने जनता की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में फरियादी अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे, जिनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने समाधान की दिशा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराई। तहसील दिवस के दौरान राजस्व, पुलिस, विकास, स्वास्थ्य, बिजली, भूमि विवाद, पेंशन तथा अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी दीपक मीणा ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध, पारदर्शी और निष्पक्ष निस्तारण होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जनहित से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में केवल औपचारिकता न बरती जाए, बल्कि स्थलीय जांच कर वास्तविक समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि तहसील दिवस का उद्देश्य आम जनता को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों से जोड़कर उनकी समस्याओं का प्रभावी समाधान कराना है। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कोस्तुभ ने कानून-व्यवस्था और पुलिस से संबंधित मामलों की समीक्षा की। उन्होंने भूमि विवाद, मारपीट, पारिवारिक विवाद तथा अन्य संवेदनशील मामलों में तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसएसपी ने कहा कि जनता की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधिकारी निष्पक्ष और प्रभावी कार्रवाई करें, जिससे लोगों का भरोसा प्रशासन और पुलिस पर मजबूत हो।



कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उपजिलाधिकारी सहजनवां, क्षेत्राधिकारी गीडा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों से संबंधित शिकायतों को सुनकर कई मामलों का मौके पर ही समाधान कराया, जबकि शेष मामलों के शीघ्र निस्तारण के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देशित किया गया। तहसील दिवस में पहुंचे लोगों ने प्रशासन की पहल की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान होगा। अधिकारियों ने भी भरोसा दिलाया कि जनहित से जुड़े प्रत्येक प्रकरण

# संक्षिप्त खबरें

## तहसील दिवस में पहुंची मुख्य विकास अधिकारी और सुनी फरियादें




**बरेली/** नवाबगंज तहसील दिवस में अचानक पहुंची मुख्य विकास अधिकारी देवयानी उनके पहुंचने पर अधिकारियों कर्मचारियों में सन्नाटा पसर गया परंतु तहसील दिवस एसडीम नवाबगंज उदित सिंह पवार की अध्यक्षता में चल रहा था इसी क्रम में 1:00 बजे करीब मुख्य विकास अधिकारी देवयानी अचानक नवाबगंज तहसील दिवस में पहुंच गई। तो वहां पर उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों में हलचल मच गई 1 घंटे रुकी मुख्य विकास अधिकारी देवयानी ने फरियादियों को सुनकर उनके विधिवत्त निस्तारण का निर्देश अधीनस्थों को दिया गया यहां पर 51 शिकायत है पंजीकृत की गई इनमें से 6 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया शेष 45 शिकायतों पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को निस्तारित करने का निर्देश दिया गया। तहसील दिवस में एसडीम उदित पवार क्षेत्राधिकार निलेश मिश्रा तहसीलदार अभिषेक तिवारी के साथ ही तहसील दिवस में 1:00 बजे मुख्य विकास अधिकारी देवयानी पहुंच गई सभी शिकायतों को भी दिवस सुनने के बाद निस्तारण करने का निर्देश दिया गया।

## फेयरवेल की धूम, बीबीए के छात्रों ने बिखेरा जलवा



**बरेली/रिठौरा।** खंडेलवाल कॉलेज में शनिवार को बीबीए डिपार्टमेंट में फेयरवेल पार्टी का आयोजन फर्स्ट ईयर एवं सेकंड ईयर के जूनियर छात्रों द्वारा कराया गया ।सभी फाइनल ईयर के छात्रों ने फेयरवेल पार्टी में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया वहीं महाविद्यालय में बिताएं अपने अनमोल समय को अपने जूनियर्स के साथ साझा किया । जहां एक तरफ सीनियर छात्रों के मन में कॉलेज से जाने का गम था वहीं दूसरी तरफ एक नई मंजिल शुरू करने की खुशी भी थी ।इस मौके पर अभिषेक और शीतू को मिस्टर मिस शोज़ टॉपर, उदय और ऐश्वर्या को मिस्टर मिस पॉपुलर एवं अंशिका और मिनहाज को मिस्टर एवं मिस फेयरवेल चुना गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के चेयरमेन गिरधर गोपाल , महाविद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ. विनय खंडेलवाल एवं महानिदेशक डॉ अमरेश कुमार ने छात्रों को भविष्य में सफल होने के लिए शुभकामनाएं दीं । इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रिंसिपल डॉक्टर आर के सिंह, विभागअध्यक्ष मुकुल गुप्ता प्रवक्ता पारस अग्रवाल, अनु सुनोरी, हरीश कुमार, हेमा जौहरी, दिया ओली एवं युक्ति सिंह सहित तमाम स्टाफ मौजूद रहा।

## धारा 80 के सहारे सैकड़ों बीघा में आवासीय प्लाटिंग! मूलभूत सुविधाओं के अभाव पर उठे सवाल




**मैंगलगंज खीरी–** मैगलगंज क्षेत्र के मैगलगंज, खखरा, लिधियाई, लालपुर, रहजनियां, जमुनिया कढ़िले गांवों में बड़े पैमाने पर आवासीय प्लाटिंग किए जाने का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इन क्षेत्रों में धारा 80 के तहत भूमि उपयोग परिवर्तन कराने के बाद सैकड़ों बीघा भूमि पर आवासीय प्लाटिंग की गई, लेकिन आवश्यक विकास कार्य नहीं कराए गए।कई प्लाटिंग स्थलों पर न तो समुचित सड़क की व्यवस्था है, न ही नालियों का निर्माण कराया गया है। इसके अलावा बिजली, पार्क, मंदिर एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव बताया जा रहा है।संबंधित प्लाटिंग के लिए जिला पंचायत अथवा अन्य सक्षम प्राधिकारी से आवश्यक मानचित्र/लेआउट स्वीकृति लिए जाने को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।सूत्रों के अनुसार, क्षेत्र में कुछ प्लाटिंग नियमों की अनदेखी कर कराए जाने की चर्चा है। यदि ऐसा है तो संबंधित विभाग द्वारा मामले की निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए, ताकि तथ्य सामने आ सकें और यदि कहीं अनियमितता पाई जाए तो नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित हो सके।

# स्वास्थ्य महकमा की नाक के नीचे चल रहा मौत का अस्पताल, बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहा अपेक्स हॉस्पिटल, कब जागेगा प्रशासन

**● न प्रशिक्षित डॉक्टर और न ही प्रशिक्षित पैरा स्टॉफ ,फिर भी बेखौफ चल रहा मौत का हॉस्पिटल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** जनपद लखीमपुर खीरी में स्वास्थ्य विभाग की कथित ढील का फायदा उठाकर गली-कूचों में झोलाछाप डॉक्टरों और अवैध अस्पतालों का जाल कुकुरमुत्तों की तरह फैलता जा रहा है। ताजा और सबसे हैरान करने वाला मामला लगूचा में ऑन रोड चल रहे अपेक्स हॉस्पिटल से सामने आया है जो सीधे तौर पर मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहा है।

**रजिस्ट्रेशन गायब डॉक्टर नदारद!**

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लगूचा कस्बे में ऑन रोड सीना तानकर चल रहे इस अपेक्स हॉस्पिटल के पास न तो कोई वैध रजिस्ट्रेशन है और न ही मरीजों के इलाज के लिए कोई योग्य या डिग्रीधारक डॉक्टर। इसके बावजूद भोले-भाले मरीजों को जाल में फंसाकर यहाँ धड़ल्ले से भर्ती किया जा रहा है और उनका शोषण हो रहा है। अब सवाल यह उठता है कि ऑन रोड महीनों से चल रहे इस अवैध खेल पर आखिर स्वास्थ्य महकमा आँखें मूंदे क्यों बैठा है। सी. एच सी अधीक्षक फरधान को इसकी भनक क्यों नहीं है। सीएचसी अधीक्षक का गैर जिम्मेदाराना जवाब, मामला मेरे संज्ञान में अब आया है दिखवाता हूं जब इस गंभीर मामले और अवैध अस्पताल की हकीकत जानने के लिए सीएचसी अधीक्षक अमित बाजपेई से फोन पर संपर्क किया गया तो उनका जवाब बेहद चौंकाने वाला था।

उन्होंने मामले की गंभीरता को समझने के बजाय पल्ला झाड़ते हुए कहा मामला मेरे संज्ञान में अब आया है कल आकर देखता हूँ। ?मरीजों की जान पर मंडराते खतरे के बीच जिम्मेदार अधिकारी का ऐसा ठंडा रुख स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

**क्या किसी बड़े हादसे के बाद ही**




**प्रशासन की नींद टूटेगी**

क्या होगी कार्रवाई या रफा-दफा होगा मामला अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या कल दफ्तर लौटते ही सीएचसी अधीक्षक अमित बाजपेई इस अवैध और जानलेवा, अपेक्स हॉस्पिटल पर सीलिंग की कार्रवाई करेंगे या फिर हर बार की तरह इस बार भी मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा लेकिन इस मौत के अस्पताल पर सख्त से सख्त एक्शन होना अब बेहद जरूरी हो चुका है।

## राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का बड़ा फैसला, आयोग से चयनित प्राचार्यों की परिवीक्षा अवधि नहीं बढ़ा सकता प्रबंधन

**बरेली।** राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने बरेली कालेज के प्राचार्य प्रो. ओपी राय की परिवीक्षा अवधि बढ़ाने के प्रबंध समिति के अवैध निर्णय को निरस्त कर दिया है। वहीं, कुलपति प्रो. केपी सिंह के निर्णय की पुष्टि कर दी है। प्रो. ओपी राय के मामले में कालेज की प्रबंध समिति ने अनियमित और गैर-विधिक तरीके से उनकी परिवीक्षा अवधि को पुनः एक वर्ष के लिए बढ़ाने का कुत्सित प्रयास किया। विधि और विनियमों के अनुसार किसी भी कालेज की प्रबंध समिति को आयोग द्वारा चयनित प्राचार्य की परिवीक्षा अवधि बढ़ाने का कोई अधिकार नहीं है। इस प्रकार की कार्रवाई का एकमात्र उद्देश्य प्राचार्य को प्रताड़ित करना एवं उनके कार्यों में बाधा उत्पन्न करना होता है। कुलपति ने दो नवंबर 2023 को इस संबंध में आदेश जारी कर बरेली कालेज प्रबंध समिति के इस निर्णय को अवैध, अविधिपूर्ण एवं मनमाना पाते हुए निरस्त कर दिया था। अब राज्यपाल ने 11 जून के आदेश द्वारा कुलपति के इस निर्णय को पूरी तरह से सही ठहराते हुए उसे पुष्टि प्रदान की है। कुलपति प्रो. केपी सिंह का ने कहा, विवि सदैव शैक्षणिक स्वायत्तता, नियमों की पालना और प्राचार्यों की गरिमा की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहा है।

# अपूर्ण कार्य को पूर्ण लिख कर देने का प्रधान पर बनाया जा रहा दबाब -आरोप

**● सिंचाई विभाग के जे.ई और ठेकेदार की मिली भगत आई सामने**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी–** भले ही प्रदेश के मुख्यमंत्री ज़ीरो टारलेंस की बड़ी बड़ी बाते और दावे कर रहे हों पर जिला खीरी के सिंचाई विभाग में जीरो टारलेंस की नीति हकीकत के धरातल पर दम तोड़ती नजर आ रहीं हैं मामला विकास खंड बांके गंज की ग्राम पंचायत हर दुआ का है जहां गुरुमुख सिंह की हद से ढाका होते हुए मतंग बाबा तक लगभग 3200 मीटर नाला खुदाई कार्य सिंचाई विभाग से कराया जा रहा है जिसमें जे.ई. और ठेकेदार असलम की मिलीभगत से मनमानी तरह से नाला खुदाई कार्य किया जा रहा है।सूत्रों के मुताबिक नाला कहीं पर खोदा गया तो कहीं कहीं पर बिना खोदे ही छोड़ दिया गया।नाला खुदाई के नाम पर सिर्फ रस्म अदायगी की जा रहीं हैं। यह सारा खेल जे.ई की मिलीभगत और संरक्षण में खेले जाने के गंभीर आरोप ग्रामीणों ने लगाये है और नाला हकी खुदाई मानकों के मुताबिक कराए जाने की मांग की है। प्रधान हर दुआ के बताये अनुसार नाला की दोनों साइड भी ठीक से नहीं बंधी है और न ही खुदाई ही ठीक से की गई है। आधा अधूरा खुदाई कार्य कराकर कार्य पूर्ण दिखाए जाने का खेल जे.ई. और ठेकेदार द्वारा खेले जाने का प्रयास किया जा रहा है।प्रधान का आरोप है कि ठेकेदार लगातार अधूरे काम को पूरा लिख कर देने का आरोप बना रहा हैं। यदि मामले की उच्चाधिकारियों द्वारा करायी जाये निष्पक्ष जांच तो नाला खुदाई में किए जा रहे बड़े खेल का खुलासा आयेगा सामने।

**जे .ई. सहाब के बिगड़े बोल–** उपरोक्त मामले पर जब संवाददाता ने जे.ई. साहब से जानकारी चाही तो उन्होंने कहा कि मैं पत्रकारों से बात करना पसंद नहीं करता।

वहीं ठेकेदार असलम ने घंटी बजती रहीं लकिन फोन ही नहीं उठाया जिससे उनके पक्ष की जानकारी नहीं मिल सकीं। ग्राम प्रधान रामकिशन ने बताया काम सही नहीं कराया जा रहा है आधा अधूरा काम कर कार्य पूर्ण लिख कर देने का उनपर जे.ई. और ठेकेदार द्वारा दबाब बनाया जा रहा है।

## शिक्षक सलीम अहमद को मिला 'योग गौरव सम्मान-2026

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नीमगांव खीरी।** योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों, संस्थाओं एवं विद्यालयों को सम्मानित करने के उद्देश्य से लखनऊ के हजरतगंज स्थित विश्वेश्वरैया हॉल में आयोजित 'योग गौरव सम्मान-2026' समारोह में मितौली क्षेत्र के शिक्षक सलीम अहमद को युवा योग प्रशिक्षक के रूप में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन लखनऊ खंड स्नातक विधान परिषद सदस्य इंजी. अवनीश कुमार सिंह द्वारा किया गया। समारोह में देश के प्रसिद्ध योग गुरु डॉ. रविन्द्र मोहन आचार्य एवं स्वामी अभिषेक देव जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लखनऊ खंड स्नातक क्षेत्र के सात जिलों से चयनित प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसी क्रम में जनपद लखीमपुर खीरी की तहसील मितौली के शिक्षक सलीम अहमद को योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम नहीं, बल्कि मानसिक



संतुलन, सामाजिक जागरूकता और सामुदायिक विकास का भी सशक्त आधार है। योग गौरव सम्मान का उद्देश्य योग के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को पहचान देना तथा जनभागीदारी को बढ़ावा देना है। शिक्षक सलीम अहमद ने बताया कि 21 जून को विश्वभर में 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने लोगों से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील करते हुए कहा कि योग स्वस्थ जीवन, मानसिक शांति और राष्ट्र निर्माण का मजबूत आधार है। उन्होंने संदेश दिया कि 'योग करें, स्वस्थ रहें, जागरूक बनें' तथा योग दिवस को निर्धारित योग प्रोटोकॉल के अनुसार एकरूपता के साथ मनाने का आह्वान किया।

## वृद्धाआश्रम में लगा नि:शुल्क आई कैम्प



**गोला गोकर्णनाथ खीरी–** कस्बे में चल रहे निःशुल्क वृद्धा आश्रम में आई हॉस्पिटल सीतापुर के द्वारा एक फ्री आई कैंप लगाया गया। जिसमें डॉक्टर आलोक वर्मा, रोहित श्रीवास्तव आदि के द्वारा 50 से अधिक मरीजों को देखा गया। जिसमें से 10 मरीज मोतियाबिंद के लिए चिन्हित किए गए अन्य को चश्मा और दवाएं दी गई। आश्रम का संचालन अखिल भारतीय महिला एवं बाल कल्याण समिति लखनऊ के द्वारा किया जा रहा है। इस मौके पर प्रधान सचिन वर्मा, पूर्व प्रधान प्रतिनिधि अवधेश वर्मा, महिपाल सिंह यादव, प्रदीप यादव, मनोज कुमार, जयराम, विपिन, सर्वेश वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# मेडिकल स्टोर की आड़ में धड़ल्ले से चल रही क्लिनिक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

सी एच सी क्षेत्र फरधान के अंतर्गत कस्बा लगूचा में मेडिकल स्टोर की आड़ में बेखौफ क्लिनिक संचालित किए जाने का मामला चर्चा का विषय बना है और इस गोरख धंधे की भनक सी एच सी अधीक्षक फरधान को नहीं होना स्वास्थ्य महकमे के जिम्मेदारों की कार्य प्रणाली पर सबाल खडे करने को काफी हैं। सूत्रों से मिली जानकारी और मौजूद वीडियो के अनुसार लगुचा कस्बे में सड़क के किनारे मेडिकल स्टोर के पड़े चार पांच तख्त जिन पर मरीजों को लिटा कर धड़ल्ले से बोतल चढाई जा रहीं हैं । स्वास्थ्य महकमे के जिम्मेदार अपनी कुम्भकरनी नीद में सोये हुए हैं या फिर सब कुछ जानने के बाद भी सत्ता संरक्षण के चलते कार्रवाई करने से बचते नजर आ रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक उक्त मेडिकल स्टोर संचालक भा.ज.पा. से जुड़े हुए हैं जिसकी वजह से बेखौफ होकर मरीजों की जान जोखिम में डाल कर दवाखाना चलाते देखे जा सकते हैं।यह खेल आज से नहीं काफी अर्से से चल रहा है। लकिन सेटिंग और सत्ता संरक्षण के चलते जनाब पर कोई कार्रवाई नहीं हो पा रहीं हैं। शायद यही कारण है कि खुलेआम अपनी ही सरकार के ताबूत में कील ठोकने का काम कर रहे हैं।एक तरफ सरकार अवैध हॉस्पिटल और क्लिनिक पर छापा मार कार्रवाई का आदेश देकर फर्जी मानक विहीन अस्पतालों/क्लिनिक को बंद करा रहीं हैं वही दूसरी तरफ उन्हीं की पार्टी के चंद लोग अपनी ही पार्टी की सरकार के मुखिया के आदेशों को ताक पर रखकर स्वयं नियम विपरीत कार्य करते हुए सरकार की मंशा और छवि को धूल धूसरित करते देखे जा सकते है। इसका जीता जागता उदाहरण लगूचा में संचालित एक चर्चित मेडिकल स्टोर है जहां दुकान के बाहर पड़े तख्तों पर मरीजों ग्लुकोज की बोतल चढ़ाई जाती हैं और मरीजों का इलाज के नाम पर शोषण तो किया ही जाता है साथ-साथ उनकी जान को भी जोखिम में डालने की चर्चा आम हो रहीं हैं। मामले का जनहित में सी एच सी अधीक्षक फरधान को संज्ञान लेना चाहिए और ऐसे मेडिकल स्टोर संचालक के विरुद्ध औषधि निरीक्षक



और सी एच सी अधीक्षक की संयुक्त छापा मार कार्रवाई होनी चाहिए और इलाज के नाम पर की जा रही इस लूट के दोषी लोगों और मेडिकल स्टोर संचालकों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई किया जाना चाहिए ।यह खेल एक जगह ही नहीं लगुचा सहित कई जगहों पर धड़ल्ले से चल रहा है। अब देखना है कि सी एच सी अधीक्षक फरधान अमित बाजपेई द्वारा उपरोक्त मामले पर क्या कार्रवाई की जाती हैं वर्जन-इस सम्बंध में जब मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष कुमार गुप्ता से जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया कि मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# निजामपूर नकटी में झोलाछाप डॉक्टर पर मेहरबान सी एच सी अधीक्षक नकहा -आरोप

**● अपने को अधीक्षक नकहा का दोस्त बताकर मरीजों की जान से कर रहा खिलवाड़**

**झोलाछाप डॉक्टर केशव राम पर नहीं पड रहा शासन के आदेशों का असर**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी–** मामला सी एच सी क्षेत्र नकहा के ग्राम निजामपूर नकटी का बताया जाता है। जहां पर शासन के आदेशों को ताक पर रखकर झोलाछाप डॉक्टर केशव राम खुलेआम क्लिनिक चलाते देखा जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक इस डॉक्टर के पास कोई भी वैध डिग्री नहीं है और ना ही मेडिकल स्टोर का लाइसेन्स ही है हालांकि मैं इसके मेडिकल स्टोर के लाइसेन्स की आधिकारिक पुष्टि नहीं कर्ता हूं सूत्रों का आरोप है। उक्त झोलाछाप डॉक्टर सी एच सी अधीक्षक का बेहद खास बताया जाता है ।उक्त डॉक्टर भी अपने को डॉक्टर साहब का बेहद करीबी बताता है।शायद यही कारण है कि इस झोलाछाप डॉक्टर के विरुद्ध अबतक कोई कार्रवाई नहीं हो सकीं।

**बड़ा सबाल–** आखिर कथित डॉक्टर केशव राम के पास कौन से मेडिकल की डिग्री है जो इनको खुली छूट देता है कि यह भोले भाले मरीजों की जान को जोखिम डाल रहे हैं और महकमे के जिम्मेदार इनके विरुद्ध कार्रवाई करने से बचते नजर आ रहे है।क्या तथा कथित डॉक्टर केशव राम पर शासन के नियम कानून लागू नहीं होते हैं?या फिर सी एच सी अधीक्षक साहब नकहा से जेल में तैनाती के दौरान से हुई चली आ रही दोस्ती के चलते कार्रवाई



नहीं की जा रही है। लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर डिग्री विहीन तथा कथित डॉक्टर के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गई है। अब देखना है कि झोलाछाप डॉक्टर केशव राम के विरुद्ध कोई कार्रवाई अमल में लाई जाती है या फिर दोस्ती में सब जायज है की तर्ज़ पर मामला दबा दिया जाएगा।

# सिंगहा कला के प्राचीन सिद्ध बा मंदिर में फिर चोरी, त्रिशूल और घंटा ले गए चोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिंगाही–खीरी।** थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत सिंगहा कला स्थित प्राचीन सिद्ध बाबा मंदिर में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। मंदिर से चोरों ने त्रिशूल और घंटा चोरी कर लिया। घटना का वीडियो मंदिर में लगे कैमरे में कैद हो गया जो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। जानकारी के अनुसार मंदिर परिसर में करीब चार माह पूर्व भी घंटा चोरी होने की घटना हुई थी। इसके बाद 11 जून को एक बार फिर चोरों ने मंदिर को निशाना बनाया। मंदिर के पुजारी को घटना की जानकारी करीब तीन दिन पहले हुई, जिसके बाद मंदिर समिति ने पुलिस को सूचना दी। समिति के पदाधिकारियों के मुताबिक चोरी हुए सामान में करीब डेढ़ किलो वजनी त्रिशूल तथा लगभग तीन किलो की घण्टियाँ शामिल है। मंदिर परिसर में सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं और यहां दो पुलिसकर्मियों की ड्यूटी भी बताई जाती है।सीसी टीवी कैमरे में कैद हुई घटना में तीन युवक व एक मोटरसाइकिल जिसका नम्बर UP 31CJ4421है। क्षेत्र के



मंदिरों में हुई पहली चोरी नहीं है। इससे पहले भी कस्बे और आसपास के कई मंदिरों में चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। उन मामलों की सूचना पुलिस को दी गई थी, लेकिन अब तक किसी भी घटना का खुलासा नहीं हो सका है।क्षेत्र के मंदिरों में लगातार हो रही चोरी से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। मंदिर समिति और ग्रामीणों ने पुलिस से मामले की जांच कर चोरों की जल्द गिरफ्तारी तथा मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत किए जाने की मांग की है।

सिंगाही थाना अध्यक्ष दिलीप कुमार चौबे का कहना है कि मामले की जानकारी मिली है और जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं।

## रिफाइंड और वनस्पति घी में एसेंस मिलाकर बनाया जा रहा था देसी घी

**फिरोजाबाद।** चुल्हावली रोड पर ओडीवी इंटर कालेज के पास शनिवार शाम खाद्य विभाग की टीम ने एक गोदाम पर छापामार कार्रवाई की। टीम ने मौके से 510 किलो मिलावटी घी के साथ ही एक आरोपित को भी गिरफ्तार किया है। यहां रिफाइंड और वनस्पति घी में एसेंस मिलाकर देसी घी बनाया जा रहा था। यदि आप देसी घी खाने के शौकीन हैं तो यह खबर आपके लिए हैं। गांव चुल्हावली रोड स्थित ओडीवी इंटर कालेज के समीप एक गोदाम में रिफाइंड और वनस्पति घी में एसेंस मिलाकर देसी घी तैयार किया जा रहा था। शाम छह बजे सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा चंदन पांडेय के नेतृत्व में टीम ने गोदाम पर छापा मारा। टीम को यहां से मिलावटी घी से भरे 34 टीन बरामद हुए हैं। इसके साथ ही रिफाइंड, वनस्पति घी और एसेंस बरामद किया गया है। टीम ने मौके से घी बनाने के आरोपित विवेक गुप्ता निवासी मस्जिद रोड टूंडला को भी हिरासत में लिया है। उन्हें पुलिस के सिपुर्द किया जा रहा है। चंदन पांडेय ने बताया कि आरोपित के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है। मौके से बरामद घी के सेंपल भरकर जांच हेतु भेजे जा रहे हैं। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद वर्मा, खाद्य सहायक राजकुमार, संदीप कुमार, यशपाल चंदन आदि शामिल रहे।

# सामूहिक विवाह योजना पर महंगाई की मार! अब नहीं मिलेंगी चांदी की पायल-बिछिया

**● मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में महंगाई के कारण बदलाव आया है, अब कन्याओं को चांदी की पायल-बिछुआ उपहार में नहीं मिलेंगे। इसके बदले उनके खाते में चार हजार रुपये अतिरिक्त दिए जाएंगे, जिससे कुल 64 हजार रुपये की राशि मिलेगी।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली।** महंगाई की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना पर भी पड़ी है। योजना की राशि तो कम नहीं की गई है लेकिन महंगी चांदी की वजह से कन्या को उपहार में दी जाने वाली चांदी के बिछुआ और पायल नहीं दी जाएंगी। इसके बदले में कन्या के खाते में चार हजार रुपये की सीधे राशि भेजी जाएगी जबकि पहले इतने ही रकम की पायल-बिछुआ खरीदकर उपहार में दिए जाते थे। ऐसे में अब कन्या को चांदी-बिछुआ अपने खाते में दी गई धनराशि से ही खर्च करने होंगे। जिले में समाज कल्याण विभाग की ओर से मुख्यमंत्री सामूहिक



विवाह योजना की तैयारियां शुरू हो गई हैं। शासन की ओर से जिले को इस बार 1455 कन्याओं का सामूहिक विवाह कराने का लक्ष्य दिया गया है। अलग-अलग चरण में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। योजना के तहत आवेदन भी आ रहे हैं और सत्यापन किया जा रहा है। योजना के तहत प्रति एक कन्या के विवाह पर एक लाख रुपये खर्च किए जाते हैं, जिसमें कन्या के खाते में राशि, उपहार और कार्यक्रम आयोजन पर खर्च होने वाली राशि अलग-अलग है। उपहार में अलग-अलग सामान दिया जाता था, जिसमें चांदी के 40 ग्राम के बिछुआ और पायल दिए जाते थे। पहले चांदी की कीमत कम थी तो लगभग चार हजार रुपये में ये दोनों सामान मिल जाते थे, लेकिन चांदी महंगी होने के बाद अब यही सामान 10 से 12 हजार रुपये में मिल रहा है। इससे निर्धारित 25 हजार रुपये में से अन्य उपहार सामग्री खरीदने में दिक्कत होगी। ऐसे में अब शासन ने उपहार में चांदी की पायल और बिछिया हटाने का आदेश जारी किया है। नए आदेश में धनराशि के वितरण में भी बदलाव किया गया है। शासनादेश के अनुसार अब कन्या के खाते में 64 हजार रुपये जाएंगे, जबकि पहले 60 हजार जाते थे। यह चार हजार रुपये उपहार सामग्री की धनराशि 25 हजार में से कम किए गए हैं। अब उपहार सामग्री की धनराशि 21 हजार रुपये की गई है। इसके अलावा कार्यक्रम आयोजन पर 15 हजार रुपये खर्च किए जाएंगे। शासनादेश आने के बाद से जिले के अधिकारियों की टेंशन कम हो गई है, क्योंकि उपहार की खरीद अधिकारियों की ओर से ही की जाती है। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की तैयारियां चल रही हैं। शासन के अनुसार ही विवाह कार्यक्रम कराए जाएंगे।

# जनसमस्या: बांकेगंज ब्लॉक के जटपुरा में खेल मैदान पर बांके गए अवैध मकान

**● एफ. आई. आर .दर्ज होने के बाद भी जारी है अंदर खाने अवैध निर्माण**

**युवाओं को खेलों से जोड़ने और बच्चों के मनोरंजन के लिए सरकार द्वारा लाखों रुपये की आरक्षित खेल मैदान की जमीन पर बन गए दर्जनों अवैध मकान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर/**बांकेगंज खीरी ताजा मामला विकासखंड बांकेगंज के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत जटपुरा में सामने आया है, ।जहां का खेल मैदान जिम्मेदार अधिकारियों और ग्राम प्रधान की घोर उदासीनता के कारण पूरी तरह से भू माफ़िया की हवेली बन चुका है। स्थानीय ग्रामीणों और युवाओं का आरोप है कि उचित देख-रेख और सुरक्षा न होने तथा प्रधान और तहसील प्रशासन की मिलीभगत के कारण खेल मैदान में बच्चों के खेलने की जगह भू माफ़ियायो के मकान दुकान बनी खड़ी देखी जा रही है।मैदान की देख-रेख करने वाला कोई नहीं है।और न ही इसे अवैध कब्जा मुक्त कराकर बच्चों और युवाओं को खेल से जोड़ने का प्रयास ही किया जा रहा है। हद तो तब हो गई जब ग्राम पंचायत का ही प्रधान खुद ही इन अवैध कब्जा धारको के बचाव की अवस्था में खड़ा दिखाइ दिया।शायद प्रधान को मालूम नहीं कि वह भूमि प्रबंध समिति के अध्यक्ष हैं और अवैध कब्जा के लिए उतना ही जिम्मेदार है जितना तहसील प्रशासन।इसी खेल मैदान के पासआरक्षित प्रायमरी पाठ शाला रिक्त पडी भूमि, पर भी दबंग मुस्लिम लोगों ने अवैध तरीके से कब्जा कर उस पर आलीशान मकान और दुकान बना डाली जिम्मेदारों के कान पर जू तक नहीं रगा ।तहसील और जिला प्रशासन की मनमानी और उदासीनता के चलते युवाओ और बच्चों की खेल भावना आहत हो रहीं हैं वहीं दूसरी ओर सरकारी की खेल प्रोत्साहन योजना हकीकत की धरातल पर नहीं उतर पा रहीं हैं। जटपुरा और आसपास के युवा अब जिलाधिकारी खीरी की ओर आशा भरी निगाह से देख रहे हैं।ग्राम प्रधान और लेखपाल की मिलीभगत से शासन के आदेशों को ठेंगा दिखाते हुए पूरे खेल मैदान पर इस समय दबंग मुस्लिमों का साम्राज्य स्थापित है जिसमें से एक कथित भू माफिया पर मुकदमा भी तहसील प्रशासन ने पंजीकृत कराया था उसके बाद भी उक्त दबंग अपनी दबंगई और प्रधान के संरक्षण में अंदर खाने निर्माण कार्य जारी किए हैं इसको जरा सा भी बाबा के बुलडोजर का डर दिखाई नहीं पड रहा है ।इसके चलते गांव के बच्चे और खिलाड़ी इस मैदान के अभाव में कोई खेल खेलने से भी कतराते हैं।खेल के लिए बना यह मैदान कथित भू माफियाओं की रिहायशी जागीर नजर आने लगा है।ग्रामीणों और क्षेत्र के खिलाड़ियों ने खीरी के जिला अधिकारी अंजनी कुमार सिंह और मुख्य विकास अधिकारी (CDO) से मांग की है कि इस खेल मैदान का तत्काल निरीक्षण कराया जाए और इसे अवैध कब्ज़ा से मुक्त कराकर बच्चों और युवा खिलाड़ियों के लिए खेलने योग्य तैयार कराकर गांव के युवाओं को सौंपा जाए।

# संक्षिप्त खबरें

## रेड क्रॉस सोसायटी के योग कार्यक्रम में सीडीओ ने बताया स्वस्थ जीवन का आधार

**ज्ञानपुर।** इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी भदोही शाखा द्वारा 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को शाखा कार्यालय में योगोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ला ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। योग शिक्षक अमित प्रकाश ने प्राणायाम एवं विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराते हुए योग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से जीवन को निरोग एवं स्वस्थ बनाया जा सकता है। कार्यक्रम में भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम- विलोम, भ्रामरी सहित विभिन्न प्राणायाम तथा ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, वीरभद्रासन, भद्रासन, मकरासन और सेतुबंधासन समेत कई योगासनों का अभ्यास कराया गया। मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ला ने कहा कि योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर अनेक रोगों से बचाव संभव है। उन्होंने कहा कि योग ने विश्व पटल पर भारत को नई पहचान दिलाई है और आज पूरा विश्व इसके महत्व को स्वीकार कर रहा है। स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए योग को अपनाना आवश्यक है। कार्यक्रम में रेड क्रॉस सोसायटी के पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि एवं योग प्रशिक्षक का स्वागत किया। योगोत्सव में 50 से अधिक लोगों ने सहभागिता की। अंत में कोषाध्यक्ष हरेंद्र प्रताप सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## सेवाश्रम इंटर कॉलेज की भूमि प्रकरण में अभिलेखों से छेड़छाड़ की शिकायत, डीएम ने दिए जांच के आदेश

**भदोही।** तहसील दिवस के अवसर पर सेवाश्रम इंटरमीडिएट कॉलेज, सुरियावां की प्रबंध समिति के सदस्य जटाशंकर दूबे ने जिलाधिकारी शैलेष कुमार से मुलाकात कर विद्यालय की भूमि से जुड़े मामले में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। जटाशंकर दूबे ने बताया कि पूर्व में जिलाधिकारी के निर्देश पर विद्यालय की आराजी संख्या 705 की पैमाइश राजस्व विभाग की टीम द्वारा कराई गई थी। पैमाइश के उपरांत टीम ने अपनी रिपोर्ट उपजिलाधिकारी को सौंप दी थी। उनका आरोप है कि बाद में उपजिलाधिकारी कार्यालय से जिलाधिकारी को भेजी गई रिपोर्ट में कुछ लोगों द्वारा राजस्व कर्मचारियों की कथित मिलीभगत से कटिंग, ओवरराइटिंग और अन्य परिवर्तन किए गए, जिससे अभिलेखों की मूल स्थिति प्रभावित हुई है। शिकायतकर्ता ने मामले की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कर संबंधित व्यक्तियों और कर्मचारियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की। इस पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी को पूरे प्रकरण की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जांच में यदि किसी व्यक्ति अथवा कर्मचारी की संलिप्तता पाई जाती है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल है और जांच रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

## तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक की मौत, चालक फरार

दुर्घटना/हादसा

**ज्ञानपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गिरधरपुर के पास शनिवार सुबह हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सिहपुर गांव निवासी प्रभात पांडेय ने बताया कि उनके चाचा का पुत्र आयुष उर्फ शुभम (19) सड़क किनारे खड़ा था। इसी दौरान गोपीगंज की ओर से बालू लादकर आ रहा एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर उसे कुचलते हुए निकल गया। आसपास के लोग जब तक मौके पर पहुंचते, चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो चुका था। गंभीर रूप से घायल शुभम ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के पिता योगेश पांडेय और माता का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि शुभम तीन बहनों का इकलौता भाई था। परिवार में शादी का माहौल था और वह एक दिन पहले बारात में शामिल होकर लौटा था। शनिवार सुबह घर से सब्जी लेने निकला था, तभी हादसे का शिकार हो गया। पुलिस ने शव को जिला चिकित्सालय ज्ञानपुर पहुंचाया, जहां पंचनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# योग से दुनिया में बढ़ा भारत का मान, संगम पर होगा भव्य आयोजन : केशव प्रसाद मौर्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** 21 जून को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर देशभर के साथ-साथ संगम नगरी प्रयागराज में भी उत्साह का माहौल है। इस अवसर पर संगम तट पर भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में लोग सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य प्रयागराज पहुंच चुके हैं। प्रयागराज पहुंचने पर मीडिया से बातचीत करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की प्राचीन योग परंपरा को वैश्विक पहचान मिली है। आज योग का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है और करोड़ों लोग इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि संपूर्ण जीवन पद्धति है। योग लोगों को निरोग बनाने के साथ-साथ मानसिक शांति, आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा भी प्रदान करता है। यही कारण है कि आज विश्व के अनेक देशों में योग को अपनाया जा रहा है और भारत की इस प्राचीन ज्ञान परंपरा का सम्मान बढ़ रहा है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रयागराज के संगम क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। इसमें विभिन्न वर्गों के लोग भाग लेकर योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन का संदेश देंगे। उन्होंने प्रदेशवासियों से भी योग दिवस के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों और परीक्षा प्रणाली में किए जा रहे सुधारों पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं की शुचिता और पारदर्शिता बनाए रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। युवाओं के भविष्य से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में सामने आई अनियमितताओं से सरकार ने सबक लिया है और अब परीक्षा प्रणाली को अधिक सुरक्षित, पारदर्शी एवं तकनीकी रूप से मजबूत बनाया जा रहा है। सरकार लगातार ऐसे कदम उठा रही है जिससे परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष और फुलप्रूफ बन सके।

उपमुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि सरकार के प्रयासों से प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता बढ़ेगी और मेहनती युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्धत है।

## जनपद भदोही के डीघ ब्लॉक के अंतर्गत कौलापुर गाँव में नैनो उर्वरकों पर आधारित किसान सभा का आयोजन



किसान सभा में इफको एसएफए विकास यादव द्वारा इफको(IFFCO) के नैनो उत्पादों के महत्व एवं उनके प्रयोग की विधि पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही सागरिका, लिक्विड, कंसोर्टिया तथा जल विलेय उर्वरकों के बारे में भी जानकारी दी गई। कृषकों को संतुलित उर्वरक उपयोग के साथ वैकल्पिक उर्वरक के रूप में नैनो यूरिया प्लस एवं नैनो डीएपी के प्रयोग हेतु प्रोत्साहित किया गया। नैनो डीएपी द्वारा बीज शोधन (5 मि.ली./किग्रा.), जड़ शोधन (10 मि.ली./ली.) एवं फसल एक माह की अवस्था पर छिड़काव (4 मि.ली./ली.) की सलाह दी गई। इससे लागत में कमी आएगी तथा यूरिया एवं डीएपी की अत्यधिक खपत घटकर मृदा, जल एवं पर्यावरण संरक्षण संभव होगा। कार्यक्रम में कृषि विभाग के Tac राकेश सिंह , ग्राम प्रधान रामनारायण यादव, सहित लगभग 60 कृषक उपस्थित रहे।

## सरकार के मानक के अनुरूप तीन से चार महीने अन्दर ग्राम पंचायत लायन में बनाया गया है अंत्येष्टि स्थल

● स्वच्छ भारत मिशन को देखते हुए गांव स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प ग्राम प्रधान निर्मला देवी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हलिया मीरजापुर।** हलिया विकासखंड के ग्राम पंचायत लायन में तीन से चार महीने के अंदर बनाकर तैयार कर दिया गया अंत्येष्टि स्थल पीएम श्री विद्यालय को भी सजाया गया है वही सुचारू ढंग से चालू हो रहा है आर आरसी सेंटर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि धर्मदेव मिश्रा ने बताया कि हमारा लक्ष्य गांव के विकास की तरफ बढ़ता जा रहा है सरकार के मानक के अनुरूप जितना भी गांव को काम दिया जाएगा उतना हम मानक के अनुरूप करते जाएंगे हमारा लक्ष्य था कि हमारे गांव में अंत्येष्टि स्थल बने वह प्रयास पूरा हुआ हमारे ग्राम पंचायत में तमाम निधियो से इंटरलॉकिंग का कार्य कराया गया है ज्यादा से ज्यादा मिट्टी का कार्य नरेगा मजदूरों के द्वारा कराया गया है जिससे तमाम मजदूर को काम का लाभ मिला तमाम विद्या विकलांग विधवा महिलाओं के लिए पेंशन की व्यवस्था कराया गया साथ ही साथ ग्राम प्रधान प्रतिनिधि धर्मदेव मिश्रा ने बताया कि सरकार का जो मानक है उसी मानक के अनुरूप कार्य कराया गया है किसी भी प्रकार से सरकार के विपरीत कार्य नहीं कराया गया है ना तो कराया जाएगा तमाम परिवार को रास्ता दिया गया जहां पर रास्ता बाधित था स्वच्छ भारत मिशन को देखते हुए स्वच्छता की ओर हम आगे बढ़ते हैं गांव को स्वच्छ और साफ रखना गांव के जनप्रतिनिधियों की नैतिक जिम्मेदारी है उस नैतिक जिम्मेदारी को हम अच्छी तरीके से निर्वहन करते हैं हमारा गांव स्वच्छ और सुंदर हमेशा बना रहेगा।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ पूर्ण समाधान दिवस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चुनार, मीरजापुर।** तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने लोगों की शिकायतों को सुना। तहसील क्षेत्र के वि.ख. जमालपुर के ग्राम भाईपुरकलां निवासी राकेश श्रीवास्तव ने प्रार्थनापत्र देकर कहा कि गाँव के नवीन परती आराजी नंबर 205 रकबा 0.722 हे. में लगभग 20 वर्षो से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन बनकर संचालित हो रहा है किंतु राजस्व अभिलेख में स्वास्थ्य केंद्र का नाम दर्ज नहीं है, नाम दर्ज कराने की मांग किया। जमालपुर लोढवा गांव निवासिनी यशोदा देवी ने प्रार्थना पत्र दिया कि आराजी नंबर 480 रकवा 2.2280 हे0के पूरब तरफ चकरोड मौके पर कायम न होने से किसानों को आने जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नाली व चकरोड अपने स्थान पर कायम करने की मांग किया है। खुदंका गांव निवासी जयद्रथ ने प्रार्थना पत्र दिया कि आराजी नंबर 69 में प्राचीन शिव मंदिर व चकमार्ग स्थित है। रूपौधा गांव निवासी हरिश्चंद्र ने शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए कहा कि मेरा या परिवार के किसी सदस्य का जबाब कार्ड नही बना है और आवास हेतु किया गया आवेदन भी गलत रिपोर्ट लगाकर निरस्त कर दिया गया। मांग किया कि जाचोंपरात जाबकार्ड व आवास दिलाया जाए। समाधान दिवस में कुल 135 प्रार्थना पत्र आये जिसमें से तीन का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक,मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, सीएमओ के.के.मिश्रा एसडीएम राजेश कुमार वर्मा,तहसीलदार ईवेन्द्र कुमार,सीओ मंजरी राव सहित विभिन्न विभागों के अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

## कवि अभागा की आठवीं पुण्यतिथि पर काव्य गोष्ठी आयोजित



**चुनार, मीरजापुर।** नगर के कवि बसन्त लाल अभागा की आठवीं पुण्यतिथि पर बालूघाट स्थित श्री अग्रसेन शिव मंदिर के प्रांगण में काव्य संगोष्ठी का आयोजन हुआ। संगोष्ठी का शुभारंभ युवा कवि संजय उमंग के वाणी वंदना से हुआ। अध्यक्षता जय प्रकाश जय ने, संचालन कवि विजयानंद त्रिपाठी 'रसिक' ने किया। अभागा जी के चित्र पर उपस्थित साहित्यकारों ने श्रद्धा सुमन समर्पित किया। प्रमुख वक्ता के रूप में शरद कुशवाहा और रमाशंकर सिंह ने कवि अभागा के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बाद में कवि ने अपना टाईटिल अभागा से बदल कर नयन कर लिया था।

# परगासपुर में डीएम का औचक निरीक्षण

● जल जीवन मिशन की धीमी प्रगति पर जताई नाराजगी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने शनिवार को ग्राम पंचायत परगासपुर का स्थलीय निरीक्षण कर विकास कार्यों, जनसमस्याओं एवं जल जीवन मिशन के तहत चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जमीनी विवाद से जुड़े मामलों तथा मिट्टी की खुदाई की स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित लेखपाल को जांच के निर्देश दिए। कार्यों के प्रति लापरवाही पाए जाने पर उन्होंने लेखपाल को कड़ी फटकार भी लगाई। निरीक्षण के दौरान ग्रामीण महिला सोना देवी ने पेयजल, आवास एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। डीएम ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को पात्रता के अनुसार आवश्यक कार्रवाई कर योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके बाद जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन के तहत निर्माणाधीन पानी की टंकी का निरीक्षण किया। मौके पर केवल दो श्रमिक कार्यरत मिलने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और कार्यदायी संस्था को श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर समयबद्ध ढंग से कार्य पूरा कराने का निर्देश दिया। ग्रामीणों द्वारा आधे घरों तक ही पेयजल कनेक्शन पहुंचने की जानकारी दिए जाने पर उन्होंने शेष पात्र परिवारों को शीघ्र कनेक्शन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं आरआरसी सेंटर का भी निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है तथा विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता जल निगम, तहसीलदार भदोही अजय कुमार एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## विकसित भारत प्रदर्शनी के समापन समारोह में सांसद व जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया स्टॉलों का अवलोकन

● पीएम किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त का लाइव प्रसारण देखा, मेधावी छात्रा को किया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विभूति नारायण राजकीय इंटर कॉलेज, ज्ञानपुर परिसर में आयोजित विकसित भारत प्रदर्शनी का शनिवार को भव्य समापन हुआ। समापन समारोह में भदोही के माननीय सांसद डॉ. विनोद कुमार बिंद एवं माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा विकास प्रदर्शनी एवं विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए प्रदर्शनी स्टॉलों का अवलोकन कर केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विकास कार्यों की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा पश्चिम बंगाल के तारकेश्वर (हुगली) से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किस्त जारी किए जाने का लाइव प्रसारण भी प्रदर्शनी स्थल पर दिखाया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने देशभर के 9.44 करोड़ से अधिक किसान लाभार्थियों के बैंक खातों में 18,880 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि हस्तांतरित की। उपस्थित किसानों एवं नागरिकों ने लाइव प्रसारण का अवलोकन करते हुए योजना की जानकारी प्राप्त की। प्रदर्शनी में बेसिक शिक्षा विभाग के स्टॉल पर प्राथमिक विद्यालय घरांव की कक्षा चार की छात्रा द्वारा तैयार किया गया ब्रह्मोस मिसाइल का मॉडल विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। छात्रा ने मॉडल के संबंध में प्रभावी एवं आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुतीकरण दिया, जिससे प्रभावित होकर सांसद डॉ. विनोद कुमार बिंद ने उसे 1,000 रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया। समापन समारोह के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विभागों को सम्मानित किया गया। सांसद ने बेसिक शिक्षा विभाग तथा महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार विभाग को उत्कृष्ट स्टॉल प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए। इसके साथ ही प्रदर्शनी में प्रभावी सहभागिता एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। सांसद डॉ. विनोद कुमार बिंद ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में केंद्र सरकार ने जनकल्याण, आधारभूत संरचना, गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, किसान कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा डिजिटल सेवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की नीतियों के परिणामस्वरूप ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार एवं आजीविका के अवसर बढ़े हैं, जिससे लोगों को आत्मनिर्भर बनने में सहायता मिली है। उन्होंने कहा कि युवाओं, महिलाओं, किसानों एवं उद्यमियों को विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सशक्त बनाया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ला ने कहा कि विकसित भारत प्रदर्शनी का उद्देश्य केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि विभिन्न विभागों की सहभागिता से लोगों को एक ही स्थान पर योजनाओं की विस्तृत एवं उपयोगी जानकारी प्राप्त हुई है। सांसद ने प्रदर्शनी के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना करते हुए सभी को बधाई दी। उन्होंने विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में जनभागीदारी की महत्ता पर बल देते हुए नागरिकों से सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर उप निदेशक जिला कृषि अधिकारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण, कर्मचारी, किसान तथा बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## पति से विवाद के बाद विभा ने साड़ी से फांसी लगाई

● अंतिम संस्कार से पहले पुलिस ने शव कब्जे में लिया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

स्वतंत्र प्रभात ब्रेकिंग न्यूज़

**भदोही-** सुरियावां थाना क्षेत्र के बनकट गांव में शुक्रवार की बीती रात करीब एक बजे पति से विवाद के बाद विवाहित महिला विभा देवी ने अपनी ही साड़ी से फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने बिना सूचना दिए रामपुर स्थित घाट पर अंतिम संस्कार के लिए ले जाए जा रहे शव को सरपतहां रोड से कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की पहचान विभा देवी (करीब 25 वर्ष) पत्नी आकाश पाठक, निवासी बनकट, थाना सुरियावां के रूप में हुई है। उनका मायका रघुनाथपुर, थाना भदोही क्षेत्र में है। विभा देवी का विवाह 30 जून 2020 को हुआ था। उनके दो छोटे बच्चे हैं, जिनमें पांच वर्ष की पुत्री और चार वर्ष का पुत्र शामिल है। बताया गया कि शुक्रवार रात करीब एक बजे पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद विभा देवी ने घर में अपनी साड़ी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी गई और परिजन शव को रामपुर स्थित घाट पर अंतिम संस्कार के लिए ले जा रहे थे। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी कि बनकट गांव में एक विवाहित महिला की फांसी लगने से मौत हो गई है। सूचना पर हल्का प्रभारी उप निरीक्षक कमलेश कुमार और थाना प्रभारी अश्वनी त्रिपाठी गांव पहुंचे। वहां जानकारी मिली कि शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जाया जा चुका है। पुलिस ने जांच के दौरान परिजनों से जुड़े व्यक्ति की लोकेशन के आधार पर करीब 15 से 20 किलोमीटर दूर सरपतहां रोड पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। मौके पर नायब तहसीलदार भी मौजूद रहे। पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि मायके पक्ष की ओर से अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## 'थोड़ी सी उम्मीद, थोड़ा सा आसमान' की अभिनेत्री आरती बिराजदार ने बताया योग का महत्व

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दया शंकर त्रिपाठी



**ब्यूरो प्रयागराज:** आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोगों के लिए अपने लिए समय निकालना मुश्किल होता जा रहा है। ऐसे में, योग एक ऐसा तरीका है, जो शरीर और मन दोनों को स्वस्थ रखने में मदद करता है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर सन नियो के आने वाले शो 'थोड़ी सी उम्मीद, थोड़ा सा आसमान' में वैदेही का किरदार निभा रहीं अभिनेत्री आरती बिराजदार ने बताया कि योग उनके जीवन का अहम् हिस्सा है। योग के बारे में बात करते हुए आरती ने कहा, 'मेरे लिए योग सिर्फ एक ट्रेंड नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति की एक अनमोल देन है। आज की व्यस्त जिंदगी, प्रदूषण और तकनीक पर बढ़ती निर्भरता का असर हमारे स्वास्थ्य पर पड़ता है। योग मुझे शारीरिक रूप से फिट, मानसिक रूप से शांत और भावनात्मक रूप से संतुलित रखता है। लेकिन, इसका फायदा तभी मिलता है, जब इसे नियमित रूप से किया जाए। मेरा मानना है कि हर व्यक्ति को हर दिन थोड़ा समय निकालकर योग जरूर करना चाहिए। 'अपने योग रूटीन के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा, 'मैं हर दिन सूर्य नमस्कार करती हूँ। यदि समय मिले, तो ज्यादा राउंड करना अच्छा होता है, लेकिन शूटिंग की व्यस्तता के कारण मैं आमतौर पर 25 राउंड ही कर पाती हूँ। इसके अलावा मैं पश्चिमोत्तानासन, धनुरासन, सर्वांगासन, चक्रासन, मत्स्यासन, वज्रासन और पद्मासन भी करती हूँ। इनमें से शवासन मुझे सबसे ज्यादा शांति देता है। ' आरती ने आगे कहा, 'कॉलेज के दिनों में मैं योग को लेकर और भी ज्यादा नियमित थी। अच्छी नींद, पौष्टिक भोजन, योग और प्राणायाम स्वस्थ जीवन के लिए बहुत जरूरी हैं। मैं अनुलोम-विलोम, कपालभाति, ओंकार जप और भ्रामरी भी करती हूँ। ये सभी मन को शांत और शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। 'योग और जिम की तुलना पर उन्होंने कहा, 'मेरे अनुसार सबसे जरूरी चीज निरंतरता है। जिम शरीर को मजबूत बनाता है, जबकि योग शरीर और मन दोनों को संतुलित रखता है। अगर योग, जिम, अच्छा खान-पान और पर्याप्त नींद को साथ में अपनाया जाए, तो कई स्वास्थ्य समस्याओं से बचा जा सकता है। अच्छी सेहत एक दिन में नहीं बनती, बल्कि रोज की अच्छी आदतों से बनती है। इसलिए योग को सिर्फ एक ट्रेंड नहीं, बल्कि जीवनशैली का हिस्सा बनाना चाहिए। '

## सोरांव की रात्रि ग्राम चौपाल में सांसद प्रवीण पटेल ने सुनीं जनसमस्याएं

● विकास योजनाओं पर किया संवाद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो, प्रयागराज।** सोरांव क्षेत्र में आयोजित रात्रिकालीन ग्राम चौपाल में मुख्य अतिथि के रूप में फुलपुर से सांसद प्रवीण पटेल ने सहभागिता कर ग्रामीणों से आत्मीय संवाद स्थापित किया। चौपाल में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान सांसद प्रवीण पटेल ने ग्रामीणों की समस्याओं, सुझावों एवं आवश्यकताओं को गंभीरता से सुना तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने ग्रामीणों से योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने तथा पात्र लाभार्थियों तक उनका लाभ पहुंचाने में सहयोग करने का आह्वान किया। चौपाल में ग्रामीण विकास, सड़क, बिजली, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, कृषि एवं रोजगार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। ग्रामीणों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं एवं विकास कार्यों से संबंधित मांगों को सांसद के समक्ष रखा। सांसद ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र निस्तारण हेतु आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि ग्राम चौपालें जनप्रतिनिधियों और आम जनता के बीच संवाद का प्रभावी माध्यम हैं। इनके माध्यम से लोगों की वास्तविक समस्याओं की जानकारी मिलती है और विकास कार्यों की प्राथमिकताएं तय करने में सहायता प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए जनता और प्रशासन के बीच समन्वय आवश्यक है। रात्रि ग्राम चौपाल के दौरान सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों को दी गई। अधिकारियों ने योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति से अवगत कराया तथा पात्र लोगों से योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में सांसद प्रवीण पटेल ने क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए विकास कार्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों ने भी अपनी बात सीधे सांसद के समक्ष रखने का अवसर मिलने पर संतोष व्यक्त किया। इससे क्षेत्र में विकास एवं जनसमस्याओं के समाधान को लेकर सकारात्मक माहौल देखने को मिला।

## संक्षिप्त खबरें

### अपना दल (एस) प्रयागराज के जिला सचिव हुए ई. प्रकाश सिंह पटेल



**शंकरगढ़ (प्रयागराज)।** अपना दल (एस) ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए शंकरगढ़ विकास खंड के ग्राम देवरी बेनी निवासी इंजीनियर प्रकाश सिंह पटेल को प्रयागराज जिले का जिला सचिव मनोनीत किया है। प्रकाश सिंह पटेल के जिला सचिव बनाए जाने पर क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में हर्ष का माहौल है। पार्टी पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया है कि उनके संगठनात्मक अनुभव, सक्रिय कार्यशैली एवं जनसंपर्क का लाभ पार्टी को मिलेगा तथा संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूती प्राप्त होगी। लगातार कई सालों से सामाजिक हित और राजनीतिक क्षेत्र में अपना दल की तरफ से विधायक प्रतिनिधि के रूप में कार्य कर रहे थे। युवा जोश और कार्य करने की क्षमता और सक्रियता को देखते हुए पार्टी ने उन्हें जिला स्तर पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। नई जिम्मेदारी मिलने पर प्रकाश सिंह पटेल ने अपने शुभचिंतकों और पार्टी के कार्यकर्ताओं को धन्यवाद कहा साथ ही भरोसा दिलाया की नई जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी के साथ निभाएंगे और पार्टी के साथ मिलकर प्रयागराज में अपना दल (एस) को मजबूत करने का काम करेंगे इस अवसर पर शुभचिंतकों एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

### नैनी सब्जी मंडी के सामने सड़क पर आम विक्रेताओं का कब्जा

रोजाना लग रहा भीषण जाम स्थानीय दुकानदार परेशान



**नैनी,प्रयागराज।** नैनी सब्जी मंडी के ठीक सामने सड़क पर आम विक्रेताओं द्वारा अतिक्रमण कर बिक्री किए जाने से प्रतिदिन भीषण जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है। सड़क के दोनों ओर अस्थायी रूप से दुकानें लगाने के कारण यातायात बाधित हो जाता है, जिससे राहगीरों, वाहन चालकों और स्थानीय दुकानदारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय लोगों के अनुसार, कई बार जाम की स्थिति इतनी गंभीर हो जाती है कि वाहन चालकों और विक्रेताओं के बीच कहासुनी होने लगती है और मामला मारपीट तक पहुंच जाता है। इसके बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है।हैरानी की बात यह है कि यह पूरा क्षेत्र नैनी कस्बा चौकी और नगर निगम कार्यालय के ठीक सामने स्थित है, लेकिन अब तक अतिक्रमण हटाने और यातायात व्यवस्था को सुचारु करने के लिए कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है।स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि सड़क पर अवैध रूप से दुकानें लगाए जाने से उनके व्यवसाय पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि सड़क से अतिक्रमण हटाकर नियमित निगरानी की जाए, ताकि जाम की समस्या से लोगों को राहत मिल सके और क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे।

### भेड़ों को नहलाते समय तालाब में डूबा किशोर, मौत से परिवार में मचा कोहराम

**मेजा, प्रयागराज।** मेजा थाना क्षेत्र के लेहड़ी इलाके में शनिवार को एक दर्दनाक हादसे में 16 वर्षीय किशोर की तालाब में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार सोनबरसा गांव निवासी विजय प्रकाश पाल का पुत्र मुकेश पाल (16) अपने परिजनों के साथ भेड़ों को स्नान कराने के लिए लेहड़ी क्षेत्र स्थित एक तालाब पर गया था। भेड़ों को पानी में नहलाने के दौरान मुकेश अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। साथ मौजूद लोगों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन वह पानी में लापता हो गया। मुकेश की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तालाब में उतरकर उसकी तलाश शुरू की। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने किशोर को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही परिजन बदहवास होकर मौके पर पहुंच गए। बेटे का शव देखते ही माता-पिता और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पैदल चलने वालों का फुटपाथ पाने का मौलिक अधिकार

**● मोटर चलाने वाले पैदल चलने के अधिकार को नकार नहीं सकतेः सुप्रीम कोर्ट**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसले में आज कहा कि तय फुटपाथ पर चलने का अधिकार संविधान के आर्टिकल 19(1)(d) के तहत मौलिक अधिकार है, जिसमें सुरक्षित और सही ढंग से बने फुटपाथ तक पहुंचने का अधिकार भी शामिल है। मोटर वाले वाहनों की आवाजाही की तुलना में इस अधिकार को प्राथमिकता दी जाएगी। इसे मौलिक अधिकार इसलिए माना गया, क्योंकि पैदल चलने का अधिकार हमेशा से हमारी रोज़मर्रा की ज़िंदगी से 'अटूट' रूप से जुड़ा रहा है। कोर्ट ने कहा कि फुटपाथ और पैदल चलने वालों के लिए अन्य बुनियादी ढांचे को तय करने, बनाने, उनकी देखभाल करने और उन्हें सुरक्षित रखने की ज़िम्मेदारी शहरी विकास प्राधिकरणों, नगर निगमों, नगर पालिकाओं और पंचायतों की है। इस बात पर ज़ोर देते हुए कि पैदल चलना अक्सर 'नज़रअंदाज़' कर दिया जाता है, कोर्ट ने कहा कि तय फुटपाथ पर चलने के अधिकार का उल्लंघन होने पर नागरिक संबंधित अधिकारियों के खिलाफ़ सुधार और मुआवज़े के लिए संवैधानिक उपायों का सहारा ले सकते हैं। कोर्ट ने साफ़ किया कि ऐसे उपाय मोटर वाहन अधिनियम के तहत उपलब्ध उपायों से अलग होंगे। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस अतुल एस चंदुरकर की बेंच ने कहाः 'चलने के लिए सुरक्षित और आरामदायक फुटपाथ का न होना, और अगर वे हैं भी, तो उन्हें मोटर वाले वाहनों के लिए गौण कर देना एक सभ्यतागत समस्या रही है। हमने आर्टिकल 21 के तहत इस अधिकार पर विचार किया और आखिरकार यह घोषित किया कि पैदल चलने का अधिकार एक मौलिक अधिकार है और संविधान का हिस्सा है। यह आर्टिकल 19 के तहत गारंटीकृत आवाजाही के अधिकार का अभिन्न अंग है। पैदल चलने के मौलिक अधिकार में तय फुटपाथ का अधिकार भी शामिल होगा। 'आगे कहा गया, 'यह काफी अजीब बात है कि हम पैदल चलने के अधिकार को पहचानने और सुरक्षित करने पर ध्यान नहीं दे पाते। हो सकता है कि ऐसा इसलिए हुआ हो, क्योंकि पहियों वाली गाड़ियों ने हमारी सोच पर कब्ज़ा कर लिया और हमारे नगर निकाय ऐसे रास्ते बनाने में व्यस्त रहे, जो मोटर गाड़ियों का इस्तेमाल करने वालों के लिए सही थे। शुरुआत में पहियों वाली मशीनें सिर्फ़ अमीरों के लिए थीं, इसलिए यह एक तरह की कुलीन सोच भी हो सकती है; लेकिन जैसे-जैसे अर्थव्यवस्था आगे बढ़ी और सस्ती मोटर गाड़ियां आईं, सड़कों पर मोटर गाड़ियों का ही बोलबाला हो गया। इससे पैदल चलने वालों को किनारे कर दिया गया और उन्हें ड्राइवरों के लिए एक परेशानी माना जाने लगा, जो अक्सर पैदल चलने वालों और उनके फुटपाथों पर गाड़ियाँ चढ़ा देते हैं। 'तय फुटपाथों पर पैदल चलने के अधिकार का उल्लंघन होने पर लोग ज़िम्मेदारी निभाने वालों के खिलाफ़ नुकसान की भरपाई और मुआवज़े के लिए संवैधानिक कानूनी उपायों का सहारा ले सकते हैं। यह उपाय मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मिलने वाले उपायों से अलग है। '

## नागपुर के NEET छात्र का सेंटर अबु धाबी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** नीट की दोबारा हो रही परीक्षा को जब सिर्फ एक दिन बाकी रह गया है, ऐसे समय NTA की एक बड़ी लापरवाही सामने आई है, जिसकी वजह से नागपुर के एक छात्र का भविष्य अधर में लटक गया है। एडिमट कार्ड में इस छात्र का सेंटर अबु धाबी दर्ज है। स्टूडेंट के पास न तो पासपोर्ट है और न ही उसके परिवार के पास उसे विदेश भेजने के पैसे हैं। ये मुद्दा चर्चा में आने के बाद विपक्ष ने इसे सोशल मीडिया पर उठाना शुरू कर दिया है। एक तरफ लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एनटीए से जवाब मांगा है तो वहीं शिवसेना (UBT) नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने भी इसे छात्र के लिए मानसिक तनाव बताया है। नागपुर का एक बच्चा एक महीने से NEET re-e&am की तैयारी कर रहा था। कल परीक्षा से ठीक एक दिन पहले उसने admit card डाउनलोड किया। उसका सेंटर निकला-अबू धाबी। न पासपोर्ट, न परिवार के पास विदेश भेजने के पैसे, न अब कोई वक्त बचा है। वो रातभर रोता रहा, और परीक्षा देने से ही मना कर रहा है- क्या इस तनाव की कल्पना भी की जा सकती है? कांग्रेस नेता ने एनटीए से पूछा कि आखिर ऐसा हुआ भी कैसे? कल किसी भी छात्र को सेंटर तक न पहुंच पाने की शिकायत नहीं होनी चाहिए। NTA असल में देश के बच्चों और उनके माता-पिता का सिर्फ धीरज test कर रही है। जो system एक बच्चे को अपने ही शहर में एक centre नहीं दे सकती, उल्टा विदेश भेज सकती है - उसे परीक्षा करवाने का कोई हक नहीं। राहुल गांधी ने आगे कहा कि कोटा में मैंने यही कहा था-यह अब शिक्षा व्यवस्था नहीं रही। यह एक पूरी पीढ़ी के पैसे, समय और मानसिक शांति की वसूली है। हमारे बच्चों के भविष्य के साथ जुआ खेलना बंद कीजिए। वो एक संवेदनशील, जिम्मेदार और जवाबदेह शिक्षा व्यवस्था और परीक्षा के अधिकारी हैं-और हम ये उन्हें दिलवा कर रहेंगे। शिवसेना यूबीटी नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने भी एनटीए की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि अगर दोबारा परीक्षा का तनाव कम नहीं था, तो अब नागपुर के एक छात्र को परीक्षा केंद्र के तौर पर अबू धाबी अलॉट होने का मामला सामने आया है।

## बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे राम अभिलाष - रवीन्द्र प्रताप सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ब्यूरो प्रयागराज।** लोक संगीत के साधक, प्रखर वक्ता,विलक्षण प्रतिभा के धनी व किसानों के नेता स्व.राम अभिलाष विश्वकर्मा जी की कमी हम सबको खलेगी। निश्चित तौर पर हम सबने विश्वकर्मा जी के रूप में एक कुशल कुश्ती खिलाड़ी,लोक गायक कलाकार व लेखक तथा किसानों की आवाज बुलंद करने वाले नेता को खो दिया । जिसकी पूर्ति नहीं की जा सकती है। भुलई का पूरा गांव में फूलपुर अधिवक्ता संघ के महामंत्री रवींद्र प्रताप सिंह ने लोक गायक कलाकार स्व.राम अभिलाष विश्वकर्मा की द्वितीय पुण्यतिथि पर आयोजित श्रंद्धाजलि समारोह में कही लोक कला महासंघ प्रयागराज के जिलाध्यक्ष गुलाब चंद्र मौर्य ने कहा कि राम अभिलाष विश्वकर्मा जी लोक कलाकारों के लिए एक जीवित लाइब्रेरी थे। लोक गायन की पुरानी विधाओं के जानकार व हारमोनियम, ढोलक सहित कई वाद्य यंत्रों के कुशल संगीतज्ञ राम अभिलाष विश्वकर्मा युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत थे। भारतीय लोक कला महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष फूलपुर ननकूराम सरोज ने कहा कि स्व. राम अभिलाष विश्वकर्मा भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय द्वारा अपने लोग गायन विधा के लिए पेंशन स्कीम से सम्मानित किए गए थे। जन अधिकार पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज मनु विश्वकर्मा ने कहा कि 1939 में इलाहाबाद प्रयागराज फूलपुर क्षेत्र के चक अब्दुल करीम उर्फ पूरे भुलई गांव में एक मध्यम वर्गीय परिवार में जन्मे बाबू राम अभिलाष विश्वकर्म शुरुआती दिनों में एक कुशल कुश्ती के पहलवान थे और कम समय में ही किसान राजनीति में आकर किसान नेता महेंद्र सिंह टिकैत के बेहद करीबी हो गए। कांग्रेस पार्टी के अशफाक अहमद नेकहा प्रखर वक्ता स्व. राम अभिलाष विश्वकर्मा जी को भुलाया नहीं जा सकता। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक चौधरी, सुरेंद्र कुमार मौर्य, लोक गायक मेवालाल हलचल, अशोक कुमार सरोज, निगम लाल, डॉ दीपचंद प्रजापति,विजयपाल प्रबंधक ईशा आर डी पाल स्कूल एंड कॉलेज बाबूगंज, दिलीप कुमार आजाद पूर्व महामंत्री बार एसोसिएशन फूलपुर, युवा सपा नेता सुमित विश्वकर्मा, एडवोकेट बृजेश कुमार गौतम,एडवोकेट संजय कुमार,हनुमंत सिंह पटेल अध्यक्ष कोटेदार संघ फूलपुर, विमलेश कुमार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खंड कार्यवाह रामेश्वर प्रसाद, रामनरेश विश्वकर्मा,मूलचंद्र विश्वकर्मा, गुलाब सिंह यादव, कमलेश कुमार यादव, एडवोकेट विजय चंद्र विश्वकर्मा सहित आदि ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

## वार्ड कार्यालय के पास सफाई कर्मचारियों से मारपीट और गाली-गलौज

**नैनी, प्रयागराज।** नैनी जोन-5 के वार्ड-20 चकरघुनाथ क्षेत्र में रात्रिकालीन ड्यूटी के दौरान सफाई कर्मचारियों के साथ मारपीट और अभद्रता का मामला सामने आया है। इस संबंध में सुपरवाइजर उमेश सेन ने संबंधित अधिकारियों से शिकायत कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, जोन-5 के चुनाव वार्ड-20 चकरघुनाथ में रात्रिकालीन सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत उमेश सेन शनिवार देर रात लगभग 12:10 बजे सब्जी मंडी स्थित वार्ड कार्यालय के बगल में चल रहे सफाई कार्य का निरीक्षण कर रहे थे। उसी दौरान दो स्थानीय व्यक्ति वहां पहुंचे और गाली गलौच करने लगे आरोप है कि दोनों व्यक्तियों ने मौके पर मौजूद सफाई कर्मचारियों के साथ मारपीट भी की। घटना में कई कर्मचारियों को चोटें आई हैं। कर्मचारी अनिल के साथ हाथापाई की। वहीं कर्मचारी सूरज की आंख के पास चोट लगने की जानकारी सामने आई है।घटना के बाद संबंधित कर्मचारियों और सुपरवाइजर ने दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ताओं ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

## पुणे में ढोंगी बाबा राधामोहन गिरफ्तारः सालों तक रेप, टॉर्चर, जबरन पेशाब पिलाने का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता


**ब्यूरो प्रयागराज।** महाराष्ट्र के पुणे में एक महिला के साथ कथित रेप और अमानवीयता के लिए गिरफ्तार किए गए ढोंगी बाबा को 20 जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। खुद को आध्यात्मिक गुरु बताने वाले 59 साल के राधामोहन मिश्रा के साथ ही 7 और लोगों को भी गिरफ्तार किया गया। इन पर आरोप है कि उन्होंने एक महिला को कई सालों तक शारीरिक, मानसिक और यौन उत्पीड़न की यातना दी। रेप करने, करंट लगाने, संपत्ति हड़पने और जबरन पेशाब पिलाने जैसी अमानवीय प्रताड़ना देने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। पुणे पुलिस के अनुसार पीड़िता सिन्हगढ़ रोड इलाके की 41 साल की एक महिला हैं। वह एक नामी प्राइवेट कंपनी में नौकरी करती हैं। उन्होंने पुलिस में शिकायत दी है। महिला पिछले कई सालों से राधामोहन मिश्रा के संपर्क में थीं। पुलिस के मुताबिक़, यह सिलसिला 2001 से शुरू हुआ था और 2026 तक चलता रहा। यानी 25 साल से वे संपर्क में रहे। पुलिस का कहना है कि 15 साल से ज़्यादा तक यातना दी गई। पुलिस ने बताया कि राधामोहन मिश्रा हरियाणा का रहने वाला है। वह क़रीब 8 साल से पुणे में रह रहा था। वह खुद को भगवान जैसी शक्तियाँ रखने वाला बताता था। लोगों से कहता था कि वह स्वास्थ्य, पैसे और परिवार की समस्याएँ दूर कर सकता है। इसी भरोसे का फायदा उठाकर उसने महिला और उसके परिवार को झाँसे में लिया। पुलिस के अनुसार आरोप लगाया गया है कि महिला को कई सालों तक बलात्कार किया गया। इस दौरान पीड़िता को इलेक्ट्रिक शॉक दिए गए और आरोप है कि उन्हें जबरदस्ती राधामोहन मिश्रा ने पेशाब पिलाया। मानसिक रूप से उसे बहुत परेशान किया गया। उसे परिवार से अलग-थलग कर दिया गया। महिला ने आरोप लगाया है कि उसके परिवार के सदस्यों को भी उसके ख़िलाफ़ भड़काया गया ताकि वे उसकी बात न मानें और जब पीड़िता शिकायत करतीं तो परिवार वाले नज़रअंदाज़ कर देते। महिला वाघोली इलाके में उबलेनगर स्थित एक बंगले में रह रही थीं जिसे बाबा के आश्रम के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था। पुणे क्राइम ब्रांच ने इस बंगले पर छापा मारा। इसने राधामोहन मिश्रा के अलावा उसके करीबी सहयोगी कंवल नयन और 6 महिलाओं को गिरफ्तार किया गया। सभी 8 आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें 20 जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने बंगले से बहुत सारा सामान जब्त किया है। पुलिस की कार्रवाई में आश्रम से लैपटॉप, हार्ड डिस्क, टैबलेट, मोबाइल फोन, पेन ड्राइव, सीडी-डीवीडी, सीसीटीवी जैसे इलेक्ट्रॉनिक सामान जब्त किए गए हैं। इसके अलावा पुलिस का कहना है कि क़रीब 6.5 लाख रुपये नकद, करीब 15 लाख रुपये की ज्वेलरी और कई प्रकार की दवाइयाँ जब्त की गई हैं। पुलिस को शक है कि इन इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में महिला के निजी वीडियो हो सकते हैं, जिनका इस्तेमाल उसे ब्लैकमेल करने के लिए किया जाता था।

पूरे बंगले में सीसीटीवी कैमरे लगे थे। पीड़िता के रहने की जगह के पास भी सीसीटीवी लगे हुए थे। रिपोर्टों में पुलिस के हवाले से कहा गया है कि राधामोहन मिश्रा महिला की संपत्ति अपने नाम करवाने की कोशिश कर रहा था। कुछ संपत्ति पहले ही ट्रांसफर कर दी गई थी। इसलिए पुलिस ने धोखाधड़ी और फ्रॉड के मामले भी जोड़ दिए हैं। पुलिस इस बात की भी जाँच कर रही है कि बंगले के नीचे एक अंडरग्राउंड टनल बनाई जा रही थी या नहीं। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि क्या अन्य अनुयायियों के साथ भी ऐसी ही यातनाएँ हुई हैं। यह मामला सामने आने के बाद लोगों में काफी रोष है।

## CJI के लंदन दौरे पर फर्जी पोस्टों के खिलाफ केंद्र कर सकता है कार्रवाईः दिल्ली हाईकोर्ट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को सुनवाई के दौरान मौखिक रूप से कहा कि चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (CJI) कई जजों और केंद्रीय मंत्रियों के लंदन में आयोजित कथित बैडमिंटन प्रतियोगिता में भाग लेने संबंधी फर्जी और भ्रामक पोस्टों के प्रसार को रोकने के लिए केंद्र सरकार सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत सामाजिक माध्यम मंचों को आवश्यक निर्देश जारी कर सकती है। जस्टिस तेजस करिया की अवकाशकालीन पीठ भारतीय बैडमिंटन संघ द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि सोशल मीडिया पर प्रसारित किए जा रहे दावे पूरी तरह झूठे और भ्रामक हैं। भारतीय बैडमिंटन संघ की ओर से सीनियर एडवोकेट अपूर्व कुरूप ने कहा कि यह अभियान न केवल न्यायपालिका की छवि धूमिल कर रहा है, बल्कि बैडमिंटन खेल का भी उपहास बना रहा है। उन्होंने अदालत से कहा, 'यह न्यायपालिका को बदनाम करने का प्रयास है, जो बेहद गंभीर विषय है। साथ ही बैडमिंटन खेल को भी मजाक का विषय बनाया जा रहा है। इसे 'कॉरपोरेट प्रायोजित बैडमिंटन कूटनीति' जैसे नाम दिए जा रहे हैं। ' सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता ने अदालत का ध्यान सोशल मीडिया पर प्रसारित कुछ वीडियो शीर्षकों की ओर भी दिलाया, जिनमें लंदन बैडमिंटन प्रतियोगिता, मुख्य जस्टिस और केंद्रीय विधि मंत्री को लेकर विवादास्पद दावे किए गए। वकील ने कहा कि संबंधित कार्यक्रम केवल एक बैडमिंटन प्रतियोगिता था, जिसमें वकीलों को भाग लेने की अनुमति थी, जबकि सोशल मीडिया पर प्रसारित आरोप पूरी तरह निराधार हैं। सॉलिसिटर जनरल ने कहा, 'ये तस्वीरें नवंबर 2025 में दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय बैडमिंटन प्रतियोगिता की हैं। उद्घाटन अवसर पर चीफ जस्टिस, जस्टिस विक्रम नाथ तथा केंद्रीय मंत्रियों ने प्रतीकात्मक रूप से पहला मैच खेला था। ' उन्होंने आगे बताया कि चीफ जस्टिस सूर्यकांत आधिकारिक कार्यक्रम के तहत दो दिन के लिए लंदन गए, जहां उन्होंने इंग्लैंड और वेल्स के मुख्य जस्टिस से मुलाकात की तथा वहां के सुप्रीम कोर्ट के एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। हालांकि उन्होंने किसी बैडमिंटन प्रतियोगिता या खेल गतिविधि में भाग नहीं लिया। इसी तरह संबंधित अवधि में कोई केंद्रीय मंत्री भी




लंदन नहीं गया। सॉलिसिटर जनरल ने अदालत से कहा कि फर्जी सूचना फैलाने वालों की पहचान की जानी चाहिए और मामले की जांच आवश्यक है। इस पर हाईकोर्ट ने मौखिक रूप से कहा, 'हम यह निर्देश दे सकते हैं कि सभी उपयोगकर्ताओं की मूल जानकारी सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय को उपलब्ध कराई जाए। आगे सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत कार्रवाई करना केंद्र सरकार का अधिकार क्षेत्र है। इस संबंध में उचित निर्देश दिए जा सकते हैं। 'मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने संकेत दिया कि फर्जी सूचना और दुष्प्रचार से निपटने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत उपलब्ध कानूनी उपायों का उपयोग किया जा सकता है और केंद्र सरकार इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने के लिए सक्षम है।

## इलाहाबाद हाई कोर्ट का महत्वपूर्ण फैसला, एक साथ नहीं लगायी जा सकती आईपीसी की धारा 420 और 409

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि भारतीय दण्ड संहिता की धारा 420 और 406 एक साथ नहीं लगायी जा सकती। किसी केस में यह दोनों धाराएं एक साथ लगायी गयी हैं तो वह केस कानून की नजर में टिक नहीं सकता। यह फैसला न्यायमूर्ति सौरभ श्रीवास्तव की एकलपीठ ने सुनाया है। कोर्ट ने मेरठ जिले के सिविल लाइंस थाने में दर्ज (राज्य बनाम अभिषेक गौतम) केस को संज्ञान लिए जाने और उस पर जारी समन को रद्द कर दिया है। याचिकाकर्ता अभिषेक गौतम के खिलाफ धारा 420, 406, 504, 506 आईपीसी में थाना सिविल लाइन्स, जिला मेरठ में प्राथमिकी दर्ज है। अपर मुख्य न्यायाधीश कोर्ट ने याची के खिलाफ संज्ञान/समन आदेश जारी किया था। याची ने हाईकोर्ट में अर्जी दाखिल संज्ञान/समन आदेश सहित पूरी कार्यवाही रद्द करने की मांग की थी। याचिकाकर्ता की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम ने दलील दी कि प्रथम सूचना रिपोर्ट में जो भी तथ्य दिए गये हैं वह गलत तथ्यों पर आधारित है। केस में दिए गए तथ्य मनमाने और मनगढ़ंत हैं, जिसका वास्तविकता से कोई लेना देना नहीं है। राज्य की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता ने याचिकाकर्ता के अधिवक्ता के दलीलों का विरोध किया। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट की ओर से दिल्ली रेस क्लब केस में सुनाए गए लैंडमार्क फैसले का जिक्र किया जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि आपराधिक विश्वासघात और धोखाधड़ी के बीच फर्क है। धोखाधड़ी के लिए गलत या गुमराह करने वाली बात कहते समय यानी शुरुआत से ही आपराधिक नीयत का होना जरूरी है। आपराधिक विश्वासघात में सिर्फ यह साबित करना काफी है कि कोई चीज भरोसे में सौंपी गई थी। इस तरह आपराधिक विश्वासघात के मामले में अपराधी को कानूनी तौर पर संपत्ति सौंपी जाती है और वह बेईमानी से उसका गलत इस्तेमाल करता है। जबकि धोखाधड़ी के मामले में अपराधी किसी व्यक्ति को धोखा देकर या बहकाकर कोई संपत्ति देने के लिए उकसाता है। ऐसी स्थिति में दोनों अपराध एक साथ नहीं हो सकते। कोर्ट ने याची के खिलाफ संज्ञान लिए जाने और उस पर जारी समन को रद्द कर दिया है। भी जांच जारी रखे हुए है। यह एक गंभीर आपराधिक मामला है।

## धमाके से मचा हड़कंप, पुलिस बोली—बंदर भगाने के लिए फोड़ा गया था पटाखा




**नैनी, प्रयागराज।** शनिवार सुबह नैनी क्षेत्र में तेज धमाके की आवाज सुनाई देने से इलाके में हड़कंप मच गया। धमाके की आवाज सुनकर घरों में मौजूद लोग बाहर निकल आए और आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई।जानकारी के अनुसार,नन्दन तालाब स्थित मनोज कुमार मिश्र के घर की बाउंड्रीवाल के अंदर से तेज आवाज सुनाई दी। इसके बाद परिवार के सदस्य बाहर पहुंचे तो वहां प्लॉट में कागज के कुछ जले हुए टुकड़े पड़े मिले। घटना की सूचना तत्काल डायल-112 पर दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल कर वापस लौट गई। ।वहीं, नैनी इंस्पेक्टर बृज किशोर गौतम ने बताया कि बमबाजी की सूचना गलत है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि किसी व्यक्ति ने बंदरों को भगाने के लिए पटाखा फोड़ा था।

## रास्ते के विवाद में पड़ोसी ने की मारपीट, मुकदमा दर्ज




**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के कारीगांव में रास्ते के विवाद को लेकर पड़ोसी द्वारा लाठी-डंडे से मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित शिव प्रकाश गिरी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी कृष्ण कुमार गिरी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।पीड़ित के अनुसार, 19 जून को आरोपी उसके रास्ते पर निर्माण कार्य करा रहा था। विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडे से हमला कर दिया, जिससे उसे सिर, पीठ व हाथ में चोटें आईं। मारपीट के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एमबीबीएस छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** झलवा स्थित यूनाइटेड मेडिसिटी मेडिकल कॉलेज के छात्रावास में शनिवार सुबह एमबीबीएस की एक छात्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से पूरे कॉलेज परिसर में शोक की लहर फैल गई। मृतका की पहचान सृष्टि मिश्रा (22 वर्ष) पुत्री अनुराग मिश्रा के रूप में हुई है। वह मध्य प्रदेश की निवासी थीं तथा यूनाइटेड मेडिसिटी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस चौथे वर्ष की छात्रा थीं। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह छात्रावास में रह रही सृष्टि मिश्रा की अचानक तबीयत बिगड़ गई। साथियों द्वारा इसकी सूचना तत्काल कॉलेज प्रशासन को दी गई, जिसके बाद उन्हें आनन-फानन में उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। हालांकि चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। छात्रा की मौत की खबर मिलते ही कॉलेज प्रशासन, शिक्षकगण और छात्र-छात्राओं में शोक की लहर दौड़ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शुक्रवार रात तक सृष्टि सामान्य थीं और अपनी पढ़ाई में व्यस्त थीं। शनिवार सुबह अचानक उनकी तबीयत खराब होने की सूचना मिली। इसके बाद उन्हें तत्काल चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई गई, लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। घटना की जानकारी मिलते ही एयरपोर्ट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने छात्रावास में रहने वाली अन्य छात्राओं तथा कॉलेज प्रशासन से भी पूछताछ की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रथम दृष्टया मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सामने आ सकेगा। बताया जा रहा है कि मृतका का भाई भी चिकित्सक है। घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई है और उनके प्रयागराज पहुंचने का इंतजार किया जा रहा है। परिजनों के आने के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## मेजा में फल विक्रेता की मौत पर फूटा आक्रोश, कई घंटे जाम के बाद खुला मार्ग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मेजा, प्रयागराज।** मेजा रोड-कोहड़ार मार्ग पर रामपुर गांव के समीप अज्ञात हाइवा की चपेट में आकर फल विक्रेता तेज बहादुर (45) की मौत के बाद शनिवार को क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई। हादसे से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने सड़क पर चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया, जिससे मार्ग पर कई घंटों तक यातायात प्रभावित रहा। जानकारी के अनुसार बंधवा निवासी तेज बहादुर रोजी-रोटी के लिए फल विक्रय का कार्य करते थे। शनिवार सुबह वह फल खरीदने के लिए मंडी जा रहे थे। इसी दौरान रामपुर गांव के समीप पीछे से आए एक अज्ञात हाइवा ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में घटनास्थल पर पहुंच गए। मृतक की मौत से गुस्साए लोगों ने शव को सड़क पर रखकर चक्का जाम कर दिया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आरोपी चालक की गिरफ्तारी तथा मृतक परिवार को आर्थिक सहायता की मांग करने लगे। जाम के कारण मेजा रोड-कोहड़ार मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गई और आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एसीपी मेजा एस.पी. उपाध्याय तथा नायब तहसीलदार नंदलाल पटेल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने परिजनों और ग्रामीणों से वार्ता कर उन्हें शांत करने का प्रयास किया। उन्होंने नियमानुसार सरकारी सहायता दिलाने तथा हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया। साथ ही फरार वाहन चालक की जल्द गिरफ्तारी का भरोसा भी दिलाया। अधिकारियों के आश्वासन के बाद परिजन और ग्रामीण शांत हुए तथा कई घंटे से चल रहा जाम समाप्त कर दिया गया। इसके बाद मार्ग पर यातायात सामान्य हो सका।

## संक्षिप्त खबरें

### पटना के मसौढ़ी में आम के पेड़ से लटा मिला शिक्षक का शव; शरीर पर चोट के निशान मिलने से बढ़ा संदेह



**मसौढ़ी (पटना)।** राजधानी के मसौढ़ी थाना क्षेत्र से शनिवार सुबह एक युवक का शव आम के पेड़ से लटका मिला। मृतक की पहचान मसौढ़ी थाना क्षेत्र के खरजंवा गांव निवासी बिंदेश्वर प्रसाद के पुत्र निशांत कुमार (28) उर्फ सतीश उर्फ फोदी के रूप में की गई है। वह एक निजी मध्य विद्यालय में शिक्षक था। शुक्रवार को भी वह विद्यालय गया था। वहां से लौटने के बाद भोजन कर करीब दो बजे दिन में बाहर निकला था। स्वजन ने हत्या कर शव को लटकाने का आरोप लगाया है। हालांकि पुलिस प्रथम दृष्टया आत्महत्या बता रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए पीएमसीएच भेज दिया गया है। मृतक के भाई ने पुलिस को बताया कि निशांत शुक्रवार दोपहर को लापता हो गया। स्वजन उसकी तलाश में निकले, लेकिन कुछ पता नहीं चला। शाम में उस जगह पर भी खोजबीन की गई थी, जहां आम के पेड़ से उसका शव लटका मिला। वह स्थान मृतक के घर से करीब 700 मीटर दक्षिण आनंदी खंधा में है। बताया जाता है कि उसके शरीर पर चोट के निशान मिले हैं। एफएसएल की टीम ने पहुंचकर जांच-पड़ताल की। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की बात कह रही है। चर्चा यह भी है कि निशांत का प्रेम प्रसंग गांव की ही एक युवती से चल रहा है। दोनों के परिवारवालों को इसकी जानकारी थी। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चा की जा रही है। अब सबकी नजर पुलिस की कार्रवाई पर टिकी है।

### खान सर को कोर्ट से फिर मिली राहत; गिरफ्तारी पर लगी रोक, 25 को सुनवाई



**पटना।** राजधानी के मुसल्लहपुर हाट स्थित खान ग्लोबल स्टडीज में दो जून की रात हुए हंगामे और फायरिंग मामले में फैजल खान उर्फ खान सर को एक बार फिर न्यायालय से राहत मिली है। पटना सिविल कोर्ट ने शनिवार को मामले की सुनवाई के दौरान उनकी गिरफ्तारी पर लगी रोक को अगले आदेश तक जारी रखने का निर्देश दिया। मामले की अगली सुनवाई 25 जून को होगी। फैजल खान के तीन स्टाफ को भी कोर्ट ने नो कोर्सिव दिया है। उनकी भी गिरफ्तारी पर रोक रहेगी। खान सर के दोनों सुरक्षा गार्ड की याचिका पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने 25 जून तक उन्हें हिरासत में रखने का आदेश दिया है। उनकी जमानत पर भी 25 जून को ही सुनवाई होगी। इस दौरान पुलिस ने अदालत में अपडेटेड केस डायरी प्रस्तुत की। बताया जाता है कि केस डायरी में इस बात की चर्चा है कि दहशत के लिए फायरिंग की गई थी। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने फिलहाल गिरफ्तारी पर अंतरिम संरक्षण (इंटरिम प्रोटेक्शन) बरकरार रखा। अब मामले की अगली सुनवाई निर्धारित तिथि पर होगी। गार्डों पर फायरिंग का आरोप, खान सर का नाम भी एफआईआर में गौरतलब है कि दो जून की रात कोचिंग संस्थान के बाहर हुए बवाल के दौरान खान सर के दोनों गार्डों पर दो-दो राउंड फायरिंग करने का आरोप लगाया गया था। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि यह कार्रवाई खान सर के निर्देश पर की गई थी। इसके बाद पुलिस ने दर्ज एफआईआर में फैजल खान का नाम भी जोड़ लिया था। इसी मामले में आरोपित बनाए गए ज्ञान बिंदु जीएस एकेडमी के निदेशक रौशन आनंद को पूर्व में गिरफ्तार किया गया था। बाद में उन्हें अदालत से जमानत मिल गई और वे जेल से बाहर आ चुके हैं। मामले ने उस समय नया मोड़ ले लिया जब रौशन आनंद के भाई की नेपाल के एक होटल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रौशन आनंद ने सार्वजनिक रूप से इस घटना के लिए फैजल खान पर हत्या का आरोप लगाया। इसके बाद कदमकुआं थाना में प्राथमिकी दर्ज करने को लेकर भी विवाद खड़ा हो गया। रौशन आनंद ने आरोप लगाया कि पुलिस ने उनकी शिकायत दर्ज नहीं की, जिसके विरोध में उन्होंने धरना भी दिया था। रौशन आनंद लगातार यह आरोप लगाते रहे हैं कि उनके साथ मामले में भेदभावपूर्ण रवैया अपनाया गया। उनका कहना है कि जिस मामले में उनकी गिरफ्तारी तेजी से हुई, उसी मामले में नामजद किए जाने के बावजूद खान सर के खिलाफ पुलिस ने अब तक कोई कठोर कार्रवाई नहीं की है। हालांकि, खान सर की ओर से पहले भी आरोपों को निराधार बताया जा रहा है। फिलहाल अदालत से मिली अंतरिम राहत के बाद उनकी गिरफ्तारी पर रोक बनी हुई है।

# 30 जून तक तैयार हो जाएंगे धान के बिचड़े, समय-समय पर वर्षा से खरीफ फसल की अच्छी उम्मीद : कृषक मित्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** पाकुड़िया प्रखंड के अधिकांश किसानों की आजीविका और आय का मुख्य स्रोत कृषि है। इन दिनों प्रखंड के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी एवं निजी तालाबों की खुदाई तथा जीर्णोद्धार से सिंचाई सुविधाओं में वृद्धि हुई है। इसके परिणामस्वरूप किसानों में धान के साथ-साथ रबी, दलहन, तिलहन, सब्जी एवं मौसमी फलों की खेती के प्रति भी रुचि बढ़ी है। कृषि विभाग द्वारा दी जा रही प्रोत्साहन योजनाओं से किसानों का उत्साह बढ़ा है और कृषि क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव की संभावनाएं दिखाई दे रही हैं। हालांकि, प्रखंड की कृषि व्यवस्था अभी भी काफी हद तक मानसूनी वर्षा पर निर्भर है। मई और जून माह में मानसून पूर्व हुई हल्की वर्षा से खेतों में पर्याप्त नमी बनी रही, जिससे किसानों को खेतों की जुताई करने, पशुओं के लिए चारा उपलब्ध कराने तथा रोहिणी नक्षत्र (25 मई से 8 जून) के दौरान धान की नर्सरी तैयार करने में सुविधा मिली। 19 जून को किसानों से बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि खेतों में नमी बने रहने के कारण धान के बीज अच्छी तरह बढ़ रहे हैं और 30 जून तक बिचड़े रोपाई योग्य हो जाएंगे। किसानों का मानना है कि यदि जुलाई के प्रथम सप्ताह में अच्छी मानसूनी वर्षा होती है तो प्रखंड में धान रोपनी का कार्य बड़े पैमाने पर शुरू हो जाएगा। किसानों के अनुसार वर्तमान में कृषि कार्य के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई हैं। भूमि में पर्याप्त नमी होने से धान के पौधों की वृद्धि स्वाभाविक रूप से हो रही है तथा अब तक खेतों के सूखने की कोई सूचना नहीं है। किसानों का कहना है कि तेज धूप के बीच यदि बीच-बीच में हल्की वर्षा होती रहे तो धान की नर्सरी को और अधिक लाभ मिलेगा। कृषक मित्रों का कहना है कि समय-समय पर मानसूनी वर्षा जारी रही तो इस वर्ष धान सहित अन्य खरीफ फसलों का उत्पादन बेहतर होने की संभावना है। हालांकि मौसम विभाग ने इस वर्ष सामान्य से लगभग 30 प्रतिशत कम वर्षा होने की आशंका जताई है, लेकिन किसानों का मानना है कि प्रकृति के मिजाज का सटीक अनुमान लगाना कठिन है। किसानों का कहना है कि यदि पर्याप्त वर्षा होती है तो प्रखंड के पुष्कर, पक्का चेक डैम, सिंचाई कूप, नदी और जोरिया जैसे जलस्रोतों में पानी का भंडारण होगा। इससे धान के अलावा रबी फसलों और विभिन्न प्रकार की सब्जियों की खेती को भी बढ़ावा मिलेगा तथा क्षेत्र में कृषि समृद्धि और खुशहाली का मार्ग प्रशस्त होगा।

## योग दिवस पर क्रिएटिव अकैडमी में विशेष प्रशिक्षण शिविर, विद्यार्थियों को बताया स्वस्थ जीवन का मंत्र



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चंदवा, झारखंडः-** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर चंदवा मेन रोड स्थित गायत्री मंदिर के समीप क्रिएटिव अकैडमी में एक दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और योग के महत्व, लाभ तथा स्वस्थ जीवन में इसकी भूमिका के बारे में जानकारी प्राप्त की। अकैडमी के निदेशक डॉ. मनु कुमार गुप्ता ने कहा कि योग प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक है। नियमित योगाभ्यास से मन शांत, स्थिर और एकाग्र रहता है तथा शरीर में नई ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को प्रतिदिन योग करना चाहिए, जिससे उनका तन और मन दोनों स्वस्थ रहें और पढ़ाई के साथ-साथ अध्यात्म के प्रति भी रुचि बढ़े। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की चेयरपर्सन खुशी कुमारी, उप प्राचार्य अमृत कौर, निखिल वर्मा, रवि रंजन, राखी दास, ऋतु कुमारी, वर्षा कुमारी, मुस्कान परवीन, प्रीति पाठक, सनिका वर्मा, दीपक कुमार, मोनी देवी, उमेश उरांव समेत अन्य शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने योग दिवस पर अपने विचार व्यक्त किए। सभी उपस्थित लोगों ने योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को स्वस्थ, सकारात्मक और संतुलित जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

## भोजपुर पुलिस मुठभेड़ मामला मानवाधिकार आयोग पहुंचा, जांच और एफआईआर की मांग

**मुजफ्फरपुर।** भोजपुर जिले में पुलिस मुठभेड़ में हुई एक युवक की मौत का मामला अब राष्ट्रीय और राज्य मानवाधिकार आयोग तक पहुंच गया है। मानवाधिकार मामलों के अधिवक्ता एस.के. झा ने इस प्रकरण को लेकर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली और राज्य मानवाधिकार आयोग, पटना में अलग-अलग याचिकाएं दाखिल की हैं। याचिका के अनुसार भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौटी गांव निवासी भरत भूषण तिवारी की पुलिस मुठभेड़ के दौरान मौत हो गई थी। इस घटना को लेकर अब मानवाधिकार आयोग से हस्तक्षेप की मांग की गई है। दायर याचिकाओं में मांग की गई है कि मुठभेड़ में शामिल सभी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की जाए। साथ ही पूरे मामले की जांच किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश (रिटायर्ड जज) की निगरानी में कराई जाए, ताकि निष्पक्ष जांच सुनिश्चित हो सके। याचिकाकर्ता ने आयोग से दोषी पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने और मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने की भी मांग की है। अधिवक्ता एस.के. झा का कहना है कि यह मामला मानवाधिकार उल्लंघन की गंभीर श्रेणी में आता है, इसलिए इसकी स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच आवश्यक है।

## बिहार में प्रमंडल स्तर पर बनेंगे श्रम सेवा सुविधा केंद्र, 6.84 लाख से अधिक प्रवासी श्रमिकों का डाटा बैंक तैयार

**पटना।** राज्य में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का निबंधन के लिए सभी प्रमंडलों में श्रम सेवा सुविधा केंद्र की स्थापना की जाएगी। इन केंद्रों पर श्रमिकों का निबंधन नवीकरण एवं उनके कल्याणकारी योजनाओं संबंधी प्रचार-प्रसार की सुविधा दी जाएगी ताकि वे योजनाओं का लाभ उठा सकें। वर्तमान में बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के माध्यम से राज्य में 42 लाख 31 हजार 405 श्रमिकों का निबंधन किया गया है, जिसमें वित्तीय वर्ष 2025-26 में 11 लाख छह हजार 86 एवं 2026-27 में आठ जून तक 4,131 श्रमिकों का निबंधन शामिल है। श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव के. सेंथिल कुमार ने बताया कि पटना, कैमूर, सारण, सहरसा एवं दरभंगा में श्रम सेवा सुविधान केंद्र में श्रमिकों को निबंधन की सुविधा देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि राज्य में श्रमिकों का निबंधन को लेकर जहां अभियान चलाया जा रहा है वहीं राज्य के प्रवासी श्रमिकों का डाटा बैंक तैयार किया जा रहा है ताकि उन लोगों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जा सके।

## नीट परीक्षा को लेकर होटलों में सघन जांच अभियान, संदिग्ध गतिविधियों पर प्रशासन की कड़ी नजर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**हजारीबाग, झारखंडः-** उपायुक्त हजारीबाग हेमन्त सती एवं पुलिस अधीक्षक हजारीबाग अमन कुमार के निर्देशानुसार आगामी 21 जून को आयोजित होने वाली नीट परीक्षा के मद्देनजर जिले में सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु विशेष जांच अभियान चलाया गया। इसी क्रम में सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रूपक कुमार सिंह, डीएसपी सीसीआर अरमानुल हक, कोर्रा थाना प्रभारी एवं सशस्त्र बल के जवानों द्वारा गत रात्रि कोर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न होटलों में ठहरे हुए व्यक्तियों का सत्यापन एवं जांच की गई। जांच के दौरान होटल संचालकों एवं प्रबंधकों को आगंतुकों का समुचित अभिलेख संधारित करने, पहचान पत्रों का सत्यापन सुनिश्चित करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन एवं पुलिस को देने का निर्देश दिया गया। जांच अभियान के दौरान मनोकामना होटल, स्वागत पैलेस, होटल मीत मिलन, होटल वनांचल सहित अन्य होटलों का निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने होटल संचालकों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता बनाए रखने में प्रशासन को सहयोग करने का आग्रह किया। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि नीट परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराने हेतु सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, अवैध कार्य अथवा परीक्षा से संबंधित अनियमितताओं पर प्रशासन की कड़ी नजर है तथा ऐसे मामलों में नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## 90 दिवसीय विधिक जागरूकता अभियान के तहत लोगों को दी गई कानून एवं अधिकारों की जानकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़, झारखंडः-** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) पाकुड़ के तत्वावधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ दिवाकर पांडेय के निर्देश पर महेशपुर प्रखंड सभागार में 90 दिवसीय गहन विधिक जागरूकता एवं जनसंपर्क अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डालसा सचिव रूपा बंदना किरो की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का उद्घाटन सचिव रूपा बंदना किरो, लीगल एड डिफेंस काउंसिल (एलएडीसीएस) के चीफ सुबोध कुमार दफादार, बीडीओ सिद्धार्थ शंकर यादव, सीओ संजय कुमार सिन्हा, एलएडीसीएस के सहायक गंगाराम टुडू एवं सीडीपीओ ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में डालसा सचिव रूपा बंदना किरो ने कहा कि विधिक जागरूकता शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को कानूनी रूप से सशक्त बनाना है। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा पात्र व्यक्तियों को निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान की जाती है। साथ ही विभिन्न कानूनी विवादों के समाधान के लिए मासिक एवं राष्ट्रीय लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है, जहां सुलह-समझौते के आधार पर मामलों का निपटारा किया जाता है। उन्होंने लोगों से किसी भी कानूनी समस्या के समाधान हेतु नालसा के टोल फ्री नंबर 15100, जिला विधिक सेवा प्राधिकार कार्यालय अथवा पारा लीगल वॉलंटियर्स से संपर्क करने की अपील की। एलएडीसीएस के चीफ सुबोध Kumar दफादार ने दहेज प्रथा और बाल विवाह के दुष्प्रभावों तथा उनसे संबंधित कठोर कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। वहीं बीडीओ सिद्धार्थ शंकर यादव ने लोगों से कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने डायन प्रथा, बाल विवाह, बाल श्रम, दहेज प्रथा एवं घरेलू हिंसा जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ समाज को जागरूक करने का आह्वान किया। सीडीपीओ ने महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। एलएडीसीएस के सहायक गंगाराम टुडू ने कहा कि अपने अधिकारों की रक्षा के लिए कानून की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बाल विवाह निषेध अधिनियम, निःशुल्क कानूनी सहायता तथा नालसा की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम के दौरान सभी वक्ताओं ने सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन और कानूनी जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया। अंत में डालसा सचिव रूपा बंदना किरो ने उपस्थित लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई और कानून का उल्लंघन है, जो बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं विकास में बाधा उत्पन्न करता है। सभी ने अपने परिवार, पड़ोस और समुदाय में बाल विवाह रोकने तथा बाल विवाह मुक्त भारत के निर्माण का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रखंड कर्मी, आंगनबाड़ी सेविकाएं, सहियाएं, चौकीदार, विभिन्न एनजीओ के प्रतिनिधि, पारा लीगल वॉलंटियर्स एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयुष विभाग द्वारा निकाली गई प्रभातफेरी

**● 21 जून को कर्जन ग्राउंड में होगा भव्य योग समारोह**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**हजारीबाग, झारखंडः-** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर जिला आयुष समिति हजारीबाग एवं आयुष विभाग हजारीबाग द्वारा जन-जागरूकता अभियान के तहत शहर में भव्य प्रभातफेरी का आयोजन किया गया। इस प्रभातफेरी का उद्देश्य आम जनमानस को योग के प्रति जागरूक करना तथा 21 जून को आयोजित होने वाले विश्व योग दिवस कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करना था। प्रभातफेरी का शुभारंभ हजारीबाग शहर की हृदयस्थली झील परिसर स्थित त्रिमूर्ति चौक से किया गया। इस अवसर पर आयुष चिकित्सक, योग शिक्षक, आयुष विभाग के कर्मचारी तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रभातफेरी झील परिसर के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी, जहां योग और स्वास्थ्य संबंधी नारों के माध्यम से लोगों को योग अपनाने का संदेश दिया गया। प्रतिभागियों ने करे योग, रहे निरोग, योग अपनाएं, स्वस्थ जीवन पाएं' जैसे नारों के साथ लोगों को योग के महत्व से अवगत कराया। जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी हजारीबाग डॉ. श्यामानंद तिवारी ने प्रभातफेरी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि योग भारत की प्राचीन और अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरी दुनिया अपना रही है। योग केवल एक व्यायाम नहीं बल्कि स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने की एक संपूर्ण पद्धति है। उन्होंने लोगों से नियमित रूप से योग करने तथा अपने परिवार एवं समाज को भी योग से जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने इस अवसर पर संदेश देते हुए कहा, करे योग, रहे निरोग केवल एक नारा नहीं बल्कि स्वस्थ जीवन का मूल मंत्र है। जिला आयुष नोडल सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी डॉ. आनन्द शाही भी प्रभातफेरी में शामिल हुए। उन्होंने बताया कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 की थीम 'Yoga for Healthy Ageing' निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि योग व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से स्वस्थ बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विशेष रूप से बढ़ती उम्र में योग शरीर की कार्यक्षमता को बनाए रखने, मानसिक तनाव को कम करने तथा जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में सहायक होता है। उन्होंने बताया कि 21 जून 2026 को जिला आयुष समिति हजारीबाग के तत्वावधान में विश्व योग दिवस का मुख्य कार्यक्रम कर्जन ग्राउंड, हजारीबाग में सुबह 6 बजे से 8 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस भव्य आयोजन में जिले के हजारों योग प्रेमियों, विद्यार्थियों, सरकारी कर्मियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों के शामिल होने की संभावना है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हजारीबाग के उपायुक्त श्री हेमंत सती होंगे। आयुष विभाग द्वारा योग दिवस को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जा रहा है। जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों में प्रचार वाहन के माध्यम से योग दिवस से संबंधित बैनर एवं संदेशों का प्रसारण किया जा रहा है। लोगों को योग के लाभों की जानकारी दी जा रही है तथा उन्हें 21 जून के सामूहिक योग कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिला आयुष समिति हजारीबाग ने जिले के सभी नागरिकों, विद्यार्थियों, महिलाओं, युवाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में विश्व योग दिवस कार्यक्रम में भाग लेकर योग को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं। समिति का मानना है कि योग न केवल रोगों से बचाव का माध्यम है बल्कि एक स्वस्थ, सुखी और सकारात्मक जीवन की आधारशिला भी है। प्रभातफेरी कार्यक्रम में डॉ. आनन्द शाही, झारखंड सेवा मंडल के सचिव सुबोध ओझा, पंचकर्म प्रभारी डॉ. विजय तिवारी, डीपीएम आयुष जमाल, डॉ. रंजीत कुमार दांगी, डॉ. नीरज उपाध्याय, डॉ. राजेश मिश्रा, डॉ. जोशी कुमार, डॉ. संतोष कुमार, योग शिक्षक संजीव कुमार, सुमित कुमार, अजय सिंह, रीना कुमारी, कांति कुमारी, अंशु कुमार, अर्चना देवी,आरती कुमारी, आयुष कार्यालय की कर्मचारी राजनंदनी, हरिनंदन यादव, संतोष कुमार सहित बड़ी संख्या में आयुष विभाग के चिकित्सक, कर्मचारी एवं योग साधक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि वे स्वयं नियमित योग करेंगे तथा समाज के अधिक से अधिक लोगों को योग के प्रति जागरूक कर स्वस्थ भारत के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## दरभंगा-जयपुर के बीच चलेगी नई अमृत भारत एक्सप्रेस, सीतामढ़ी सहित स्टेशनों पर होगा स्टॉपेज

**पटना।** यात्रियों की सुविधा और बिहार-राजस्थान के बीच बेहतर रेल संपर्क बहाल कराने के उद्देश्य से रेलवे ने दरभंगा और खातीपुरा (जयपुर) के बीच नई अमृत भारत एक्सप्रेस चलाने की घोषणा की है। इस ट्रेन का उद्घाटन रविवार को खातीपुरा से विशेष उद्घाटन स्पेशल ट्रेन (09711) चलाकर किया जाएगा, जबकि नियमित परिचालन 22 जून से खातीपुरा और 23 जून से दरभंगा से शुरू होगा। पूर्व मध्य रेल के सीपीआरओ सरस्वती चन्द्र ने बताया कि गाड़ी संख्या 19725/26 खातीपुरा-दरभंगा-खातीपुरा अमृत भारत एक्सप्रेस सप्ताह में छह दिन चलेगी। खातीपुरा से यह ट्रेन शुक्रवार को छोड़कर तथा दरभंगा से रविवार को छोड़कर संचालित होगी। ट्रेन में 22 कोच होंगे, जिनमें आठ शयनयान, 11 सामान्य द्वितीय श्रेणी, एक पेंट्रीकार और दो एलएसएलआरडी कोच शामिल हैं। यह ट्रेन दौसा, भरतपुर, आगरा, कानपुर, गोरखपुर, नरकटियागंज, रक्सौल, बैरगनिया, सीतामढ़ी, जनकपुर रोड और कमतौल जैसे महत्वपूर्ण स्टेशनों पर ठहरेगी। नियमित सेवा के तहत खातीपुरा से चलकर ट्रेन तीसरे दिन रात 12:55 बजे दरभंगा पहुंचेगी, जबकि वापसी में दरभंगा से सुबह 4:30 बजे खुलकर अगले दिन सुबह 8:40 बजे खातीपुरा पहुंचेगी। नई अमृत भारत एक्सप्रेस के परिचालन के कारण गोमतीनगर-दरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेस तथा नरकटियागंज-बढ़नी पैसेंजर ट्रेन के समय में भी आंशिक संशोधन किया गया है। रेलवे को उम्मीद है कि इस नई सेवा से बिहार और राजस्थान के यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी।

## विश्व शरणार्थी दिवस पर शरणार्थियों की सुरक्षा की आवश्यकता : मुकुंद साव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** विश्व शरणार्थी दिवस के अवसर पर बरही विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव ने कहा कि शरणार्थी (Refugee) वह व्यक्ति होता है जिसे युद्ध, हिंसा, संघर्ष या उत्पीड़न के कारण अपना देश छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ता है और सुरक्षा की तलाश में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करनी पड़ती है। अपने देश में जान-माल का खतरा होने के कारण ऐसे लोग वापस लौटने में असमर्थ होते हैं। मुकुंद साव ने बताया कि शरणार्थियों की सुरक्षा एवं अधिकारों को 1951 शरणार्थी कन्वेंशन के तहत मान्यता प्राप्त है। अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार, नस्ल, धर्म, राष्ट्रीयता, किसी विशेष सामाजिक समूह की सदस्यता अथवा राजनीतिक विचारों के आधार पर उत्पीड़न झेलने वाले लोगों को संरक्षण प्रदान किया जाता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में दुनिया भर में लाखों लोग अपने घरों से विस्थापित हो चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायोग (UNHCR) के अनुसार, सूडान, म्यांमार, कांगो, यूक्रेन और हैती जैसे देशों में जारी संघर्ष एवं हिंसा के कारण शरणार्थियों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। मुकुंद साव ने कहा कि भारत विभिन्न देशों के शरणार्थियों को आश्रय देने वाला एक प्रमुख राष्ट्र रहा है। देश में मुख्य रूप से तिब्बत, श्रीलंका (तमिल समुदाय), म्यांमार और अफगानिस्तान से आए लोग शरणार्थी के रूप में रह रहे हैं। उन्होंने बताया कि संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायोग (UNHCR) दुनिया भर के विस्थापित लोगों की सुरक्षा, उनके बुनियादी अधिकारों की रक्षा तथा पुनर्वास के लिए कार्य करता है। इसी उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष 20 जून को विश्व शरणार्थी दिवस मनाया जाता है, ताकि शरणार्थियों के साहस, संघर्ष, उनकी समस्याओं और अधिकारों के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाई जा सके। विश्व शरणार्थी दिवस के अवसर पर मुकुंद साव ने सभी शरणार्थियों के प्रति अपनी शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि मानवता के आधार पर उन्हें सुरक्षा, सम्मान और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए। उन्होंने सरकार से भी शरणार्थियों की सुरक्षा एवं अधिकारों के संरक्षण के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की।

## करोंग्राम के बाबा कर्णेश्वर मंदिर में शीतल पेयजल प्लांट हेतु हुआ भूमिपूजन




**करों, देवघर, झारखंडः-** अनुमंडल के करों प्रखंड स्थित ऐतिहासिक बाबा कर्णेश्वर मंदिर परिसर में सांसद निशिकांत दूबे के सौजन्य से स्थापित होने वाले विशुद्ध शीतल पेयजल प्लांट के लिए शनिवार को विधिवत भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर पारंपरिक वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक अनुष्ठानों के साथ भूमि पूजन संपन्न हुआ। मंदिर परिसर में स्थापित होने वाला यह पेयजल प्लांट श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम में भाजपा प्रखंड अध्यक्ष मोहन मंडल, प्रखंड महामंत्री पूर्णानंद राय, मनोज राय, अरदेन्दु सिंह, तपन राय, राजमिस्त्री भीम सहित अनेक गणमान्य लोग एवं स्थानीय श्रद्धालु उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने इस जनहितकारी पहल के लिए सांसद डॉ. निशिकांत दुबे के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मंदिर परिसर में शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध होने से दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को काफी राहत मिलेगी।

## बराक घाटी में हाईकोर्ट की स्थायी बेंच की मांग तेज, कार्यान्वयन समिति का पुनर्गठन

**●शिलचर में बैठकः गुवाहाटी हाईकोर्ट बेंच आंदोलन को मजबूत करने के लिए नई टीम गठित**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता


**श्रीभूमि :** शिलचर, 20 जूनः बराक घाटी में गुवाहाटी हाईकोर्ट की एक स्थायी बेंच स्थापित करने की मांग को अधिक संगठित और मजबूत बनाने के उद्देश्य से गुवाहाटी हाईकोर्ट बेंच कार्यान्वयन समिति की एक आपात बैठक 20 जून (शनिवार ) शाम 4 बजे शिलचर के नजरपट्टी स्थित रूपम क्लब हाउस में आयोजित की गई। समिति के अध्यक्ष ध्रुव कुमार साहा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कई महत्वपूर्ण संगठनात्मक निर्णय लिए गए। बैठक में सर्वसम्मति से वरिष्ठ समाजसेवी निखिल पाल को समिति का महासचिव नियुक्त किया गया। साथ ही, अनिर्बाण भौमिक को संयुक्त सचिव, सायन चक्रवर्ती को प्रचार सचिव तथा शिक्षाविद प्रोफेसर विश्वतोष चौधुरी को समिति का सलाहकार नियुक्त किया गया। नए पदाधिकारियों को शामिल कर आंदोलन को अधिक गतिशील और व्यापक स्तर तक पहुंचाने के लिए समिति को और मजबूत करने का निर्णय लिया गया। बैठक में समिति द्वारा तैयार किए गए विज़न दस्तावेज़ पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही, स्थायी बेंच की स्थापना की मांग को लेकर चलाए जा रहे जन-हस्ताक्षर अभियान को और व्यापक बनाने पर विशेष जोर दिया गया। इस उद्देश्य से आगामी दिनों में श्रीभूमि और हैलाकांडी जिलों में जन-हस्ताक्षर अभियान को तेज़ करने की योजना बनाई गई। इसके अतिरिक्त, अगले सप्ताह के भीतर असम विश्वविद्यालय और गुर??रण विश्वविद्यालय में जन-हस्ताक्षर अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। छात्रों, शिक्षकों और बुद्धिजीवी वर्ग की



सक्रिय भागीदारी के माध्यम से आंदोलन को और मजबूत बनाने के विषय पर भी गंभीरता से चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने मत व्यक्त किया कि बराक घाटी और दीमा हसाओ जिले के लाखों लोगों को त्वरित, सुलभ और किफायती न्याय उपलब्ध कराने के लिए गुवाहाटी हाईकोर्ट की एक स्थायी बेंच समय की मांग है। इस मांग को जनआंदोलन का रूप देने तथा समाज के सभी वर्गों का सहयोग और समर्थन प्राप्त करने के उद्देश्य से भविष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया।

# संक्षिप्त खबरें

## समाधान दिवस में दर्ज शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण हो निस्तारण- एसडीएम



**कोंच (जालौन)**- शनिवार को आयोजित तहसील स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से जुड़ी 28 शिकायतें पीड़ितों द्वारा दर्ज कराई गई, इनमें से मौके पर महज 6 शिकायतें ही निस्तारित की जा सकी। तहसील सभा कक्ष में आयोजित समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम हेमंत कुमार पटेल ने बारी-बारी से पीड़ितों की शिकायतें सुनी। उन्होंने विभिन्न विभागों के अधीनस्थ अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि एक ही संदर्भ में शिकायत बार बार नहीं आनी चाहिए, बल्कि मौके पर जाकर गुणवत्ता के साथ शिकायत का निस्तारण करें और समय सीमा का विशेष ध्यान रखें। निस्तारण के लिए शिकायतें लंबित न रखें। सीओ परमेश्वर प्रसाद ने पुलिस विभाग से जुड़ी शिकायतें सुनते हुए संबंधित थानों के जिम्मेवारों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर प्रभारी तहसीलदार जितेंद्र सिंह पटेल, ईओ नगर पालिका मोनिका उमराव, एबीएसए शैलेंद्र कुमार, सुरजीत सिंह, मंडी निरीक्षक राहुल अनुरागी, जेई बिजली अमन खान, सदर लेखपाल दिग्विजय सिंह आदि अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का किया निरीक्षण




**गोण्डा।** जनपद न्यायाधीश दुर्ग नारायन सिंह, जिलाधिकारी गोण्डा प्रियंका निरंजन एवं पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अंकिता सिंह, ने जिला कारागार का संयुक्त निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने वहां पर कैदियों से वार्ता की तथा उन्हें जेल में दी जा रही सुविधाओं एवं उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कारागार अस्पताल में जाकर वहां पर भर्ती कैदियों से मुलाकात किया, साथ ही सभी भर्ती कैदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी तथा एसपी ने स्वयं विभिन्न बैरकों, अस्पताल, भोजनालय, भंडार कक्ष, पुस्तकालय आदि का निरीक्षण किया तथा संबंधित को निर्देश दिए कि जेल में जेल मैनुअल के अनुसार कैदियों को सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। इसके साथ ही ऐसे कैदी जिनके पास वकील नहीं है उनके लिए सरकारी वकील का भी प्रबंध कराया जाय। जेल में निरुद्ध कैदियों का बराबर मेडिकल चेकअप कराने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने महिला बन्दियों वार्ता की, उन्होंने कहा कि यदि किसी के पास वकील नहीं है तो बता दीजिए वकील की व्यवस्था करा दी जायेगी।निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक, डिप्टी जेलर, कारागार डॉक्टर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## घर के बाहर बैठे अधेड़ पर लाठी-डंडों से हमला, जान से मारने की धमकी

**बालाबेहट पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की तीन धाराओं में दर्ज किया मुकदमा**

**ललितपुर।** थाना बालाबेहट क्षेत्र के ग्राम पुरा में घर के बाहर बैठे एक अधेड़ व्यक्ति के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर नामजद आरोपी के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार ग्राम पुरा निवासी माधव सिंह पुत्र स्व. लाखन सिंह यादव ने बताया कि 18 जून 2026 को शाम करीब 4 बजे वह अपने घर के बाहर बैठे हुए थे। इसी दौरान गांव का ही रहने वाला अनूप उर्फ कल्लू पुत्र स्व. पहलवान सिंह यादव वहां पहुंचा और बिना किसी बात के अभद्र गालियां देने लगा। पीड़ित द्वारा विरोध किए जाने पर आरोपी ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे उन्हें चोटें आईं। आरोप है कि मारपीट के बाद आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी और मौके से फरार हो गया। घटना के संबंध में पीड़ित ने 19 जून को थाना बालाबेहट में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने आरोपी अनूप उर्फ कल्लू के विरुद्ध बीएनएस की धारा 352, 115(2), 351(3) के तहत मामला दर्ज किया है।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तुवन सरकार के दरबार में माथा टेक कर ललितपुर को दी 1766 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात

- ललितपुर की ऐतिहासिक धरा अब रच रही है आधुनिक विकास का नया इतिहासः सीएम योगी आदित्यनाथ
- पलायन की पृथा समाप्त कर ललितपुर के युवा 'सीएम युवा उद्यमी योजना'' से दे रहे दूसरों को रोजगार
- हर घर जल योजना ने बदली जिले की तस्वीर, पानी के लिए अब मीलों दूर नहीं जाती है माताएं
- जल संरक्षण, संवर्धन एवं वृक्षारोपण के साथ ही पर्यावरण संरक्षण करने के लिए आगे आयें सभीः मुख्यमंत्री
- मुख्यमंत्री ने ''अच्छा है ललितपुर, एक सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रहा है ललितपुर'' शब्दों के साथ समापन की बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** शनिवार का दिन ललितपुरवासियों के लिए किसी सपने के साकार होने जैसा रहा, जहां सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने पहुंचते ही सबसे पहले तुवन सरकार के दरबार में माथा टेका, पूजा की और उनका आशीर्वाद लेकर ललितपुर को 1766 करोड़ की लागत की कुल 221 विकास परियोजनाओं का उपहार दिया। इन योजनाओं में 103 का लोकार्पण व 118 का शिलान्यास किया गया। मुख्यमंत्री के हाथों विकास परियोजनाओं की सौगात पाकर हजारों की संख्या में आये जनसमूह ने दोनो हाथ उठाकर आभार जताया और जय श्रीराम के नारो से उनका अभिनंदन किया। बता दें कि मुख्यमंत्री, उ0प्र0 शासन योगी आदित्यनाथ के भ्रमण कार्यक्रम को लेकर जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के नेतृत्व में अधिकारी दिनरात तैयारियों में जुटे रहे, इन तैयारियों का जायजा लेने के लिए एक दिन पूर्व जिले के प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी भी ललितपुर पहुंच गए थे और मुख्यमंत्री के भ्रमण की तैयारियों को अंतिम रूप दिया था। इसी का परिणाम रहा कि सीएम का दौरा भव्य और सफल रहा।

कार्यक्रम की श्रंखला में मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किये, उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजनान्तर्गत लाभार्थी संदीव एवं सत्येन्द्र को 05-05 लाख रुपए के ब्याजमुक्त, गारंटीमुक्त ऋण के प्रमाण पत्र दिये, वहीं बेटी बचाओ बेटी पढ़ायो योजनान्तर्गत जनपद की बेटी मोहिनी पटेल को हाईस्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 05 हजार की प्रोत्साहन राशि का चेक, मुख्यमंत्री सुमंगला योजनान्तर्गत आसी याज्ञिक को 07 हजार का चेक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री नन्दनी को स्मार्ट फोन, वन ड्रॉप मोर क्रॉप योजनान्तर्गत कृषक फूलसिंह व जाहर सिंह को धनराशि के चेक, उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरुद्धार कार्यक्रम अंतर्गत फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी के सीईओ निशांत सागर को 10 लाख रुपए की वित्तीय सहायता का चेक एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत रीना, गीता, विद्युत सखी जमुना व बीसी सखी भागकुंवर को आरएफ एवं सीआईएफ के चेक मंच के माध्यम से प्रदान किये।

मुख्यमंत्री ने तुवन सरकार की जयकार से अपना उद्बोधन शुरू करते हुए कहा कि पूर्व की सरकारों में ललितपुर को प्रदेश का









एक अलग और पिछड़ा हुआ हिस्सा माना जाता रहा है, यहां के युवा पलायन को मजबूर थे और मिट्टी के घड़ों में कई किलोमीटर से पानी ढोते ढोते यहां की महिलाओं का पूरा जीवन बीत जाता था, लेकिन आज का दिन है कि डबल इंजन की सरकार आपको 1766 करोड़ की योजनाएं समर्पित कर रही है, आज मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना से यहां के युवा पलायन की पृथा को समाप्त कर दूसरों को रोजगार देने में समक्ष बन चुके हैं, वहीं हर घर जल योजना से महिलाओं को मीलों दूर से पानी लाने की आवश्यक्ता नहीं पड़ती। हमारी सरकार ने ललितपुर को अपेक्षित न मानकर प्रदेश की पहली गौशाला का निर्माण ललितपुर में ही कराया था। साथ ही प्रदेश का सबसे बड़ा बल्क ड्रग फार्मा पार्क भी ललितपुर में बन रहा है।

आज तमाम सिंचाई की परियोजनाओं को आगे बढ़ाने का काम हो रहा है। डबल इंजन की सरकार महिलाओं को भी सशक्त करने का काम कर रही है, जिसका उदाहरण है कि ललितपुर की बेटी भी आज यूपी पुलिस का हिस्सा बन रही है। उन्होंने कहा कि 1766 करोड़ की इन परियोजनाओं के माध्यम से ललितपुर की एतिहासिक धरा अब आधुनिक विकास का नया इतिहास रच रही है।

कार्यक्रम में राज्यमंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग/प्रभारी मंत्री दानिश आजाद अंसारी, सांसद अनुराग शर्मा, राज्यमंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग मनोहर लाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, जिलाध्यक्ष भाजपा हरीशचन्द्र रावत, विधान परिषद सदस्य रमा निरंजन, नगर पालिका अध्यक्ष सोनाली जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी ललिपुर को मिली विकास परियोजनाओं की सौगात पर अपने-अपने विचार प्रकट किये और मुख्यमंत्री का अभिवादन करते हुए उन्हें रामदरबार भेंट स्वरूप प्रदान किया।

## बगैर कार्य कराए सरकारी राशि निकालने पर की शिकायत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)**- नदीगांव ब्लॉक के ग्राम लाडूपुरा में बिना काम कराए सरकारी धन निकाल लिए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। गांव के रहने वाले दिनेश पुत्र रामचरण समेत अन्य ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत में कराए गए समतलीकरण कार्य के नाम पर कथित अनियमितताओं और फर्जी भुगतान का आरोप लगाते हुए शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। हालांकि मामले में लगाए गए आरोपों की पुष्टि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी।

ग्रामीणों का आरोप है कि ग्राम पंचायत क्षेत्रांतर्गत विकास कार्यों के नाम पर कई योजनाओं में कागजों पर कार्य दर्शाकर सरकारी धन का भुगतान करा लिया गया, जबकि वास्तविकता में मौके पर कोई कार्य नहीं हुआ। इस प्रकार सरकारी अभिलेखों में कार्य पूर्ण दिखाकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है। शिकायती पत्र में विशेष रूप से वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान ग्राम शाहूपुरा में दर्शाए गए एक समतलीकरण कार्य का उल्लेख किया गया है। शिकायतकर्ता दिनेश का कहना है कि उनके खेत पर समतलीकरण कार्य दिखाया गया है और संबंधित वर्क आईडी के आधार पर लगभग 1 लाख 28 हजार 800 रुपये का भुगतान भी कर दिया गया, जबकि उनके खेत पर किसी प्रकार का समतलीकरण कार्य नहीं कराया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना कार्य कराए ही भुगतान किए जाने से सरकारी धन की हानि हुई है। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने और दोषी पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। एसडीएम हेमंत पटेल ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग को नियमानुसार जांच के निर्देश देने और आवश्यक कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया।

## संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे 8 प्रार्थना पत्र, राजस्व विभाग से जुड़े रहे सर्वाधिक मामले

**महरौनी।** तहसील महरौनी में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस नायब तहसीलदार (न्यायिक) श्रवण कुमार राठौर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 8 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। प्राप्त प्रार्थना पत्रों में राजस्व विभाग के 4, पुलिस विभाग के 2, पूर्ति विभाग का 1 तथा नगर पंचायत का 1 प्रार्थना पत्र शामिल रहा। अधिकारियों ने जनसमस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर बल दिया। इस




अवसर पर तहसील स्तरीय समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं राजस्व विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। समाधान दिवस के माध्यम से आमजन की समस्याओं के निराकरण हेतु प्रशासन की प्रतिबद्धता दिखाई दी।

## सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल

**कोंच (जालौन)**- सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा शुक्रवार की देर रात करीब 11 बजे नदीगांव रोड स्थित कनासी के पास पुलिया मोड़ पर हुआ, जहां बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। जानकारी के मुताबिक मोहित शर्मा (30) पुत्र राधेश्याम निवासी लहार, जिला भिंड अपने मित्र ब्रजेंद्र कुशवाहा (34) पुत्र रामतीर्थ निवासी लहार के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए कोंच आ रहे थे।

इसी दौरान नदीगांव रोड पर कनासी के पास पुलिया मोड़ पर उनकी बाइक अचानक फिसल गई, जिससे दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद वहां से गुजर रहे राहगीरों ने तत्काल 108 एंबुलेंस सेवा को सूचना देकर दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने गंभीर हालत देखते हुए दोनों को मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया।

## घर में घुसकर महिला पर धारदार हथियार से हमला, लाठी मारकर किया लहूलुहान

» बीच-बचाव करने पहुंचे युवक को भी पीटा
दो नामजद समेत चार आरोपियों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** कस्बा मड़ावरा में देर रात घर का दरवाजा खटखटाकर गाली-गलौज करने और विरोध करने पर एक महिला पर धारदार हथियार एवं लाठी से जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि बीच-बचाव करने पहुंचे उसके रिश्तेदार के साथ भी मारपीट की गई। पुलिस ने दो नामजद और दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ विभिन्न गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर के अनुसार कस्बा मड़ावरा स्थित भारत गैस एजेंसी के पास निवासी नवल कुशवाहा पुत्र हजारी लाल उर्फ खिल्लू कुशवाहा ने बताया कि 18 जून 2026 की रात लगभग 11 बजे उसका परिवार घर के अंदर सो रहा था। इसी दौरान राधाकृष्ण मंदिर के पास रहने वाला जागेश्वर पुत्र सुरेंद्र यादव तथा मुक्तिधाम के पास रहने वाला टिकी पुत्र भरत सिंह लोधी अपने दो अन्य साथियों के साथ उसके घर पहुंचे और दरवाजा खटखटाते हुए उसके पिता के नाम से अभद्र गालियां देने लगे। शोर-शराबा सुनकर जब नवल की मां पान बाई ने दरवाजा खोला तो आरोपियों ने अचानक उन पर हमला कर दिया।

आरोप है कि एक आरोपी ने धारदार हथियार से उनके बाएं हाथ पर वार कर गंभीर चोट पहुंचाई। इसके बाद लाठी से सिर पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर लहूलुहान हो गई। महिला की चीख-पुकार सुनकर उसका चचेरा भाई राजकुमार पुत्र राकेश मौके पर पहुंचा और बीच-बचाव का प्रयास किया, लेकिन आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट कर दी। घटना के बाद आरोपी गाली-गलौज करते हुए तथा जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। मड़ावरा पुलिस ने आरोपी जागेश्वर, टिकी तथा दो अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 118(1), 115(2), 352, 351(2), 351(3) के तहत मामला दर्ज किया है।

## ऑपरेशन मुस्कान बना मासूम की मुस्कान का सहारा

- शादी समारोह से लापता दो वर्षीय बच्ची को मदनपुर पुलिस ने एक घंटे में सकुशल खोज निकाला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** थाना मदनपुर क्षेत्र के ग्राम बरौंदा में शादी समारोह के दौरान लापता हुई दो वर्षीय मासूम बच्ची को पुलिस ने तत्परता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए मात्र एक घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस की त्वरित कार्रवाई से परिजनों ने राहत की सांस ली और ललितपुर पुलिस की कार्यशैली की सराहना की। पुलिस के अनुसार ग्राम बरौंदा निवासी बलराम पुत्र भोलू अहिरवार ने शनिवार को करीब 11.30 बजे थाना मदनपुर पुलिस को सूचना दी कि उनकी दो वर्षीय नातिन, जो एक शादी समारोह में शामिल होने आई थी, अचानक लापता हो गई है। काफी तलाश के बाद भी बच्ची का कोई पता नहीं चल सका। सूचना मिलते ही थाना मदनपुर पुलिस और थाने पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र की टीम तत्काल सक्रिय हो गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने बिना समय गंवाए तीन अलग-अलग टीमें गठित कीं और गांव तथा आसपास के जंगलों एवं संभावित स्थानों पर खोज अभियान शुरू कर दिया। पुलिस की सूझबूझ और लगातार प्रयासों के चलते गुमशुदा बच्ची को घटना के मात्र एक घंटे के भीतर ग्राम बरौंदा स्थित नीम टोरिया के पास जंगल क्षेत्र से सकुशल बरामद कर लिया गया।

जांच में पता चला कि बच्ची खेलते-खेलते रास्ता भटककर जंगल की ओर पहुंच गई थी। बच्ची के सुरक्षित मिलने के बाद उसके माता-पिता और परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने पुलिस की त्वरित कार्रवाई, संवेदनशीलता और मानवीय कार्यप्रणाली की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए



ऑपरेशन मुस्कान के तहत बरामद की गयी बच्ची

पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी मड़ावरा राजेश श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में यह अभियान सफलतापूर्वक संचालित किया गया। बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में आरक्षी विवेक राठौर, आरक्षी विपेन्द्र कुमार, आरक्षी सूरज, आरक्षी अभिषेक, महिला आरक्षी रुबी, महिला आरक्षी अंजली शामिल रहीं।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पुलिस लाइन गोण्डा में योगाभ्यास एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोण्डा।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन गोण्डा में भव्य योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए योगाभ्यास किया तथा नियमित योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।योगाभ्यास कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को योग के महत्व, उसके शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। योग प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया,





जिससे प्रतिभागियों ने स्वास्थ्यवर्धक जीवन के प्रति जागरूकता प्राप्त की।इस अवसर पर जिलाधिकारी के निर्देशन में स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पुलिस लाइन गोण्डा परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। मुख्य विकास अधिकारी श्री दयानन्द प्रसाद के नेतृत्व में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पुलिस लाइन के विभिन्न स्थलों पर सफाई कार्य किया तथा स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि योग और स्वच्छता दोनों ही स्वस्थ समाज की आधारशिला हैं। योग जहां व्यक्ति को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सुदृढ़ बनाता है, वहीं स्वच्छता स्वस्थ वातावरण के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने सभी से नियमित योग करने एवं अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम का समापन स्वस्थ जीवन, स्वच्छ पर्यावरण एवं जनकल्याण के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता के संकल्प के साथ किया गया।

सार्वजनिक सूचना

GROW-TREES

फिडेलिस एनवायरो प्राइवेट लिमिटेड (Grow-Trees.com) द्वारा "Trees for Farmers, Agroforestry Project in India VCS 5821" नामक एक वनीकरण, पुनर्वनीकरण एवं पुनः वनस्पतिकरण (ARR) परियोजना को Verra Verified Carbon Standard (VCS) के अंतर्गत विकसित किया जा रहा है।
परियोजना के संबंध में जानकारी साझा करने तथा स्थानीय हितधारकों से सुझाव, टिप्पणियाँ एवं अभिमत प्राप्त करने के उद्देश्य से 28 जून 2026, सुबह 11:00 बजे से, **कम्पोजिट विद्यालय, मेडराडाह, खजुरा, म्योरपुर, सोनभद्र – 231218** में एक स्थानीय हितधारक परामर्श बैठक (Local Stakeholder Consultation) आयोजित की जाएगी।
सभी इच्छुक हितधारकों को बैठक में भाग लेने तथा अपने मूल्यवान सुझाव एवं विचार साझा करने हेतु आमंत्रित किया जाता है।
अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें: राजू – 9116395336 या ईमेल भेजें info@fidelisenviro.com

## महरौनी में चतुर्मास हेतु जैन समाज का निवेदन, मुनिश्री विकौशल सागर महाराज को भेंट किया श्रीफल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महरौनी।** दिगम्बर जैन समाज महरौनी ने पूज्य मुनिश्री विकौशल सागर महाराज के समक्ष आगामी चतुर्मास महरौनी में संपन्न कराने का श्रद्धापूर्वक निवेदन किया। समाजजनों ने श्रीफल भेंट कर नगर में धर्म प्रभावना, स्वाध्याय, संस्कार एवं आध्यात्मिक जागरण के लिए चतुर्मास का लाभ प्रदान करने का आग्रह किया। इस अवसर पर श्री दिगम्बर जैन पंचायत समिति के अध्यक्ष पवन मोदी ने कहा कि चतुर्मास के दौरान संतों का सान्निध्य समाज में आध्यात्मिक चेतना का संचार करता है तथा नई पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ने का कार्य करता है। समाजजनों ने विश्वास व्यक्त किया कि महरौनी को चतुर्मास का सौभाग्य मिलने पर पूरे क्षेत्र में धर्ममय वातावरण का निर्माण होगा। कार्यक्रम में पंचायत समिति के पदाधिकारियों, समाज के वरिष्ठजनों,



महिला मंडल की सदस्याओं एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीलम दुष्यंत बड़ौनिया की ओर से प्रतिनिधि अंकुश कठरया ने भी श्रीफल भेंट कर मुनिश्री से महरौनी में चतुर्मास करने का आग्रह किया।

## बल्क ड्रग पार्क को महरौनी-ललितपुर से जोड़ने हेतु फोरलेन सड़क की मांग, मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**महरौनी।** नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीलम दुष्यंत बड़ौनिया ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर सैदपुर में विकसित हो रहे बल्क ड्रग पार्क को महरौनी एवं जिला मुख्यालय ललितपुर से जोड़ने के लिए वर्तमान सैदपुर-महरौनी-ललितपुर मार्ग के चौड़ीकरण एवं फोरलेन निर्माण की मांग की है। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि बल्क ड्रग पार्क बुंदेलखंड के औद्योगिक और आर्थिक विकास की महत्वपूर्ण परियोजना है, जिससे निवेश, उद्योग और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने सुझाव दिया कि नए मार्ग के निर्माण के बजाय मौजूदा सड़क को फोरलेन बनाया जाए, जिससे भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और शासन की करोड़ों रुपये की धनराशि की बचत होगी। उन्होंने बताया कि सड़क के उन्नयन से महरौनी एवं मड़ावरा क्षेत्र के करीब एक सैकड़ा गांव सीधे विकास की मुख्यधारा से जुड़ेंगे।

## सेतु निगम के एमडी ने परियोजनाओं का किया निरीक्षण, गुणवत्ता व समयबद्धता पर दिया जोर

- मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान दिए थे निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोंडा।** उत्तर प्रदेश सेतु निगम के प्रबंध निदेशक धर्मवीर सिंह ने निर्माणाधीन एवं नव निर्मित सेतु परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों और अभियंताओं को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, सुरक्षा और समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।प्रबंध निदेशक ने परियोजना के अंतर्गत निर्माणाधीन रेल उपरिगामी सेतु (आरओबी) का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सेतु का निर्माण निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण गुणवत्ता मानकों एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का पालन करते हुए कराया जाए। उन्होंने कहा कि परियोजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने बहराइच में नव निर्मित रेल उपरिगामी सेतु, समपार संख्या-40ए का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सेतु पर शेष फिनिशिंग कार्यों को तत्काल पूरा कराने के निर्देश दिए, ताकि यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। प्रबंध निदेशक ने कहा कि सभी निर्माणाधीन परियोजनाओं की समय-समय पर अधिकृत संस्थानों से थर्ड पार्टी टेस्टिंग

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
www.swatantraprabhat.com
स्वतंत्र प्रभात
जो लिखेगा, वही टिकेगा
ब्रेकिंग न्यूज़

कराई जाए। उन्होंने गुणवत्ता नियंत्रण, सुरक्षा मानकों के अनुपालन तथा निर्धारित समयावधि में परियोजनाओं को पूर्ण कराने पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के दौरान परियोजनाओं की प्रगति और तकनीकी पहलुओं की भी विस्तार से समीक्षा की गई। इस दौरान परियोजना प्रबंधक सुघर सिंह भी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### कानपुर में गुजैनी के रामगोपाल चौराहे पर चला अवैध कब्जों के ऊपर बुलडोजर




**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर में अवैध कब्जे और निर्माण के खिलाफ जहां एक तरफ अभियान छिड़ा हुआ है वहीं कमिश्नरेट पुलिस ने भी इस अभियान में अपना सहयोग प्रदान करते हुए अभियान को जोर देने का कार्य किया जिसका नजारा नगर के दक्षिण क्षेत्र स्थित गुजैनी थाना क्षेत्र में देखने को मिला, जहां सर्वाधिक व्यस्ततम रहने वाले रामगोपाल चौराहे पर चौकी इंचार्ज ने दल बल के साथ अवैध निर्माण और कब्जा करने वालों को हटाने का काम किया। चौकी इंचार्ज राम मनोहर पटेल द्वारा चलाए गए इस अभियान में स्थानीय लोगों ने भी अपना सहयोग प्रदान किया आपको बताते चलें कि पिछले कुछ महीनों से राम गोपाल चौराहे पर लगातार अवैध निर्माण और कब्जे बढ़ने की शिकायतें मिल रहीं थीं।जिसको ध्यान में रखते हुए पूर्व में नगर निगम द्वारा अभियान चलाकर द्वस्तीकरण का कार्य किया गया था। लेकिन कुछ समय बाद पुनः कब्जेदारों ने अपने ठिकानों को जमा लिया था जिसके बाद से अराजकता भी बढ़ने लगी थी। इस बाबत रामगोपाल चौकी इंचार्ज राम मनोहर पटेल के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया और शनिवार की दोपहर अवैध कब्जेदारों को हटाया गया। साथ ही हटाए गए कब्जेदारों को चेतावनी भी दी गई है कि अगर इस अभियान के बाद कोई भी कब्जेदार अवैध जगह कब्जे का दुस्साहस करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

### कानपुर में रेल पटरी किनारे मिली परिवार की चिंता में विक्षिप्त सी हुई वृद्धा की लाश



**कानपुर।** आज यहां शनिवार कीसुबह अपने गरीब परिवार की चिंता में दिन-रात परेशान होकर विक्षितों की सी हालत में पहुंची एक बुजुर्ग महिला की लाश यहां रेलवे पटरी के किनारे मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसकी लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। यह घटना महाराजपुर के प्रेमपुर रेलवे स्टेशन के पास की है। यहां शनिवार सुबह करीब छह बजे डीएफसीसी डाउनलाइन खंबा नंबर 452/ 6-7 के बीच में एक 55 वर्षीय वृद्धा का शव पड़ा मिला।सूचना पर पहुंची महाराजपुर पुलिस द्वारा शव की शिनाख्त कराई गई, जिसमें बड़ागांव के रहने वाले जीतू ने बताया कि उसकी मां सुनीता पत्नी उमेश है।सुबह करीब पांच बजे वह घर से निकली थीं। मिली जानकारी के मुताबिक मानसिक हालत ठीक न होने की वजह से वह रेलवे ट्रैक किनारे अक्सर टहलने निकल जाती थी। सूत्रों ने बताया कि वह अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को लेकर चिंता की वजह से अर्ध विक्षिप्त सी हालत में पहुंच गई थी। महाराजपुर थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### विद्युत चालित चाक व पगमिल मशीन हेतु लाभार्थियों का साक्षात्कार 23 जून को

**प्रतापगढ़।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी कृष्ण कुमार यादव ने बताया है कि उ0प्र0 माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित माटीकला टूल किट्स वितरण योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 विद्युत चालित चाक एवं पगमिल मशीन हेतु मुख्यालय द्वारा लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लक्ष्य के सापेक्ष कार्यालय में आनलाइन आवेदन पत्र प्राप्त हो चुके है। लाभार्थियों का चयन जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति के माध्यम से किया जायेगा। पात्र लाभार्थियों के चयन हेतु 23 जून समय पूर्वान्ह 10 बजे जिला ग्रामोद्योग कार्यालय परिसर निकट रोडवेज बस स्टाप सिविल लाइन प्रतापगढ़ में साक्षात्कार किया जायेगा।आवेदकों को अपने मूल प्रमाण पत्रों के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होना है।

# घाटमपुर के धरने में शामिल प्रोवेशनर लेखपालों पर प्रशासन की कार्रवाई तय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर ग्रामीण।** घाटमपुर तहसील में तहसीलदार के खिलाफ चल रहे लेखपालों के धरना-प्रदर्शन में शामिल प्रोवेशनर अवधि वाले लेखपालों पर प्रशासन ने शिकंजा कस दिया है,,इन सभी को तीसरी और अंतिम नोटिस जारी कर दी गई है, प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार नोटिस का संतोष जनक जवाब न मिलने पर इनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई तय मानी जा रही है,, कार्रवाई के दायरे में प्रोवेशनर अवधि बढ़ाने से लेकर सेवा समाप्ति तक के कदम शामिल हो सकते हैं,, जानकारी के मुताबिक तहसीलदार के विरोध में शुरू हुए आंदोलन में कई लेखपाल शामिल हैं,, जिनमें नौ ऐसे लेखपाल भी हैं जिनकी नियुक्ति अभी प्रोवेशन अवधि में चल रही है,, वर्तमान में सभी आंदोलनकारी लेखपाल कानपुर सदर तहसील में धरना दे रहे हैं शासन की कर्मचारी आचरण नियमावली के अनुसार प्रोवेशनर अवधि में कार्यरत कर्मचारी किसी ऐसे आंदोलन, धरना प्रदर्शन में भाग नहीं ले सकता, जो शासन अथवा प्रशासन के खिलाफ माना जाए, इसी नियम के तहत् घाटमपुर एसडीएम अविचल प्रताप सिंह ने पहले इन नौ लेखपालों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा था, निर्धारित समय में संतोषजनक जवाब न मिलने पर दूसरी नोटिस जारी कर दी गई है।

और अब तीसरी व अंतिम नोटिस जारी कर दी गई है प्रशासन का कहना है कि अंतिम अवसर हैं जिसके बाद नियमानुसार विभागीय कार्रवाई की जाएंगी, नियमों के तहत् प्रोवेशन अवधि बढ़ाने, वेतन वृद्धि रोकने, अथवा आवश्यक सेवाएं अनुरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत् सेवा समाप्त करने तक की कार्रवाई की जा सकती है,, धरना शुरू होने से पहले ही तहसील के तीन लेखपालों पर निलंबन की कार्रवाई की




जा चुकी है, इनमें यमुना किनारे जंगल में लगी आग की समय पर सूचना न देने पर लेखपाल संतोष कुमार, जनगणना कार्य में लापरवाही और अभ्रदता के आरोप में लेखपाल संघ के महामंत्री नवनीत कुमार, तथा गैस सिलेंडर विस्फोट की घटना में मौक़े पर न पहुंचने पर कस्बा लेखपाल अनन्त चतुर्वेदी को निलंबित किया जा चुका है,, संघ महामंत्री के निलंबन के बाद ही लेखपालों ने तहसीलदार के खिलाफ आंदोलन शुरू किया था,जो कानपुर सदर तहसील में जारी है।

## समाधान दिवस में उमड़ी फरियादियों की भीड़, डीएम ने सुनी समस्याएं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर ग्रामीण।** नरवल तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जमीन विवाद के सबसे अधिक मामले सामने आए,एक पीड़िता ने दबंगों द्वारा ज़मीन कब्जा ने और मारपीट का आरोप लगाते हुए, इंसाफ की मांग की, जिस पर डीसीपी ने जांच के आदेश दिए हैं, संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा फरियादियों की समस्या सुनी गई ,

उमस भरी गर्मी में उमड़ी भीड़ की वजह से तहसील सभागार में कदम रखने की जगह नहीं थी, बता दें कि समाधान दिवस में सर्वाधिक जमीन विवाद के मामले पहुंचे, फुफवार सुई थोक की रहने वाली परवीन पत्नी छोटकऊ ने बताया कि गांव के रहने वाले राजू असीम, मेराज, साजहल सहित आधा दर्जन लोगों ने उसकी जमीन पर



जबरन कब्जा करने का प्रयास किया,जब इसका विरोध किया, तो सभी ने मिलकर मारपीट की हैं,

साथ ही रात में घर पर ईंट पत्थर भी बरसाए, पीड़िता ने दहाड़े मारकर रोते हुए इंसाफ की भीख मांगी,, मौके पर मौजूद डीसीपी सत्यजीत गुप्ता ने महाराज पुर थाना प्रभारी निरीक्षक को जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए हैं, तहसील दिवस में सर्वाधिक मामले राजस्व से जुड़े हैं इस दौरान सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### गौसेवा आयोग के उपाध्यक्ष अतुल सिंह ने परसा गौशाला का किया भ्रमण



**सिद्धार्थनगर।** शनिवार को नगर पंचायत उसका बाजार के राजेंद्र नगर वार्ड में स्थित परसा गौशाला में उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश गौसेवा आयोग के उपाध्यक्ष अतुल सिंह का आगमन हुआ। उन्होंने गौशाला में गौवंश के रखरखाव एवं चारा को देखा। गौशाला के साफ-सफाई एवं नियमित स्वास्थ्य जांच का निर्देश दिया। सरकार के निर्देश के मुताबिक गायों का संरक्षण एवं प्रबंधन देखकर खुशी व्यक्त किया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि हेमंत कुमार जायसवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश आर्य, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राम भरोस चौहान ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर गौशाला के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डीएम एवं एसपी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनी शिकायतें, 26 शिकायतों का हुआ निस्तारण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता


**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय की अध्यक्षता में तहसील लालगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। लालगंज तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 458 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये, जिनमें से राजस्व विभाग की 17 व पुलिस विभाग की 09 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 458 शिकायतों में से 226 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 70, विकास विभाग से 30, समाज कल्याण से 11, बेसिक शिक्षा विभाग से 03, विद्युत विभाग से 16, आपूति विभाग से 17 एवं 85 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। पुलिस विभाग से जुड़ी शिकायतों को पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर व विकास विभाग से सम्बन्धित शिकायतो को मुख्य विकास अधिकारी डा0 राममोहन मीना द्वारा सुना गया। डीएम ने प्रत्येक प्रार्थना पत्र पर गंभीरता से कार्रवाई सुनिश्चित करने और शिकायतों का समाधान समयबद्ध, पारदर्शी तथा निष्पक्ष तरीके से करने के निर्देश दिए, ताकि




आमजन को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतकर्ताओं की समस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शिकायतों के निपटारे में किसी भी प्रकार की अनदेखी या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने विशेष रूप से भूमि संबंधी मामलों पर गंभीरता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजी जाए और विवादों का निष्पक्ष एवं शीघ्र निस्तारण कराया जाए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि कोई भी पात्र एवं गरीब व्यक्ति सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहने पाए। इसके लिए सभी विभाग अपने स्तर पर सतर्कता बरतें और पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने भी पुलिस अधिकारियों एवं थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों का निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को संवेदनशीलता एवं विनम्रता के साथ सुना जाए तथा निष्पक्ष जांच कर पीड़ितों को न्याय दिलाया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डा0 राममोहन मीना, डीएफओ आशुतोष गुप्ता सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## 'अवैध मिट्टी खनन पर अंकुश नहीं, जिम्मेदार बने मूकदर्शक




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लोटन (सिद्धार्थनगर)।** विकास क्षेत्र अंतर्गत गांवों, कस्बों एंव स्थानीय चिमनियों पर अवैध मिट्टी खनन कर मिट्टी गिराया जा रहा है।जो रायल्टी के मुताबिक नहीं है।इससे जहां राजस्व की भारी हानि हो रही है। वहीं खननकर्ताओं के हौसले बुलन्द है। इधर कुछ महीनों से क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन चरम सीमा पर है। जिसकी बानगी क्षेत्र में बने नवनिर्मित भवनों एंव चिमनियों पर स्टोर मिट्टियों से लगाया जा सकता है। सूत्रों के मुताबिक अब मिट्टी लेना क्षेत्रवासियों के लिए आसान हो गया है। क्यों कि अब काश्तकारों के खेतों की अधिकांश मिट्टियों को खननकर्ताओं द्वारा खरीद लिया जाता है।जिसकी बिक्री धीरे-धीरे आवश्यकता के अनुसार ऊंचे दामों पर बेचा जाता है। बताया जाता है कि एक-दो काश्तकारों से आवश्यक दस्तावेज लेकर खनन करने के लिए कागज बनवाकर खनन किया जा रहा है। जबकि उसी के आड़ में तमाम ऐसे काश्तकारों के खेतों की मिट्टी निकाली गई है। जो कि खनन विभाग से बिना परमीशन है। अब भट्ठा स्वामियों को भी भट्ठे के लिए मिट्टी कम ही लेना पड़ता है। क्यों कि खननकर्ताओं द्वारा स्वयं मिट्टी खरीदकर बेचा जा रहा है।इससे भट्ठा मालिकों का भी काम आसान हो गया है। खननकर्ताओं द्वारा मिट्टी के ढुलाई का ही परिणाम है कि क्षेत्र में बनी मनरेगा योजना के कच्चे चकमार्गो पर चलना कठिन हो गया है। जबकि अब खेती,किसानी का समय आ गया है। ऐसे में लोगों को अपने खेतों तक जाने में परेशानी होना स्वाभाविक है। रात-दिन खनन बेरोकटोक जारी है।जिले से आने वाले जिम्मेदारों की सूचना खननकर्ताओं को पहले हो जाती है।जो जिम्मेदार लोगों के वापस होने तक खनन बंद कर देते हैं। खननकर्ताओं के गाड़ियों की गति भी तेज रहती है। जिससे आए दिन कोई न कोई घटनाएं भी घटित हो जाती है। अभी हाल ही में 11 जून को पननी गांव व ओबामाता स्थान के मध्य में लोटन-सिकरी मार्ग पर एक मिट्टी लदी डम्फर के चपेट में आने से दो लोगों की मौत हुई है।

इस सम्बन्ध में प्रभारी जिला खनन अधिकारी मुकेश मिश्रा से दूरभाष पर बात की गई। जिन्होंने बताया कि समय,समय पर जांच कराया जाता है।लोग पकड़े जाते हैं, कार्रवाई भी होती है। लेकिन अब जांच और तेज किया जाएगा। जिससे लोग अवैध खनन न कर सके।

### शोहरतगढ़ में महंगाई के विरोध में सपाइयों का प्रदर्शन



**सिद्धार्थनगर।** विधानसभा क्षेत्र 302 शोहरतगढ़ में समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष डॉ धीरेंद्र यादव की अगुवाई में शोहरतगढ़ तहसील पर महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, डीजल पेट्रोल रसोई गैस बिजली के दामों में भारी मूल्य वृद्धि, किसानों को खाद बीज की समस्या, डीजल पेट्रोल और रसोई गैस की भारी किल्लत, नीट पेपर लिक, युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ आदि भाजपा के जन विरोधी नीतियों के खिलाफ उप जिलाधिकारी कार्यालय शोहरतगढ़ तहसील पर भारी संख्या में समाजवादी साथियों के साथ प्रदर्शन करते हुए एसडीम के माध्यम से राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन देकर समस्याओं के निस्तारण की मांग किया ! धरना - प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सपा जिला उपाध्यक्ष डॉ धीरेंद्र यादव ने प्रदेश सरकार की जन विरोधी नीतियों के कारण नौजवान बेहाल है किसान बदहाल है और आम आदमी कंगाल होता जा रहा है महंगाई बेरोजगारी चरम सीमा पर है प्रदेश की जनता महंगाई बेरोजगारी से तबाह हो चुकी है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष जुबैदा चौधरी, कमरूज्जमा खान ,हरिराम यादव, गोपाल फौजी, शमशुल हुदा, राहुल यादव, श्याम सुंदर यादव, जेपी यादव कपिल यादव, उमेश यादव, सुजीत, अतुल सेन यादव, गोलू आदि उपस्थित रहे।

### ई-रिक्शा सवारियों से ठगी करने वाले गिरोह की दो महिलाएं गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** गैर जिले से आकर ई-रिक्शा सवारियों को ठगी का शिकार बनाने वाले गिरोह की दो महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।नगर कोतवाली प्रभारी सुभाष यादव के नेतृत्व में एसआई अमित सिंह ने सवारियों से ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। भंगवा चुंगी की वादिनी 6 मई को ई-रिक्शा से स्कूल से बच्चों को लेने जा रही थी कि रास्ते मे एक युवती बैठी।उसके बाद तीन और महिलाएं ई रिक्शा पर सवार हुई।धक्का मुक्की में वादिनी का मंगलसूत्र पर हाथ साफ कर दिया।दूसरी घटना में वादी ई रिक्शा से सास ससुर के साथ जा रहा था कि जीआईसी कालेज के पास पांच महिलाएं सवार हो गई और एक बच्चे को सास की गोद में जबरन बैठा दिया।इसी दौरान सास के गले की सोने की चेन छू मंतर हो गई।दोनों मामले मे पुलिस अभियोग पंजीकृत कर माथा पच्ची कर रही थी।दूसरे जिले से आकर जनपद में ठगी का गिरोह चला रही महिलाओं में अंशिका देवी 25 पत्नी राकेश कुमार निवासी सिराजनपुर थाना गौरी बाजार जनपद देवरिया, करीना कुमारी 24 पत्नी अरविंद कुमार निवासी भरवालिया थाना बेलीपार जनपद गोरखपुर को बेल्हा देवी रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया गया और उनके पास से बिक्री के 36 हजार रुपए नकद बरामद कर मुकदमा में सुसंगत धारा की बढ़ोत्तरी कर उन्हें जिला कारागार के लिए भेज दिया गया है।

## कानपुर में गुजैनी के रामगोपाल चौराहे पर चला अवैध कब्जों के ऊपर बुलडोजर




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर में अवैध कब्जे और निर्माण के खिलाफ जहां एक तरफ अभियान छिड़ा हुआ है वहीं कमिश्नरेट पुलिस ने भी इस अभियान में अपना सहयोग प्रदान करते हुए अभियान को जोर देने का कार्य किया जिसका नजारा नगर के दक्षिण क्षेत्र स्थित गुजैनी थाना क्षेत्र में देखने को मिला, जहां सर्वाधिक व्यस्ततम रहने वाले रामगोपाल चौराहे पर चौकी इंचार्ज ने दल बल के साथ अवैध निर्माण और कब्जा करने वालों को हटाने का काम किया।

चौकी इंचार्ज राम मनोहर पटेल द्वारा चलाए गए इस अभियान में स्थानीय लोगों ने भी अपना सहयोग प्रदान किया आपको बताते चलें कि पिछले कुछ महीनों से राम गोपाल चौराहे पर लगातार अवैध निर्माण और कब्जे बढ़ने की शिकायतें मिल रहीं थीं। जिसको ध्यान में रखते हुए पूर्व में नगर निगम द्वारा अभियान चलाकर द्वस्तीकरण का कार्य किया गया था। लेकिन कुछ समय बाद पुनः कब्जेदारों ने अपने ठिकानों को जमा लिया था जिसके बाद से अराजकता भी बढ़ने लगी थी। इस बाबत रामगोपाल चौकी इंचार्ज राम मनोहर पटेल के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया और शनिवार की दोपहर अवैध कब्जेदारों को हटाया गया। साथ ही हटाए गए कब्जेदारों को चेतावनी भी दी गई है कि अगर इस अभियान के बाद कोई भी कब्जेदार अवैध जगह कब्जे का दुस्साहस करता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

## 'सतत प्रशिक्षण से ही शिक्षण में उत्कृष्टता संभव'- डॉ. आशुतोष मिश्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर ग्रामीण।** शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर हो रहे परिवर्तन एवं नई शैक्षिक चुनौतियों के अनुरूप शिक्षकों को अद्यतन ज्ञान एवं आधुनिक शिक्षण कौशल से सुसज्जित करना समय की आवश्यकता है। इसी दृष्टि से डीएवी एनयूपीपीएल पब्लिक विद्यालय सदैव शिक्षकों के व्यावसायिक विकास एवं शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, सृजनात्मक तथा विद्यार्थी-केंद्रित बनाने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण एवं क्षमता संवर्धन कार्यक्रमों का आयोजन करता रहा है। इसी क्रम में विद्यालय परिसर में डीएवी सेंटर फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस द्वारा आयोजित विज्ञान विषय की त्रिदिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला का भव्य समापन समारोह दिनांक 20 जून 2026 को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यशाला में यू.पी. जोन बी, एफ एवं जी के विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए नवीन शिक्षण विधियों एवं नवाचारों का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि श्री प्रभा शंकर (अतिरिक्त मुख्य प्रबंधक, एनयूपीपीएल) ने प्रतिभागी शिक्षकों को संबोधित करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, सतत अधिगम तथा प्रभावी शिक्षण पद्धतियों के महत्व पर प्रकाश डाला एवं सभी प्रतिभागियों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने पर बधाई दी। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी शिक्षकों ने कार्यशाला से संबंधित अपने अनुभव एवं सुझाव साझा किए तथा प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी, ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी बताया। साथ ही, प्रतिभागियों ने कार्यशाला के सफल आयोजन हेतु परियोजना प्रबंधन द्वारा की गई उत्कृष्ट व्यवस्थाओं की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इसके उपरांत मुख्य अतिथि द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

प्रधानाचार्य डॉ. आशुतोष मिश्रा ने अपने संबोधन में शिक्षकों को कार्यशाला के दौरान सीखी गई शिक्षण रणनीतियों एवं नवीन शिक्षण विधियों को कक्षा-कक्ष में प्रभावी रूप से लागू करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा, 'कार्यक्रम के अंतर्गत तीन




दिनों में प्राप्त अधिगम रणनीतियों का प्रभावी क्रियान्वयन ही इस प्रशिक्षण की वास्तविक सफलता होगी।' साथ ही उन्होंने कार्यशाला के सफल आयोजन में परियोजना प्रमुख एवं मानव संसाधन विभाग के सक्रिय सहयोग एवं योगदान की सराहना करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, कि उनके सहयोग के बिना इस कार्यक्रम का सफल आयोजन संभव नही था। अंत में विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों, रिसोर्स पर्सन्स एवं प्रतिभागी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन, डीएवी गान एवं शांति पाठ के साथ हुआ।

## विश्व दिव्यांग दिवस पर मिलेगा राज्य स्तरीय सम्मान, 12 श्रेणियों में आवेदन आमंत्रित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कमलेश कुमार वर्मा ने बताया कि 03 दिसम्बर हेतु विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियो,संस्थाओ को पुरस्कार प्रदान किया जाना है। विभाग द्वारा इस वर्ष 12 विभिन्न श्रेणियों में राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए जाने की व्यवस्था की गई है।

उन्होंने बताया कि पुरस्कारों के लिए दक्ष दिव्यांग कर्मचारी,स्वनियोजित दिव्यांगजन, दिव्यांगजन हेतु सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता तथा सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेन्ट अधिकारी या एजेंसी के लिए सेवा योजको को, दिव्यांगजन के निमित्त कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति तथा सर्वश्रेष्ठ संस्था के लिये, प्रेरणास्रोत हेतु दिव्यांगजन के जीवन सुधारने के निमित्त सर्वश्रेष्ठ नवीन अनुसंधान या उत्पाद विकास के लिये, दिव्यांगजन हेतु बाधामुक्त वातारण के सृजन हेतु सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिये, दिव्यांगजन को पुनर्वास सेवाएं प्रदान करने वाले सर्वश्रेष्ठ जिला के लिए, सर्वश्रेष्ठ सृजनशील दिव्यांग वयस्क व्यक्तियो एवं सर्वश्रेष्ठ बालक बालिका हेतु, सर्वश्रेष्ठ ब्रेसप्रेस के लिये, दिव्यांगजन के लिए सर्वोत्तम अनुकूल वेबसाइट हेतु, सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग खिलाड़ियो के लिए, दिव्यांगजन के सशक्तीकरण हेतु कार्यरत अधिकारी कर्मचारी जैसी श्रेणियां निर्धारित की गई हैं। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति, स्वयंसेवी संस्थाएं एवं पात्र संगठन निर्धारित आवेदन पत्र को आवश्यक अभिलेखों एवं प्रपत्रों सहित तीन प्रतियों में तैयार कर कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, कक्ष संख्या-25, विकास भवन, प्रतापगढ़ में शीघ्र जमा कर सकते हैं। आवेदन के साथ सभी आवश्यक प्रमाण-पत्र एवं उपलब्धियों का विवरण संलग्न करना अनिवार्य होगा।

### पीएम किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त जारी

#### सांसद जगदंबिका पाल ने मखाना उत्पादन बढ़ाने पर दिया जोर, वैज्ञानिक खेती अपनाने की अपील



**सिद्धार्थनगर।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को आर्थिक संबल प्रदान करने की दिशा में शनिवार को 23वीं किस्त का हस्तांतरण किया गया। इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कृषि विज्ञान केंद्र सोहना, सिद्धार्थनगर परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें जिले के 300 से अधिक किसानों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान पश्चिम बंगाल के तारकेश्वर (हुगली) से प्रधानमंत्री द्वारा देश के 9.44 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में 18,880 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की गई। किसानों ने बड़े उत्साह के साथ कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा और सरकार की विभिन्न किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद जगदंबिका पाल ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## बहन की आत्महत्या के प्रतिशोध में मुकेश की गड़ासे से काटकर हत्या, 3 आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** मोहाना थाना क्षेत्र के पिपरहवा में हुए सनसनीखेज मुकेश गुप्ता हत्याकांड का पुलिस ने महज कुछ ही दिनों में पर्दाफाश कर दिया है। एसओजी, सर्विलॉन्स और मोहाना थाना की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या में शामिल तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, इस जघन्य हत्याकांड को प्रेम प्रसंग और प्रतिशोध के चलते अंजाम दिया गया था।

क्षेत्राधिकारी विश्वजीत सौरयान ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि मृतक मुकेश गुप्ता अपनी छत पर सो रहा था। इसी दौरान घात लगाकर आए तीन लोगों ने गड़ासे से उसका गला रेतकर बेरहमी से हत्या कर दी थी। इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया था। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए टीमों का गठन किया था। पुलिस तफ्तीश में जो हकीकत सामने आई, वह चौंकाने वाली है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्तों में से एक की बहन के साथ मृतक मुकेश गुप्ता का प्रेम संबंध था। जब युवती के परिजनों ने मुकेश



पर शादी करने का दबाव बनाया, तो उसने साफ इन्कार कर दिया। मुकेश के इनकार से आहत होकर अभियुक्त की बहन ने आत्महत्या कर ली थी।

बहन की मौत के बाद लोकलाज और पुलिस के डर से मुकेश गुप्ता सिद्धार्थनगर छोड़कर मुंबई भाग गया था। कुछ समय बाद जब वह मुंबई से वापस अपने गांव लौटा, तो मृतका के भाइयों और परिजनों के मन में प्रतिशोध की आग भड़क उठी। आनंद लोध, तिवारी लोध और रमेश लोध ने मिलकर मुकेश को रास्ते से हटाने की खौफनाक योजना बनाई। उन्होंने पहले मुकेश की गतिविधियों की रेकी की और फिर मौका पाकर छत पर सो रहे मुकेश पर गड़ासे से ताबड़तोड़ वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। सीओ विश्वजीत सौरयान ने बताया कि पकड़े गए तीनों शातिर अभियुक्त आनंद लोध, तिवारी लोध और रमेश लोधी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत दूल्हा सुमाली के टोला पिपरहवा के निवासी हैं। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त किया गया हथियार भी बरामद कर लिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में जितेन्द्र सिंह थानाध्यक्ष मोहाना, एसओजी प्रभारी चन्द्रकान्त पाण्डेय एवं एसओजी टीम, प्रभारी सर्विलांस हरेन्द्र चौहाना एवं सर्विलांस टीम, उ0नि0 प्रदीप कुमार सिंह चौकी इंचार्ज ककरहवा,हे0का0 मनोज कुमार, अशोक कुमार, अभिषेक प्रताप सिंह शामिल रहे।

# दिल्ली को मिला पहला महिला पुलिस थाना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को और मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए दिल्ली पुलिस ने नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट के सब्जी मंडी क्षेत्र में अपना पहला महिला पुलिस थाना वूमेन पुलिस स्टेशन शुरू किया है। इसका उद्घाटन दिल्ली के उपराज्यपाल सरदार तरणजीत सिंह संधू ने किया। इस अवसर पर दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलछा, विशेष पुलिस आयुक्तों सहित दिल्ली पुलिस के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।यह महिला पुलिस थाना महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों की जांच और शिकायतों के निस्तारण के लिए समर्पित संस्थान के रूप में स्थापित किया गया है। इसे महिलाओं और बाल पीड़ितों को सुरक्षित, सुलभ और संवेदनशील पुलिसिंग वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। उपराज्यपाल द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार यह थाना 19 जून 2026 से पूर्ण रूप से कार्यरत हो गया है और इसका अधिकार क्षेत्र पूरे नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट तक रहेगा। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए उपराज्यपाल सरदार तरणजीत सिंह संधू ने कहा कि यह महिला पुलिस थाना केवल कानून-व्यवस्था और जांच का केंद्र नहीं होगा, बल्कि महिलाओं और बच्चों के लिए विश्वास एवं सुरक्षा का प्रतीक भी बनेगा। उन्होंने कहा कि इस पहल की सफलता केवल दर्ज मामलों की संख्या से नहीं, बल्कि महिलाओं और बालिकाओं में पैदा होने वाले विश्वास और सुरक्षा की भावना से मापी जाएगी। उन्होंने कहा कि यह थाना महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले सभी प्रकार के अपराधों की जांच करेगा। घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, यौन उत्पीड़न, छेड़छाड़, पीछा करना स्टॉकिंग, उत्पीड़न, दुष्कर्म और अन्य गंभीर अपराधों से जुड़े मामलों की सुनवाई और जांच यहीं की जाएगी।उपराज्यपाल ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के साथ समाज की जिम्मेदारी भी बढ़ती है। यदि किसी महिला या बच्ची के साथ अन्याय या अपराध होता दिखाई दे तो लोगों को आगे आकर पुलिस को सूचना देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह महिला थाना ऐसे मामलों में त्वरित सहायता और न्याय सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा।इस अवसर पर उपराज्यपाल ने दिल्ली पुलिस की महिला सुरक्षा संबंधी पहलों की भी सराहना की। उन्होंने महिला हेल्पलाइन 1091, शहरभर में स्थापित पिंक बूथ, छेड़छाड़ और स्टॉकिंग के खिलाफ चलाए जा रहे 'शिष्टाचार' अभियान तथा महिलाओं और बच्चों के लिए 'सशक्ति' आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम को सराहनीय बताया।कार्यक्रम में विशेष पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था-ज़ोन-1 देवेश श्रीवास्तव ने स्वागत भाषण देते हुए नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा के लिए शुरू किए गए पिंक बूथ रानी झांसी स्क्वाड' और 'वामिका' जैसी पहलों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि महिला पुलिस थाना महिलाओं को चौबीसों घंटे सहायता प्रदान करने वाला भरोसेमंद केंद्र साबित होगा। दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलछा ने कहा कि दिल्ली पुलिस महिलाओं की सुरक्षा के लिए चार प्रमुख स्तंभों–रोकथाम, संरक्षण, त्वरित जांच और जनभागीदारी–पर आधारित रणनीति के तहत कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि दिल्ली में 116 पिंक बूथ संचालित हैं, महिलाओं के लिए विशेष पीसीआर वैन तैनात हैं और अब तक 30 लाख से अधिक महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया जा




चुका है समारोह में दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधियों विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित महिला हस्तियों और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। दिल्ली पुलिस के अनुसार, महिला पुलिस थाना की स्थापना महिलाओं और बच्चों के लिए अधिक सुरक्षित, संवेदनशील और जवाबदेह पुलिसिंग व्यवस्था विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जिससे पीड़ितों को समय पर सहायता, सुरक्षा और न्याय सुनिश्चित किया जा सकेगा।

## दिल्ली में ग्रिड फेल होने पर भी नहीं जाएगी बिजली, पांच नए बैटरी ऊर्जा भंडारण सिस्टम को मंजूरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** ग्रिड में खराबी या अन्य तकनीकी खामी आने पर बिजली आपूर्ति ठप होने का खतरा बना रहता है। इससे अस्पतालों और अन्य महत्वपूर्ण संस्थानों में भी बिजली आपूर्ति प्रभावित होती है। इस समस्या के समाधान के लिए राजधानी में बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे किसी क्षेत्र में आपात स्थिति उत्पन्न होने पर भी बिजली आपूर्ति जारी रखी जा सकेगी। दक्षिणी दिल्ली के किलोकरी में इसके सफल संचालन के बाद दक्षिणी और पश्चिमी दिल्ली के पांच अन्य स्थानों पर इसे स्थापित करने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग (डीईआरसी) से भी अनुमति मिल गई है। वर्ष 2012 में उत्तरी ग्रिड फेल होने से दिल्ली में बिजली आपूर्ति ठप हो गई थी। वर्ष 2020 में मुंबई में भी इसी प्रकार की समस्या सामने आई थी। ऐसी परिस्थितियों से निपटने के लिए दिल्ली में पावर आइलैंडिंग व्यवस्था विकसित की गई है। इसके अंतर्गतद उत्तरी ग्रिड फेल होने की स्थिति में दादरी, झज्जर और दिल्ली के बिजली संयंत्रों से सीधे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाती है।




इस व्यवस्था के बावजूद 400 केवी या 220 केवी के बिजली स्टेशनों में खराबी आने पर भी कई हिस्सों में बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है। दो वर्ष पहले गाजियाबाद जिले के मंडोला ग्रिड में आग लगने से दिल्ली के बड़े क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई थी। बीईएसएस के माध्यम से इस प्रकार की समस्या का समाधान किया जा सकता है। पिछले वर्ष दक्षिणी दिल्ली के किलोकरी में 20 मेगावाट क्षमता की यह प्रणाली स्थापित की गई थी। इससे लगभग एक लाख उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति की जा रही है। अब बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड (बीआरपीएल) को द्वारका, बिंदापुर, हरिनगर, सागरपुर और पप्पनकलां में पांच नए बीईएसएस स्थापित करने की अनुमति मिल गई है। इनकी कुल क्षमता 97.5 मेगावाट होगी। इससे अधिकतम मांग के समय लगभग दो घंटे तक 2.66 लाख उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति की जा सकेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली पुलिस ने चोरियों की सेंचुरी मारने वाला पकड़ा

**दिल्ली।** जहांगीरपुरी के कुख्यात बदमाश को उत्तर पश्चिम जिला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित फरीद की निशानदेही पर भारी मात्रा में चोरी का माल बरामद किया गया। आरोपित फरीद 100 से अधिक चोरी एवं सेंधमारी के मामलों में शामिल आदतन एवं सक्रिय अपराधी है। उसके कब्जे से हथियार तथा कारतूस और सोने-चांदी के आभूषण, एफडी दस्तावेजों सहित टूटा हुआ लाकर बरामद किया गया। पुलिस उपायुक्त आकांक्षा यादव के अनुसार आरोपी थाना जहांगीर पुरी का घोषित बैड कैरेक्टर भी है। उत्तर-पश्चिम जिला की स्पेशल स्टाफ एवं थाना मॉडल टाउन की संयुक्त टीम ने फरीद को गिरफ्तार किया है। आरोपित 100 से अधिक चोरी एवं सेंधमारी के मामलों में शामिल पाया गया है। सीसीटीवी फुटेज के गहन विश्लेषण, तकनीकी निगरानी तथा मानव स्रोतों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर आरोपित की पहचान कर उसे गिरफ्तार किया गया। आरोपित की निशानदेही पर भारी मात्रा में चोरी किया गया सामान बरामद किया गया। मॉडल टाउन में हाल ही में सेंधमारी की घटना की सूचना प्राप्त हुई। शिकायतकर्ता एलआईसी एजेंट अनिल कुमार अनिल कुमार अपने परिवार सहित अमृतसर गए हुए थे। पड़ोसी द्वारा सूचना मिलने पर वे लौटे और पाया कि उनके मकान का मुख्य गेट खुला हुआ था। निरीक्षण करने पर मुख्य गेट की ग्रिल टूटी हुई मिली तथा घर की अलमारियां खुली हुई थीं और सामान बिखरा पड़ा था। जांच के दौरान पाया गया कि अज्ञात चोर घर से एक लाइसेंसी .32 बोर रिवाल्वर ,13 कारतूस, सोने-चांदी के आभूषण, एक लाकर तथा शिकायतकर्ता के एफडी दस्तावेज चोरी कर ले गए थे। शिकायत के आधार पर थाना मॉडल टाउन में मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई। जांच के दौरान घटनास्थल एवं आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज का गहन विश्लेषण किया गया।

### 'मेरी पहली और आखिरी वीडियो...', अशोक विहार में 14वीं मंजिल से छलांग लगाने वाले युवक ने मांगी थी माफी



**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के अशोक विहार इलाके में 19 वर्षीय युवक की एक रिहायशी इमारत से गिरने के बाद मौत हो गई। घटना से कुछ समय पहले युवक ने फेसबुक पर एक वीडियो पोस्ट किया था, जिसमें उसने उन लोगों से माफी मांगी थी, जिन्हें वह अपने कारण आहत मानता था। मृतक की पहचान अनुराग के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार शाम करीब 4:45 बजे अशोक विहार थाना पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक स्वाभिमान अपार्टमेंट, अशोक विहार फेज-2 में ऊंचाई से गिर गया है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। गंभीर रूप से घायल अनुराग को तुरंत दीप चंद बंधु अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि घटना से ठीक पहले अनुराग ने अपने फेसबुक अकाउंट पर एक वीडियो अपलोड किया था। वीडियो में उसने कहा, 'यह मेरी पहली और आखिरी वीडियो है। जिन लोगों को मैंने दुख पहुंचाया है और जिन्हें लगता है कि मेरी वजह से उनकी जिंदगी ठीक नहीं चल रही है, वे मुझे माफ कर दें। मुझे बहुत कुछ कहना था, लेकिन उससे कुछ बदलने वाला नहीं था। ' लिस ने वीडियो समेत अन्य डिजिटल साक्ष्यों को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। अनुराग दिल्ली के आजादपुर स्थित लाला बाग इलाके का रहने वाला था। उसके पिता राजा राम दिल्ली होमगार्ड में कार्यरत हैं। पुलिस की शुरुआती जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन अधिकारियों का कहना है कि सभी संभावित पहलुओं, जिसमें किसी साजिश या अन्य कारण की संभावना भी शामिल है, की जांच की जा रही है।

**NOTICE**

It is informed to the general public that I, Md Zamal Uddin, Date of Birth 06/02/1988, S/o Abdul Zalil, permanent resident of Vill. Dalgram, P.O. Dalgram Part-II, P.S. Ratabari, District Sribhumi, Assam, PIN 788735, That I am a citizen of India by birth and a permanent resident of the above address. That my correct and actual name is Md Zamal Uddin as per my original records. That in my Voter ID (EPIC No. HXH1921477), PAN Card No. AEOPU3966R, Aadhaar No. 9980 7302 4823, and HSLC Certificate (2006, Sl. No. 067648, Roll B06-452, No. 0191), my name has been inadvertently recorded as "Zamal Uddin" instead of my correct name. That both names Md Zamal Uddin and Zamal Uddin are one and the same person. That henceforth my correct name shall be used as Md Zamal Uddin for all purposes.

## 'संस्कृत भारत की आत्मा है, इसे फिर से ज़िंदा करना समय की ज़रूरत है'— गवर्नर कटारिया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नाभा/पटियाला–** गवर्नर ने संस्कृत से जुड़ी नई पीढ़ी की तारीफ़ की युवाओं का जोश संस्कृत के भविष्य की निशानीः गवर्नर पंजाब के गवर्नर, गुलाब चंद कटारिया आज दयानंद स्कूल, नाभा में संस्कृत भारती (नॉर्थ रीजन) की तरफ़ से आयोजित रीजनल ट्रेनिंग क्लास के समापन समारोह में मुख्य मेहमान के तौर पर शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने संस्कृत भाषा के महत्व और इसे फिर से ज़िंदा करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की बहुत तारीफ़ की। इस प्रतिष्ठित ट्रेनिंग क्लास में नॉर्थ इंडिया के पांच बड़े राज्यों पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और दिल्ली के 176 स्टूडेंट्स, युवाओं और विद्वानों ने हिस्सा लिया। समारोह के दौरान, स्टूडेंट्स ने संस्कृत में गाकर गवर्नर का गर्मजोशी से स्वागत किया, जिससे समारोह में एक अनोखा सांस्कृतिक रंग भर गया। अपने भाषण में, गवर्नर गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि मॉडर्निटी की दौड़ में लोग अपनी मातृभाषाओं और सांस्कृतिक जड़ों से दूर होते जा रहे हैं। ऐसे समय में संस्कृत भारती की तरफ से संस्कृत को फिर से लोकभाषा बनाने की कोशिशें बहुत तारीफ़ के काबिल हैं। उन्होंने कहा कि संस्कृत सिर्फ़ एक भाषा नहीं है, बल्कि भारतीय ज्ञान, संस्कृति और आध्यात्मिक विरासत की वाहक है। उन्होंने कहा कि देश की आत्मा कही जाने वाली संस्कृत को फिर से ज़िंदा करने और इसे आम लोगों तक पहुंचाने की ऐतिहासिक कोशिश आज ऐतिहासिक शहर नाभा में देखने को मिली। उन्होंने कहा कि संस्कृत को सिर्फ़ पूजा या धार्मिक रस्मों की भाषा मानने के बजाय इसे रोज़मर्रा की ज़िंदगी और व्यवहार में अपनाने की ज़रूरत है। ग्लोबल लेवल पर भी इस भाषा का खास महत्व है और नई पीढ़ी को इसकी महानता से वाकिफ़ कराना समय की ज़रूरत है। इवेंट के दौरान, स्टूडेंट्स ने संस्कृत में एक शानदार नाटक भी पेश किया, जिसे मौजूद दर्शकों ने खूब सराहा। इस मौके पर पूरा नाभा शहर संस्कृत के रंग में रंगा हुआ दिखा और हर तरफ़ भारतीय संस्कृति और भाषा के लिए जोश देखा गया। गवर्नर गुलाब चंद कटारिया ने पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और दिल्ली से आए 176 स्टूडेंट्स, युवाओं और स्कॉलर्स की



तारीफ करते हुए कहा कि संस्कृत भाषा के प्रमोशन और भारतीय सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए युवा पीढ़ी का यह समर्पण बहुत प्रेरणा देने वाला है। उन्होंने कहा कि देश के अलग-अलग हिस्सों से आए इन पार्टिसिपेंट्स का संस्कृत के प्रति जोश और जुनून यह साबित करता है कि यह प्राचीन भाषा आज भी नई पीढ़ी के दिलों में अपनी खास जगह रखती है। इस मौके पर संस्कृत भारती के ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन मिनिस्टर जय प्रकाश, प्रेसिडेंट वीरेंद्र कुमार, दिनेश भाटिया समेत बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स, स्कॉलर्स, सोशल लीडर्स और नाभा के निवासी मौजूद थे। इवेंट के आखिर में सभी को संस्कृत भाषा के प्रमोशन और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के लिए मिलकर काम करने का मैसेज दिया गया।

## गांजा तस्करी का बड़ा नेटवर्क ध्वस्त, दिल्ली पुलिस ने ओडिशा-आंध्र प्रदेश सीमा से मुख्य सरगना दबोचा

**दिल्ली।** पूर्वी जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक्स स्क्वॉड ने अंतरराज्यीय नशा तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए ओडिशा-आंध्र प्रदेश बॉर्डर से मुख्य सप्लायर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस मामले में 22 किलो 450 ग्राम गांजा बरामद किया है, जिसकी अवैध बाजार में कीमत करीब 10 लाख रुपये आंकी गई है। गांजा की ढुलाई में इस्तेमाल एक मारुति सियाज कार भी जब्त की गई है। पुलिस के अनुसार, तीन जून को गाजीपुर क्षेत्र से गाजियाबाद निवासी सोनू कुमार को गिरफ्तार किया गया था। उसकी कार से भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ था। पूछताछ में उसने खुलासा किया कि वह ओडिशा के मलकानगिरि निवासी देबा मांडी से गांजा खरीदकर दिल्ली-एनसीआर में सप्लाई करता था। इसके बाद एंटी नारकोटिक्स स्क्वॉड ने तकनीकी निगरानी और लगातार छापेमारी शुरू की। कई जिलों में पीछा करने के बाद 17 जून को पुलिस ने देबा मांडी को ओडिशा-आंध्र प्रदेश बॉर्डर से दबोच लिया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपित जंगलों में गांजा उगाकर उसकी सप्लाई करता था। पुलिस अब नेटवर्क की अन्य कड़ियों की जांच कर रही है।

## मुख्यमंत्री भगवंत सिंह से जुड़े कथित एआई वीडियो मामले को लेकर आम आदमी पार्टी ने विरोध किया प्रदर्शन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मलेरकोटला–** जर्ग चौक पर आयोजित इस प्रदर्शन में मलेरकोटला के विधायक डॉ. जमील-उर-रहमान, अमरगढ़ के विधायक जसवंत सिंह गज्जन माजरा सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान नेताओं ने विपक्षी दलों पर मुख्यमंत्री की छवि खराब करने की साजिश रचने का आरोप लगाया। मलेरकोटला के जर्ग चौक पर आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान आम आदमी पार्टी के नेताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान को कथित एआई वीडियो के जरिए बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि श्री अकाल तख्त साहिब का सम्मान पूरी दुनिया की संगत करती है, लेकिन कुछ राजनीतिक दल अपने स्वार्थ के लिए इस मुद्दे को गलत तरीके से पेश कर रहे हैं। नेताओं ने आरोप लगाया कि शिरोमणि अकाली दल (बादल) और भाजपा मिलकर मुख्यमंत्री की लोकप्रियता से घबराकर उनकी छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी राजनीतिक साजिशों से आम आदमी पार्टी कमजोर नहीं होगी और जनता सच्चाई को अच्छी तरह समझती है। मलेरकोटला के विधायक डॉ. जमील-उर-रहमान और अमरगढ़ के विधायक जसवंत सिंह गज्जन माजरा ने कहा कि जिले का हर कार्यकर्ता और पार्टी समर्थक मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के साथ मजबूती से खड़ा है। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की और मुख्यमंत्री के समर्थन में एकजुटता का संदेश दिया।

## कार का शीशा तोड़कर चोरी करने वाले दो आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े, चोरी का सामान बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** दक्षिण जिला पुलिस के मैदान गढ़ी थाना पुलिस ने कार का शीशा तोड़कर चोरी करने के एक मामले का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार और एक किशोर को पकड़ लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया आईफोन, पर्स, दस्तावेज और वारदात में इस्तेमाल ई-रिक्शा बरामद किया है।पुलिस के अनुसार, 18 जून 2026 को दर्ज ई-एफआईआर संख्या 80050076/ 2026 के तहत शिकायतकर्ता ने बताया था कि उसकी पार्क की गई कार का शीशा तोड़कर अज्ञात बदमाशों ने लैपटॉप, 285 कनाडाई डॉलर, आईफोन-13, नकदी, क्रेडिट कार्ड, प्रायोरिटी पास, लेदर बैग, आधार कार्ड और डायरी चोरी कर ली थी। मामले की जांच के लिए हेड कांस्टेबल विशदीप, हेड कांस्टेबल संदीप, हेड कांस्टेबल देवी सिंह और हेड कांस्टेबल नरेंद्र की टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, तकनीकी साक्ष्य जुटाए और स्थानीय स्तर पर जानकारी एकत्र की।जांच के दौरान मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने चंदनहुला क्षेत्र में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान एक आरोपी मोहम्मद गुफरान 22,,, को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि एक 16,, वर्षीय किशोर को पकड़ा गया। पूछताछ में दोनों ने चोरी की वारदात में अपनी संलिप्तता




स्वीकार की, जिसके बाद चोरी का काफी सामान बरामद कर लिया गया।पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी सुनसान स्थानों पर खड़ी गाड़ियों को निशाना बनाते थे। वे कार का शीशा तोड़कर अंदर रखे कीमती सामान की चोरी करते और संदेह से बचने तथा तेजी से फरार होने के लिए ई-रिक्शा का इस्तेमाल करते थे।पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक आईफोन-13 नकदी सहित पर्स, क्रेडिट कार्ड, प्रायोरिटी पास, लेदर बैग, आधार कार्ड, डायरी और वारदात में इस्तेमाल ई-रिक्शा बरामद किया है। पुलिस का कहना है कि चोरी किए गए शेष सामान की बरामदगी के प्रयास जारी हैं। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि आरोपी अन्य चोरी की घटनाओं में भी शामिल रहे हैं या नहीं। दक्षिण जिला पुलिस के अनुसार, त्वरित कार्रवाई, तकनीकी जांच और सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण के आधार पर मामले का कम समय में खुलासा कर लिया गया, जिससे चोरी की वारदात में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली।

## घरेलू विवाद में पत्नी और बच्चों को बेरहमी से पीटा, 2 साल के मासूम की मौत

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के जैतपुर इलाके में घरेलू विवाद के दौरान एक पिता द्वारा पत्नी और दो मासूम बच्चों के साथ की गई कथित बेरहमी से मारपीट में दो वर्षीय बेटे की मौत हो गई। दिल्ली पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच जारी है। पुलिस के अनुसार, 19 जून 2026 को दोपहर करीब 1:30 बजे जैतपुर थाने को मिथापुर स्थित लखपत कॉलोनी पार्ट-2 में घरेलू हिंसा की सूचना पीसीआर कॉल के जरिए मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। शिकायतकर्ता आरती ने पुलिस को बताया कि उसके पति चंदन शर्मा (34), जो पेशे से बढ़ई है और कथित तौर पर शराब व नशे का आदी है, उसने घरेलू विवाद के बाद उसके साथ-साथ उनके दो नाबालिग बच्चों की भी बेरहमी से पिटाई की। घटना में गंभीर रूप से घायल दो वर्षीय बेटे को तत्काल सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान 20 जून 2026 की सुबह उसकी मौत हो गई। पुलिस ने 19 जून को भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं और जुवेनाइल जस्टिस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की। इसके बाद आरोपी चंदन शर्मा को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया शुरू कर दी गई। पुलिस का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और सभी साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं ताकि पीड़ित परिवार को जल्द न्याय दिलाया जा सके।

## श्रीभूमि जिले के जल जीवन मिशन से वर्षों से वंचित मॉडल विलेज कृष्णनगर, प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की चुप्पी पर ग्रामीणों में नाराजगी

**● शुद्ध पेयजल की मांग को लेकर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की अपील**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**श्रीभूमिः–** केंद्र सरकार की 'सबका साथ, सबका विकास' नीति के तहत 'हर घर जल, हर घर नल' योजना के माध्यम से असम के विभिन्न जिलों में जल जीवन मिशन का कार्य तेज गति से चल रहा है। इसके बावजूद श्रीभूमि जिले के रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत दरगारबंद जीपी के आदर्श कृष्णनगर (मॉडल विलेज) गांव को आज तक इस योजना का लाभ नहीं मिल पाया है, जिससे ग्रामीणों में भारी असंतोष व्याप्त है। वर्षों से शुद्ध पेयजल के अभाव में गांव के एक हजार से अधिक परिवारों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने कई बार संबंधित विभाग, पंचायत प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को इस समस्या से अवगत कराया, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि शुद्ध पेयजल के अभाव में उन्हें प्रतिदिन अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। गांव के उप-स्वास्थ्य केंद्र तथा मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र में भी पर्याप्त पेयजल व्यवस्था नहीं है। इसके कारण स्वास्थ्य सेवाएं लेने आने वाले लोगों और बच्चों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की स्थिति सबसे अधिक दयनीय है। गर्मी और शुष्क मौसम के दौरान समस्या और भी गंभीर हो जाती है। कई बार सुरक्षित पेयजल की कमी के कारण लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों का सामना भी करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि गांव में पेयजल आपूर्ति के लिए PHE परियोजना स्थापित करने का आश्वासन संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा कई बार दिया गया, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई प्रगति दिखाई नहीं दी। जल आपूर्ति व्यवस्था में सुधार के वादे बार-बार किए गए, लेकिन उनका कोई प्रभाव नजर नहीं आया। वहीं संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की भी इस मुद्दे पर चुप्पी को लेकर सवाल उठ रहे हैं।




इस स्थिति से नाराज और निराश ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित किया है। ग्रामीणों की मांग है कि आदर्श कृष्णनगर गांव को तत्काल जल जीवन मिशन के दायरे में लाकर प्रत्येक परिवार को शुद्ध पेयजल कनेक्शन उपलब्ध कराया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि संबंधित विभाग के अधिकारियों को कई बार समस्या से अवगत कराने के बावजूद अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है, जिसके कारण समस्या आज भी जस की तस बनी हुई है। हालांकि ग्रामीणों को उम्मीद है कि उच्च अधिकारी इस मुद्दे की गंभीरता को समझते हुए शीघ्र PHE परियोजना स्थापित करने के लिए आवश्यक कदम उठाएंगे और वर्षों पुरानी पेयजल समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित करेंगे।

## मैगज़ीन शूट में सर्मिष्ठा रॉय चौधरी का ग्लैमरस अंदाज़

**● रचनात्मक टीम की प्रतिभा बनी आकर्षण का केंद्र**

**मैगज़ीन शूट से चर्चा में प्रशंसकों ने बताया भविष्य की चमकता सितारा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

फैशन, सौंदर्य और रचनात्मक अभिव्यक्ति के संगम को दर्शाते एक विशेष मैगज़ीन फोटोशूट ने हाल ही में कला और फैशन जगत का ध्यान आकर्षित किया है। इस शूट में मॉडल सर्मिष्ठा रॉय चौधरी ने अपने आत्मविश्वास, आकर्षक अंदाज़ और प्रभावशाली प्रस्तुति से दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ी। इस रचनात्मक परियोजना में प्रसिद्ध क्रिएटिव फोटोग्राफर सुरथ चक्रवर्ती ने फोटोग्राफी, निर्देशन एवं मेंटरशिप की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी कलात्मक दृष्टि और सूक्ष्म निर्देशन ने पूरे शूट को एक विशिष्ट पहचान प्रदान की। वहीं, मेकअप आर्टिस्ट कृष्णा सिकदार के कौशल ने सर्मिष्ठा रॉय चौधरी के लुक को और अधिक निखारते हुए संपूर्ण विजुअल प्रस्तुति को प्रभावशाली बनाया। फोटोशूट के दौरान फैशन और कला का संतुलित समन्वय देखने को मिला। कैमरे के सामने सर्मिष्ठा रॉय चौधरी की सहज अभिव्यक्ति और आत्मविश्वास ने हर फ्रेम को जीवंत बना दिया। सुरथ चक्रवर्ती की रचनात्मक सोच और तकनीकी दक्षता ने इस प्रोजेक्ट को केवल फैशन प्रस्तुति तक सीमित न रखते हुए एक सशक्त विजुअल स्टोरी में परिवर्तित कर दिया। इस अवसर पर टीम सदस्यों ने इसे एक सफल क्रिएटिव कोलैबोरेशन बताया, जिसमें टीमवर्क, नवाचार और कलात्मक समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण देखने को मिला। फैशन और फोटोग्राफी जगत के जानकारों का मानना है कि ऐसे प्रोजेक्ट उभरती प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के साथ-साथ समकालीन फैशन फोटोग्राफी और विजुअल स्टोरीटेलिंग को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रशंसकों का कहना है कि सर्मिष्ठा रॉय चौधरी में भविष्य की एक चमकदार प्रतिभा के रूप में उभरने की क्षमता है। उनका समर्पण और पेशेवर दृष्टिकोण उन्हें फैशन एवं मॉडलिंग जगत में




आगे बढ़ने की दिशा में मजबूत बनाता है। इसके अतिरिक्त, हाल ही में उनकी रचनात्मकता की चर्चा फुटबॉल प्रेमियों के बीच देखने को मिली है। उनके फोटोग्राफिक दृष्टिकोण को विशेष रूप से सराहा गया है। विभिन्न विषयों और क्रीड़ा आयोजनों, विशेषकर फुटबॉल जैसे बड़े आयोजनों की प्रभावशाली प्रस्तुति के माध्यम से उन्होंने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का परिचय दिया है। यह उन्हें एक उभरते हुए क्रिएटिव व्यक्तित्व के रूप में स्थापित कर रहा है।

## आधी रात की चेकिंग में वाहन चोर गिरफ्तार, चोरी की बाइक और अवैध चाकू बरामद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** दक्षिण जिला पुलिस की लोधी कॉलोनी थाना पुलिस ने देर रात वाहन जांचअभियान के दौरान एक वाहन चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल और एक अवैध बटनदार चाकू बरामद किया है। इस कार्रवाई से दो मामलों का खुलासा हुआ है।पुलिस के अनुसार, 17 और 18 जून की मध्यरात्रि को बारापुला फ्लाईओवर रोड पर पुलिस पिकेट पर हेड कांस्टेबल पंकज और कांस्टेबल लोकेश वाहनों की जांच कर रहे थे। यह मार्ग दक्षिण दिल्ली को मध्य दिल्ली, पूर्वी दिल्ली और नोएडा से जोड़ता है तथा अपराधियों द्वारा अक्सर आवागमन के लिए इस्तेमाल किया जाता है। करीब 12:10 बजे एक मोटरसाइकिल सवार को जांच के लिए रुकने का इशारा किया गया, लेकिन वह ट्रैफिक की दिशा के विपरीत वाहन चलाकर भागने लगा। सूचना मिलते ही गरुड़-6 पेट्रोलिंग टीम के हेड कांस्टेबल यतेन्द्र और कांस्टेबल पवन ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी की पहचान यश पुत्र स्वर्गीय राजेश के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध बटनदार चाकू बरामद हुआ। वहीं मोटरसाइकिल की जांच करने पर पता चला कि वह हीरो स्प्लेंडर प्लस बाइक थाना आनंद विहार क्षेत्र से चोरी की गई थी, जिसके संबंध में ई-एफआईआर संख्या 010319/2026 दर्ज है। इसके बाद लोधी कॉलोनी थाने में आरोपी के खिलाफ एफआईआर संख्या 84/2026 के तहत शस्त्र अधिनियम की धारा 25 और बीएनएस की धारा 317(2) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल और एक अवैध बटनदार चाकू बरामद कर जब्त कर लिया है। जांच में सामने आया कि आरोपी देर रात चोरी की मोटरसाइकिल पर घूम रहा था और संभवतः अन्य आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने की फिराक में था। पुलिस चेकिंग



देखकर उसने भागने का प्रयास किया, लेकिन सतर्क पुलिसकर्मियों और गरुड़ पेट्रोलिंग टीम के समन्वय से उसे पकड़ लिया गया।पुलिस अब आरोपी के आपराधिक रिकॉर्ड की जांच कर रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि वह अन्य वाहन चोरी की घटनाओं या चोरी के वाहनों की खरीद-फरोख्त से जुड़े किसी गिरोह से तो नहीं जुड़ा है।दक्षिण जिला पुलिस ने कहा कि पुलिस पिकेट और गरुड़-6 टीम की सतर्कता, त्वरित कार्रवाई और बेहतर समन्वय के कारण आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की बाइक और अवैध हथियार बरामद करने में सफलता मिली। मामले की आगे की जांच जारी है।